असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 05.06.2023 | वर्ष 10, अंक 152

RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

फूलों की सुगंध केवल वायु की दिशा में फैलती है, लेकिन अच्छे व्यक्ति की अच्छाई हर दिशा में फैलती है।

## रांची का तापमान

अधिकतम 36°
न्युनतम 18°

## क्वीक न्यूज

### जून में प्रचंड गर्मी से मिलेगी राहत

**नई दिल्ली** : जून के महीने की शुरुआत भी खुशगवार मौसम से हुई. मई-जून में 48 डिग्री वाला टॉर्चर से लोग अभी बचे हुए हैं. इसबीच मौसम विभाग ने जून को मौसम को लेकर बड़ी जानकारी साझा की है. पिछले कुछ दिनों से देश की राजधानी दिल्ली समेत यूपी, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश और आंधी-तूफान की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं, जिससे तापमान में गिरावट आई है. मौसम विभाग ने आज भी गरज, बारिश और बूंदाबांदी का दौर जारी रहने का पुर्वानुमान जताया है. मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तरी मैदानी इलाकों में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने की वजह से तेज हवाएं चलने के साथ बारिश हो रही है. जिसकी वजह से अभी आगे भी गर्मी एवं लू से राहत मिलती रहेगी. मौसम विभाग ने ये भी कहा कि इस आंधी बारिश की वजह से दिल्ली समेत उत्तर भारत का अधिकतम तापमान फिलहाल 6 जून तक 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहने की उम्मीद है. मौसम विज्ञानियों ने आगे ये भी बताया है कि 5 जून से शुरू हो रहे सप्ताह में पूरे 7 दिन तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार नहीं करेगा. इसलिए माना जा सकता है कि जून के महीने में अभी कुछ और दिन तक लोग चिलचिलाती धूप और गर्मी से बचे रह सकते हैं. मौसम विभाग ने आज भी दिल्ली में गरज और बारिश की चेतावनी जारी की है. आज अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आस पास रह सकता है. हालांकि सोमवार 5 जून को अधिकतम तापमान में मामूली बढ़त देखी जा सकती है. 5 और 6 जून को दिल्ली का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है.

### चार लाख रुपए के साथ 15 जुआरियों को किया गया गिरफतार

**रांची।** इटकी थाना क्षेत्र से जुआ खेलने की सूचना पर थाना प्रभारी अमित ने छापेमारी कर करीब 15 युवकों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि सभी से पूछताछ हो रही है। इनके पास से जुआ खेलने सामग्री और पैसे भी बरामद किए गए हैं।पुलिस सभी का पूरा इनका रिकॉर्ड खंगाल रही है। संभवत इसे गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी हो रही है। हिरासत में लिए गए सरवर हुसैन कुर्गी,मयंक भगत धुर्वा डैम,मोसिम अंसारी पिस्का नगडी,मनीष कुमार सिंह धुर्वा टंकी, सकील अंसारी , बसिला थाना- नगडी, सन्नी यादव सिंह मोड, सुनिल कुमार कोलेबिरा बाजार टांड थाना- कोलेविरा जिला- सिमडेगा, प्रकाश कुमार नायक ओबरिया थाना-एयरपोर्ट,बिरसा उरांव बसिला थाना- नगडी, विनोद मुंडा ओबरिया थाना- एयरपोर्ट, हुसैन गोप गुडू थाना- रातू, अजय महतों नारो थाना- नगडी, मो अरशद गनी इदगाह मोहल्ला थाना जिला - सिमडेगा और चितरंजन महतों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बताया गया सभी जुआ खेलते पकड़ाया है। उनके पास से 4,18,500 रुपया फोर व्हीलर गाड़ी 15, 2 व्हीलर गाड़ी 13 एवं मोबाइल फोन-12 जप्त किया गया।

### मां गंगा के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती रामनाथ कोविंद

**ऋषिकेश :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि जब हम श्रीराम कथा या मां गंगा की बात करते हैं तो उन्हें लगता है कि मां गंगा के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। ठीक इसी तरह से भारत के जीवन से प्रभु श्रीराम के जीवन को निकाल दें तो उसके बिना भारत अधूरा रहेगा। यह बात पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने यहां परमार्थ निकेतन में आयोजित श्रीराम कथा में सपरिवार पहुंचने के उपरांत कहीं। उन्होंने अपनी विगत भेंट और परमार्थ निकेतन की स्मृतियों का स्मरण भी किया। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पत्नी साविता कोविंद और बेटी स्वाति के साथ यहां आए हैं, जिन्होंने गंगा तट पर पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति जनसमुदाय को जागरूक करने, सामाजिक और तात्कालिक समस्याओं के समाधान को समर्पित मासिक 'श्री राम कथा' में सहभाग किया। इस दिव्य कथा का उद्देश्य है कि वैश्विक स्तर पर स्वच्छता, स्वच्छ जल, नदियों का संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त विश्व का निर्माण करने में जन समुदाय को जागरूक करना और पौधरोपण, महिला सशक्तिकरण, शादी से पहले शिक्षा का संदेश प्रसारित कर बाल विवाह को समाप्त करना, नशा मुक्त भारत, भ्रूण हत्या जैसे विषयों पर श्रीराम कथा के मंच से संदेश प्रसारित कर जनसमुदाय को संकल्पित करना है।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा : इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलाव के कारण हुआ रेल हादसा

# रेलवे ने किया सीबीआई जांच की सिफारिस

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर :** ओडिशा रेल हादसे की सीबीआई जांच की सिफारिश रेलवे ने कर दी. ये जानकारी रविवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भुवनेश्वर में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी. उन्होंने बताया कि मेन लाइन पर मरम्मत का काम पूरा हो चुका है. विद्युतीकरण का काम अभी भी जारी है. रेलवे घायल और मृतकों के परिजनों के संपर्क में है. रेलवे ने सिफारिश की है कि जांच सीबीआई से कराई जाए. सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आगे की जांच के लिए सीबीआई को सौंपा जाएगा. इसकी सिफारिश रेलवे बोर्ड की तरफ से किया जा रहा है.इधर ट्रैक को साफ करने और फिर से बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर काम जारी है. इस काम में 1000 कर्मी लगे हुए हैं। इस बीच रेल मंत्री ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह से ट्रैक पर यातायात की बहाली शुरू हो जाएगी.उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने जो कहा वो नहीं, बल्कि हादसे की कोई और वजह रही थी. ममता बनर्जी के आरोपों पर रेल मंत्री ने कहा, इसका कवच से कोई लेना-देना नहीं है. उन्होंने आगे कहा,रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने मामले की जांच की है. यह हादसा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलाव के कारण हुआ.

रेल मंत्री ने कहा कि बुधवार सुबह तक यह ट्रैक चालू हो जाएगा. उन्होंने कहा कि सभी शव निकाल लिए गए हैं और हमारा लक्ष्य बुधवार सुबह तक मरम्मत का काम खत्म करने का है. ताकि इस ट्रैक पर ट्रेनें दौड़ना शुरू हो सकें. उन्होंने कहा,कल प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों पर तेजी से काम चल रहा है.

*** पटरियां बिछाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू, लगे 1000 कर्मी * बुधवार सुबह से रेलवे ट्रैक पर यातायात शुरू होने की उम्मीद**

### पीएम मोदी ने रेल मंत्री को फोन कर मरम्मत कार्य का लिया जायजा, सीएम पटनायक से भी की बात

रेल मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बालासोर ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना स्थल पर बहाली कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए फोन किया। वैष्णव दुर्घटनास्थल पर मौजूद रहे और बहाली कार्य का जायजा लिया। वैष्णव ने कहा कि ओडिशा के बालासोर में बहाली का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। पीएम ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से भी बात की और रेल दुर्घटना पीड़ितों के इलाज के बारे में जानकारी ली. मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि ओडिशा के विभिन्न अस्पतालों में घायल यात्रियों की जान बचाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं. सीएम पटनायक ने कहा कि डॉक्टर, मेडिकल छात्र जान बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं.

### ट्रेन हादसे का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट के एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ पैनल द्वारा बालेश्वर ट्रेन दुर्घटना की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। जनहित याचिका में कवच नामक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए दिशा निर्देश मांगे गए हैं।



### 200 से अधिक शवों की नहीं हो सकी है पहचान : ओडिशा सरकार

ओडिशा में हुए दर्दनाक रेल हादसे में अभी तक 288 लोगों की मौत हो चुकी है. इस बीच ओडिशा सरकार ने कहा है कि 200 से अधिक शव ऐसे हैं जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है. हादसे में मारे गए लोगों की तस्वीरें टेबल में रखी गई हैं और लोगों के तस्वीरों के जरिए अपने मृतक परिजनों की पहचान कर रहे हैं. मारे गए बहुत सारे यात्री प्रवासी मजदूर थे इसलिए उनके परिवार धीरे-धीरे ओडिशा पहुंच रहे हैं.

**सिर्फ कोरोमंडल एक्सप्रेस हादसे का शिकार हुई : रेलवे बोर्ड:** रेलवे बोर्ड की सदस्य जया वर्मा ने कहा कि सिर्फ कोरोमंडल एक्सप्रेस हादसे का शिकार हुई है. उन्होंने कहा कि हम कुछ गलतफहमियों को लेकर जानकारी देना चाहते हैं.उन्होंने कहा कि बालासोर जिले में बहनगा बाजार रेलवे स्टेशन है. यहां कोरोमंडल एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस स्टेशन पर जो दूसरी गाड़ियां खड़ी थीं, वह इसकी चपेट में आ गईं. उस समय स्टेशन से दो मेल एक्सप्रेस गाड़ियों को अलग-अलग दिशाओं से गुजरना था. स्टेशन पर दो मेन लाइन हैं, जहां ट्रेन बिना रुके जाती है और बगल में जो 2 लाइन हैं, उन्हें लूप लाइन कहा जाता है, जहां हम गाड़ी को रोकते हैं.

### बालासोर पहुंचे झारखंड के अधिकारी व चिकित्सक अस्पताल में जाकर घायलों से मिले

**रांची :** ओडिशा के बालासोर जिले में बहानगा रेलवे स्टेशन के समीप दो जून की शाम हुए भीषण और ह्रदय विदारक रेल दुर्घटना के पीड़ितों की मदद,राहत और इलाज के लिए झारखंड सरकार पूरी तरह से संवेदनशील और तत्पर है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर श्रम सचिव के नेतृत्व में आला अधिकारियों और डॉक्टर की टीम ने आज बालासोर में घटनास्थल का जायजा लिया और इस हादसे में झारखंड के पीड़ितों से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली। ज्ञात हो कि इस दुर्घटना में अब तक 275 यात्रियों की मौत हो चुकी है, जबकि 1000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में झारखंड के 3 लोगों की दुःखद मौत हुई जबकि 61 लोग घायल हुए हैं। झारखंड के अधिकारियों की टीम बालासोर जिला अस्पताल पहुंची, जहां ट्रेन हादसे में घायल यात्रियों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा टीम ने एनओसीसीआई बिजनेस पार्क पहुंचकर, जहां मृतकों के शवों को रखा गया है, जानकारी ली। झारखंड टीम ने त्वरित पहल करते हुए अस्पताल से इलाजरत गोड्डा जिले के चार घायलों को डिस्चार्ज करा कर उन्हें उनके गोड्डा स्थित आवास भेजने की व्यवस्था की। वहीं, ट्रेन हादसे में गोड्डा जिले के जिन 2 यात्रियों की मौत हुई, उनके पार्थिव शरीर को भी उनके घर भेजने की व्यवस्था की गयी, जबकि एक मृत यात्री की शिनाख्त करने की प्रक्रिया जारी है। सभी घायलों से निरंतर संपर्क बनाकर झारखंड सरकार हर जरूरी मदद पहुंचाने का काम रही है। झारखंड से बालासोर पहुंचे टीम में टीम में सदर अस्पताल रांची के सर्जन डॉ. अजीत कुमार,रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा, श्रम सचिव राजेश शर्मा सहित दो लोग शामिल हैं।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को ही ट्वीट कर कहा था कि झारखंड सरकार के अधिकारियों और डॉक्टर की एक टीम सुबह हेलीकॉप्टर से ओडिशा के लिए रवाना होगी। यह टीम बालासोर में भर्ती झारखंड के यात्रियों से मुलाकात करेगी और उन्हें हरसंभव मदद देगी।



## रांची और पटना के बीच जल्द दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन, नया रूट तैयार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची से पटना के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के जल्द दौड़ने की उम्मीद बढ़ गई है। रांची से बरकाकाना, हजारीबाग टाउन और कोडरमा होकर पटना तक चलने वाली ट्रेन के लिए बरकाकाना- रांची के बीच नया रेल रूट तैयार हो गया है।रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन के चलने की तारीखों में बार-बार कई कारणों से परिवर्तन होता रहा है। इसी बीच रांची से पटना के बीच चलने वाली वन्दे भारत ट्रेन को लेकर नई सूचना आई है कि ट्रेन के लिए नया रेल रूट तैयार हो चुका है और अब इसका परिचालन जल्द ही शुरू हो जाएगा। नया रूट तैयार हो जाने से रांची से बरकाकाना तक का घुमावदार सफर खत्म होगा। 63 किमी लंबी नई रेल लाइन तैयार होने से रांची से बरकाकाना तक की दूरी 46 किमी कम हो जाएगी।

जल्द ही इस रूट पर वन्दे भारत ट्रेन की सेवा शुरू कर दी जाएगी। ये ट्रेन बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा होकर पटना तक जाएगी। इसके लिए नया रेल रूट बनकर तैयार हो गया है। इस नए रूट के बीच सिधवर, हेहल, दरिदाग, सांकी, झांझीटोली, हुंडूर और मेसरा स्टेशन नए स्टेशन बनाये गए हैं। हालांकि, अभी तक रेलवे की ओर से इस ट्रेन के परिचालन का तारीख की घोषणा नहीं हुई है। रांची-बरकाकाना रूट तैयार हो जाने से सबसे पहले इस मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। इसके साथ रांची पहुंचने के लिए वैकल्पिक कनेक्टिविटी मिल जाएगी, जिससे दूसरी ट्रेनें भी चलाई जा सकेंगी। मौजूदा रूट पर ट्रेनों का दबाव कम होगा। रेलवे के अनुसार, नई ट्रेनों के लिए रांची-पटना रूट तैयार है। बरकाकाना-रांची नए रूट के साथ ही जारंगडीह से पतरातू तक 85 किमी रेल मार्ग का दोहरीकरण भी पूरा हो चुका है। इससे धर्मल पावर प्लांटों को कोल परिवहन के लिए भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

## चाईबासा में पांच-पांच किलो के दो आईईडी बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा)।** जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मारादिरी गांव से कुईड़ा के बीच जंगली पहाड़ी क्षेत्र से पुलिस ने पांच-पांच किलो के दो आईईडी बम बरामद किया है।

एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि गत 27 जून से एक अभियान टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका, अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र और गोईलकेरा थाना के कुईड़ा एवं मारादिरी गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में रविवार को सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाए गए दो आईईडी बम बरामद किया गया। दोनों आईईडी को सुरक्षाबलों ने डिफ्यूज कर दिया। इलाके में सर्च अभियान जारी है



# सीओ ने अवैध रूप से संचालित चिमनी ईट भट्ठा को किया ध्वस्त, कारोबारियों में हड़कंप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के अमहर गांव में पचफेड़ी टोला बाकी नदी स्थित पिछले कई महीनों से अवैध रूप से संचालित चदरा चिमनी इट भट्ठा को खनन पदाधिकारी नन्ददेव बैठा और अंचलाधिकारी निधि रजवार ने ध्वस्त कर दिया। इसकी जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी निधि रजवार ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध ढंग से संचालित चिमनी इट भट्ठा के खिलाफ विशेष अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि दो चदरा वाले इस चिमनी भट्ठा में भट्ठा मालिक के द्वारा आग लगाई गई थी। जिसे ध्वस्त किया गया है। थाना क्षेत्र में अवैध चिमनी भट्ठा को किसी भी परिस्थिति में चलने नहीं दिया जाएगा। इस अवैध कारोबार के जरिए सरकार को भारी राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही थी। इसी आलोक में चिमनी भट्ठा को ध्वस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि यह 501 मार्का चिमनी भट्ठा गढ़वा के सुनील कुमार मेहता पिता कृष्णा महतो का बताया जा रहा है। अवैध रूप से संचालित 501 चिमनी भट्ठा को पदाधिकारी के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। भट्ठा स्थल पर लगभग 10 लाख इट भट्ठा मालिक के द्वारा स्टॉक कर रखा गया था। स्टॉक ईट को जब्त कर कार्यवाई करने की बात पर खनन पदाधिकारी नन्ददेव बैठा ने कहा कि कोर्ट का चक्कर लगाना पड़ता है। इस लिए भट्ठा पर कानूनी कार्यवाई नही करेंगे। उन्होंने मौके पर अपनी बचाव करते हुए सीओ को कार्यवाई करने के लिए कहा है।ज्ञात हो कि अमहर बाकी नदी स्थित संचालित चिमनी इट भट्ठा को 2 वर्ष पूर्व भी ध्वस्त किया गया था। इट भट्ठा ध्वस्त कर सभी इट को जब्त करते हुए संचालक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज भी कराई गई थी, लेकिन इस बार भट्ठा मालिक पर कोई कार्यवाई नही किये जाने को लेकर खानापूर्ति किये जाने की चर्चा जोरों पर है।वही अंचलाधिकारी निधि रजवार के द्वारा एक के बाद एक बड़ी कार्यवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गई है। एक महीने पूर्व ही अंचलाधिकारी ने पिपरी कला बालू घाट से अवैध बालू उत्खनन कर रहे हैं सात ट्रैक्टर को पकड़ कर अवैध कारोबारियों की कमर तोड़ दी थी। इसके बावजूद भी अवैध कारोबारी बेखौफ होकर कारोबार करने में लगे हुए हैं। खबर लिखे जाने तक इट भट्ठा एवम संचालक के ऊपर कोई कार्यवाई नही की गई है। मौके पर बिशुनपुरा थाना पुलिस पदाधिकारी के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# स्वागत के साथ किया मक्का-मदीना हज के लिए रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर प्रखंड के अलग-अलग क्षेत्र से दो जायरीन मक्का-मदीना हज़ के लिए रवाना किया गया मंदेया से जायरीन हाफिज मुनीर आलम,अलीपुर से शमशुद्दीन अंसारी को स्थानीय लोगो ने सरैडीह मोड़ पर फूल-माला पहनाकर इस्तक़बाल किया। जायरीन हाफिज मुनीर आलम, और शमशुद्दीन अंसारी ने कहा कि मक्का-मदीना जा कर हुज़ूर स0 आ0 के दर पे जाकर छतरपुर प्रखंड के साथ-साथ अपने मुल्क में अमन-चैन भाईचारगी और तरक्की के लिए दुवाएं करेंगे। आज शक्तिपुँज एक्सप्रेस से कोलकता के लिए रवाना हुए वहाँ से 7 जून को हवाईजहाज से मदीना के लिए रवाना होंगे मदीना में सभी अरकान पूरा करने के बाद मक्का आकर सारे अरकान पूरा करने के बाद 18 जुलाई को अपने मुल्क आएंगे स्वागत करने वालो में हाजी जिन्नत अंसारी, हाजी कुद्दुस अंसारी, हाजी ताज्जिम अंसारी, मौलाना जुनैद मिस्बाही, करि असलम साहब, कुर्बान अली, अमिन अंसारी करि खुर्शीद साहब, मोहन गुप्ता, असगर हुसैन सहित सैकड़ो के तादात में लोग उपस्थित थे।

## प्रेम प्रसंग मामले में युवक को पीटकर किया घायल

**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के मकरी गाँव में रविवार को प्रेम प्रसंग के मामले में लड़की के परिजनों ने गाँव के ही एक युवक फैजाम अंसारी पिता मकबूल अंसारी को मारपीट कर घायल कर दिये जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसारी मकरी गाँव निवासी फैजाम अंसारी का उसी गाँव के अकबर अंसारी की लड़की हसीना खातून के साथ बिगत पांच वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों अपनी मर्जी से घर से कहीँ भी आ जा रहे थे। रविवार को फैजाम अंसारी अपनी प्रेमिका हसीना खातून को साथ लेकर कहीँ जाना चाह रहा था, लेकिन उसके साथ जाने से इंकार कर दी। जोर जबदस्ती करने पर लड़की के माँ बाप और उसके परिजनों ने फैजाम अंसारी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## विश्रामपुर के बरवाडीह मुख्यपथ पर हुई सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बी मोड़ विश्रामपुर मुख्यपथ पर बरवाडीह गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक 25 वर्षीय युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी है। घटना करीब साढ़े आठ बजे रात की बताई जा रही है।। जानकारी के अनुसार बरीगवां के 25 वर्षीय विकास कुमार पासवान की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी है। मृतक का बाइक घटनास्थल पर ही बगल में पड़ी हुई थी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना कैसे हुई है अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। विकास को सड़क पर गिरा हुआ देखकर एक टेम्पू चालक ने उसे विश्रामपुर सीएचसी पहुंचाया लेकिन तबतक उसकी मौत हो गयी थी।

## छतरपुर डुमरिया मुक्त जर्जर, खतरा का दे रहा है संकेत



**नौडीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौडीहा बाजार प्रखंड के छतरपुर -डुमरिया मुख्य पथ बारा मोड़ के पास सड़क के स्थिति काफी जर्जर बनी हुई और कभी भी इस सड़क मे दुर्घटना के की संभावना बनी रहती है। और इस मुख्य पथ मे रोजाना ओभर लोड हाईवा का परिचालन होता है, जिसके कारण काफी गाढा बन गई। प्रतिदिन बाइक असंतुलन हो गिर जाते है, कभी कभी तो बड़े गाड़ी भी दुर्घटना होने से बाल बाल बच जाती है। इस सड़क पर पथ निर्माण के कोई अधिकारी का नज़र नहीं जा है, और न् कोई जन प्रतिनिधि का भी ध्यान नहीं जा रहा है। अगर माईंस मालिक के द्वारा भी थोड़ा भी ध्यान होता तो गढे पत्थर के टुकड़े भी डाल देते तो खतरा कुछ कम हो सकता था, लेकिन उनकी भी नज़र नहीं पड़ रही है। कब तक लोग खतरा के नेवता देने के लिए मजबुर रह सकते है।

# विश्व योगा दिवस को लेकर 134 बटालियन ने निकली बाइक रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** नौडीहा बाजार थाना सीआरपीएफ 134 ए /बी संयुक्त रूप से आज नौडीहा पेट्रोल पंप से थाना होते हुए पुरानी थाना के तक अंतराष्ट्रीय योगा दिवस को लेकर सहायक कामांडेड श्री आनंद कुमार एवम थाना प्रभारी अमन कुमार के नेतृत्व मे बाइक रैली निकली गई। उक्त मौके पर श्री आंनद कुमार ने बताया कि आज अगर निरोग रहना है तो योगा करना एक बहुत जरुरी है, योगा करने से शरीर स्वास्थ रहता है।योगा करने से रक्तचाप और हृदय गति पर नियंत्रण रखता है और शरीर को आराम देता है। वहीं पर थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि योगा से तनाव कि समस्या कम और शरीर के समन्वयक स्थापित करता है और बेहतर नींद मे काफी मददगार बनती है। मौके पर डगरा - कुहकुह के पिकेट प्रभारी, सीआरपीएफ जवान के अधिकारी आर एन प्रसाद सहित सीआरपीएफ के 134 बटालियन के सैकड़ो जवान मौजूद थे।

# बिजली उपभोक्ताओं में बढ़ा आक्रोश, किया प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** इन दिनों भीषण गर्मी में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की घोर संकट उत्पन्न हो गई है। इसे लेकर स्थानीय डाक बंगला परिसर में रविवार को बिजली उपभोक्ता संघ की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और बिजली विभाग तथा यहां के जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया। कहा कि अगर बिजली की समस्या में सुधार नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन करने पर बाध्य हो जायेगी। युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि नियमित बिजली नही मिलने के बाद भी बिजली उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान करते आ रहे हैं। बिजली की समस्या में सुधार को लेकर उपभोक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही विद्युत महाप्रबंधक पलामू से मिलकर हरिहरगंज में हो रही बिजली कटौती में सुधार तथा जर्जर विद्युत तार पोल बदलने की मांग करेंगे। व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर उपभोक्ताओं द्वारा चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। मौके पर विश्वदीप कुमार, अनुज कुमार, राजेश रंजन मिश्र, कृष्णा कुमार साव, ज्ञान प्रकाश, विजय प्रजापति, शंभू यादव, संतोष कुमार, दिनेश पासवान, अभिषेक, सोनू, विनोद पासवान, मोती शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, रेल केवल ठेकेदार शव को अस्पताल में छोड़कर हुआ फरार

**मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी रेलवे स्टेशन के नजदीक ट्रेन से गिरकर रविवार की सुबह एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पलामू जिले के रेहला निवासी विनोद चौधरी का पुत्र पंकज कुमार चौधरी मोहम्मदगंज निवासी रेल केबल ठेकेदार विकास चौधरी के पास केवल तार का काम करता है था। रविवार की सुबह पंकज अचानक ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद ठेकेदार और अन्य कर्मियों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान पंकज की मौत हो गई। इसके बाद ठेकेदार विकास चौधरी के द्वारा इस घटना की जानकारी पंकज के परिजनों को दी गई। जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे जहां पंकज को मृत पाया। पंकज के पिता विनोद चौधरी ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा हमें सूचना मिला की पंकज ट्रेन से गिरकर घायल हो गया है। जानकारी मिलने पर जब हम सदर अस्पताल पहुंचे तो देखा कि पंकज की मृत्यु हो चुकी है। और ठेकेदार सहित अन्य कर्मी सदर अस्पताल से फरार हो चुके हैं और अपना अपना मोबाइल भी स्विच ऑफ कर दिए हैं। इसके बाद इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। वही मृतक के पिता विनोद का कहना है कि यदि ट्रेन से गिरकर हमारे पुत्र की मौत हुई है तो फिर ठेकेदार और अन्य कर्मी अस्पताल से क्यों भाग गए।और सभी लोग अपना मोबाइल भी स्विच ऑफ कर दिए है।

## भाजपा नगर मंडल ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान, गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** भाजपा विश्रामपुर नगर मंडल इकाई की ओर से नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड तीन में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। जहां लोगों को मोदी सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। विदित हो कि केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरा होने पर भाजपा पूरे देश में महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। जिसके तहत भाजपा नेता-कार्यकर्ता गांव-गांव घर-घर जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। अभियान का नेतृत्व विश्रामपुर नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम के द्वारा किया गया। अभियान में शामिल सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने कहा कि पिछले नौ सालों में मोदी सरकार ने दर्जनों कल्याणकारी योजनाएं चलाई। देश के लिए कई ऐतिहासिक फैसला लिया। मोदी के नेतृत्व में हिंदुस्तान विश्वगुरु बनने की राह पर अग्रसर है। मौके पर संतोष राम, शिव वंश मिश्रा, उदेश्वर यादव, रंजित ठाकुर, रजनीश चंद्रवंशी, नेपाली राम, भिखारी साव, गिरधारी साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## हज यात्री कोलकाता के लिए हुए रवाना परिजनों ने सम्मानपूर्वक किया विदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर से तीन हजयात्री रविवार को कलकता के लिए रवाना हुए। जहां से वे सभी हवाई जहाज से मदीना के लिए प्रस्थान करेंगे। इससे पहले परिजनों व स्थानीय लोगों ने हज यात्रियों को सम्मानपूर्वक विदा किया। हजयात्रियों को समानित करते हुए बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी ने उनसे आग्रह किया की वे मदीना में देश के विकाश व अमन की दुआ जरूर मांगेगे। हज यात्रा पर जाने वाले विश्रामपुर निवासी तस्लीम अंसारी व उनकी पत्नी तथा भलुआनी गांव निवासी ऐनुल अंसारी को लेकर लोग स्टेशन तक जुलुश की शक्ल में गए। मौके पर अनीस अंसारी, निवर्तमान पार्षद सलीमुदीन अंसारी, उस्मान अंसारी, रिजवान अहमद, सफीक अंसारी, जसमुदीन अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# चेकिंग अभियान में 204 बेटिकट यात्री पकड़े गए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज रेलवे धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन से बरकाकाना के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 204 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व एक लाख 28 हजार 625 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। सीआईटी श्री पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊर्जावान साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार की रातभर लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई । जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी । विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

## पुलिस ने सदर अस्पताल से पॉकेटमार को पकड़ा

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना की पुलिस ने रविवार की सुबह एक पॉकेटमार को पकड़ कर उससे पूछताछ के लिए थाना ले गई है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोसिआरा निवासी श्यामलाल प्रसाद चौरसिया अपने बीमार पुत्र बलवंत कुमार चौरसिया का इलाज करवाने मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचा था। श्याम लाल चौरसिया जब अपने पुत्र का डॉक्टर से इलाज करवा रहा था। इसी बीच एक व्यक्ति उसके पीछे खड़ा होकर उसके पॉकेट से पैसा निकाल रहा था। पॉकेट से पैसा निकालने पर श्यामलाल चौरसिया शोर मचाने लगा। इसके बाद अस्पताल कर्मियों के द्वारा इस घटना की जानकारी टाइगर मोबाइल के जवानों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवान सदर अस्पताल पहुंचकर पॉकेटमार को पकड़कर उससे पूछताछ के लिए थाना ले गए। बताते चलें कि आए दिन सदर अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे मरीजों का मोबाइल, पर्स काट कर पैसे की चोरी कर लेना इन पॉकेटमारो के लिए आम बात बन चुका है। जिसके वजह से अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## शौकत खान का सत्तू बैंक गरीबो को पहुचा रहा है राहत



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक वर्ष भांति इस वर्ष भी तपती गर्मी में राहगीरों एवं आमजनों को निःशुल्क सत्तू बैंक खोलकर लाखों जरुरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिए निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान ने सत्तू बैंक की शुरुआत कर दिया है।जहां सुबह से ही जरुरतमंदों की उमड़ने लगती है और प्रतिदिन सैकड़ों ऐसे लोगों को राहत मिलती है जो गांव से शहर में दिहाड़ी मजदूरी करते है और बहुत सारे रिक्शा चालक अउटो चालक समेत कोर्ट कचहरी हास्पिटल प्रखंड में दुर दराज से आए हुए लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। शौकत ख़ान का निःशुल्क सत्तू बैंक जहां ब्रांडेड सत्तू का बना मसालेदार सत्तू का जूस और मटका का पानी उपलब्ध कराया जाता है। पीने वाले लोगों को भर पेट खाने का आग्रह किया जाता है।

# संस्था मौसम व झारखंड पत्रकार संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया शोक सभा का आयोजन

➲हर तीन वर्ष पर किया जाएगा पत्रकार परमानंद चौधरी स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन : सागर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** हुसैनाबाद के गणेशपुरी स्थित ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में रविवार को साहित्यिक संस्था मौसम एवं झारखंड पत्रकार संगठन के संयुक्त तत्वावधान में हुसैनाबाद वरीय पत्रकार परमानंद चौधरी, मनिका के वरीय पत्रकार कौशल किशोर पांडेय एवं उड़ीसा में तीन ट्रेनों की आपसी भिंड़त में सैकड़ों मृत हुए लोगों के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया। मौके पर सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर संस्था मौसम के अध्यक्ष विनोद सागर ने कहा कि पत्रकार परमानंद चौधरी एक सफल पत्रकार के अलावे एक सफल सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। वे सामाजिक संस्था मानस (मानव नवनिर्माण समिति) के अध्यक्ष थे, जिसके बैनर तले वे हर सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। विगत 11 नवंबर 2022 को अचानक ब्रेन हेमरेज होने से काफी अस्वस्थ हो गये थे और उसके बाद 03 जून 2023 को अहले सुबह 05 बजे वे दुनिया को अलविदा कह गये। आगे उन्होंने कहा कि उनकी पत्रकारिता की बलिदानी यूँ ही व्यर्थ नहीं जाने दी जाएगी, बल्कि हर तीन वर्ष पर उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर पत्रकार परमानंद चौधरी स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन ने कहा कि संस्था मौसम से परमानंद चौधरी का गहरा रिश्ता रहा है। हम उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि हम परमानंद के परिवार के साथ हर दुःख की घड़ी में खड़े रहेंगे। सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज हमने परमानंद चौधरी के रूप में समाज का एक सच्चा प्रहरी खो दिया है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में नहीं की जा सकती है। निवर्तमान वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल ने कहा कि परमानंद चौधरी दैनिक भास्कर और बाद में खबर मंत्र में रिपोर्टिंग के द्वारा गरीब-गुरबों की आवाज बनते रहे, वहीं झारखंड पत्रकार संगठन के अनुमंडलीय अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद सिंह ने कहा कि हमने कलम के एक प्रखर योद्धा को खो दिया है, जिससे समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालों ने संस्था मौसम के सचिव सह झारखंड पत्रकार संगठन के अनुमंडलीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार प्रजापति, झारखंड पत्रकार संगठन के महासचिव अरविंद सिंह, संगठन सचिव शैख मुजाहिद हुसैनाबादी, सदस्य बिरजू मेहता, सदस्य अमृत काँस्यकार, मनीष कुमार कश्यप उर्फ गुड्डन, प्रदीप कुमार काँस्यकार, शैलेश कुमार, विनय कुमार सिंह, अनुराग कुमार उर्फ राहुल बाबू, पवन कुमार सिंह, संतन यादव, हिमांशु कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# सहायक शिक्षक संजय पांडेय का रविवार को हुआ दाह संस्कार

➲मौत पर पूर्व सांसद सहित कई लोगों ने जताया शोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** पड़वा - पाटन मुख्य पथ में कोकरसा गांव के पास हाइवा के चपेट में आने से सहायक अध्यापक सह संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय की मौत शनिवार हो गयी। घटना शनिवार की शाम करीब सात बजे की है। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व सांसद मनोज कुमार, बृजमोहन राम, भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, भाजपा नेता उदय शुक्ला, अरूण दुबे , मंडल अध्यक्ष यमुना सिंह, उपेन्द्र मिश्रा,अभय मिश्रा, वशिष्ठ मेहता, अशोक प्रसाद, अशोक तिवारी, लोक कला मंच के अध्यक्ष शिशिर शुक्ला, पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, ऋषिकांत तिवारी, मिथलेश उपाध्याय, अनुराग सिंह,शुधाकर शुक्ला, राणा मनीष सिंह, शशिभूषण सिंह, दिलीप तिवारी, ब्रजकिशोर तिवारी, राजू रंजन, दिलीप सिंह, राजीव तिवारी सहित कई लोग परिजनों से मिलकर इस दुःख की घडी में ढांढस बंधाते हुए शोक व्यक्त किया। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि संजय पांडेय भाजपा के बहुत ही पुराने व समर्पित कार्यकर्ता थे।इनके मौत से भाजपा को भारी नुक़सान हुआ है उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है।मालूम हो कि संजय पांडेय का दाहसंस्कार रविवार को सदाबह नदी घाट पर किया गया। मुखाग्नि इनके पुत्र हेमंत पांडेय ने दिया।

## संक्षिप्त खबरें


### बृजभूषण सिंह के खिलाफ अंबा प्रसाद चलायेगी मुहिम

**रांची।** पिछले महीनों से देश के कई नामी-गिरामी पहलवान धरना प्रदर्शन पर हैं। ये सभी पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर एक नाबालिग समेत कई महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का एफआईआर सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाने के बाद दर्ज हो पाया। अभी भी भाजपा अपने सांसद को बचाने में लगी है। महिला सुरक्षा और सम्मान को सूली पर लटका के पीड़ित पहलवानों को तरह तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। इसे लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा आगरा में 5 जून को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को कांग्रेस पार्टी की तरफ़ से पार्टी के महासचिव एवं राज्यसभा सांसद वरिष्ठ कांग्रेसी जयराम रमेश ने ज़िम्मेदारी दी है। विधायक अंबा प्रसाद संवाददाता सम्मेलन लिए आगरा रवाना हो गई है।

### रांची से दुमका के लिए रवाना हुआ ट्रक गायब

**रांची** । सदर थाना क्षेत्र के शांति नगर निवासी संतोष कुमार ने सदर थाना में ट्रक चोरी का मामला दर्ज कराया है।उन्होंने बताया कि 29/04/2003 की एग्रिमेन्ट के अनुसार एलपीटी गाड़ी संख्या झ्ह्व01 ईटी 4225 और यह गाड़ी लोहरदगा जिला कुडू निवासी फिरोज अंसारी से एग्रीमेंट कराया था। मेरा चालक सूरज जो बिहार का रहने वाला है वही ट्रक रांची से दुमका के लिए रवाना हुआ था। चालक पहले चड्डा पेट्रोल पंप से पेट्रोल भराने गया था, इसके बाद से ट्रक गायब है। इस संबंध में सदर थाना में चोरी का मामला दर्ज कराई गई है । मुझे बताया गया कि ट्रक चोरी हो गई है, लेकिन अभी तक पुलिस चोरी का पता नहीं लगा पायी है । यह घटना 20 मई 2023 की है । शुरुआत में स्थानीय थाना केस लेने से भी इंकार करती रही और फिर दुमका भेज दिया गया , दुमका पुलिस फिर मुझे रांची भेज दिया, तब जाकर सदर थाना में मामला दर्ज हुआ।

# रांची के चार केंद्रों पर संपन्न हुई जेईई की परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस की परीक्षा रविवार को रांची के चार केंद्रों पर हुई। आईआईटी गुवाहाटी की इस परीक्षा में शामिल होने के लिए देशभर से लगभग 1.95 लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है।

रांची में जिन चार परीक्षा केंद्रों में परीक्षा हुई, उसमें आईऑन डिजिटल जोन तुपुदाना, आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ओरमांझी, अरुनुमा टेक्निकल सेंटर सामलौंग और एसआरएस पार्क आईऑन डिजिटल जोन टाटीसिल्वे शामिल हैं। जेईई एडवांस की परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ से दिन के 12 बजे तक चली। दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 2॰30 से शाम 5॰30 बजे तक चली। चारों केंद्रों में आयोजित इस जेईई एडवांस परीक्षा में 2768 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड यानी ऑनलाइन संचालित हुई। जेईई एडवांस में सफल होने के लिए परीक्षार्थियों को दोनों पेपर की परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा। परीक्षा केंद्र के अंदर विद्यार्थी अपने साथ किसी भी प्रकार का मेटल का सामान नहीं ले जाना था। परीक्षा शुरू होने पर पूर्व परीक्षा केंद्र में प्रवेश करते समय सभी अभ्यर्थियों की जांच की गयी। अभ्यर्थियों के पास मेटल, स्मार्ट वाच या डिजिटल डिवाइस आदि थे। सभी चीजों को जांच स्थल पर ही रख दिया जा रहा था। परीक्षार्थी को अपने साथ केवल एडमिट कार्ड और एक पहचान पत्र ही लेना जाना था।

# नशा मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास और सहयोग की जरूरत : सीपी राधाकृष्णन

**राज्यपाल ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में आयोजित नशा मुक्ति अभियान में भाग लिया**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान की सफलता अकेले सिर्फ एक संगठन की जिम्मेदारी नहीं है, इसके लिए समाज के सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास व सहयोग करने की आवश्यकता है। राज्यपाल प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में हरमू रोड रांची स्थित कार्यालय में रविवार को आयोजित नशा मुक्ति अभियान के अवसर लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नशाखोरी आधुनिक समाज की सबसे ज्वलंत समस्याओं में से एक है। कई मायनों में यह लाईलाज बीमारियों से भी अधिक खतरनाक है। नशीली दवाओं के सेवन से उनका जीवन तो बर्बाद होते ही हैं, उनके परिवार को भी बहुत पीड़ा का सामना करना पड़ता है। राज्यपाल ने कहा कि मादक द्रव्यों का सेवन एक गंभीर मुद्दा है जिसने हमारे समाज को बहुत लंबे समय तक त्रस्त रखा है। इससे अनगिनत लोगों की जान गई है, व्यक्तियों, परिवारों और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान के आयोजन लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए कहा कि नशीले पदार्थो के सेवन व इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा भी 5 सूत्री कार्यक्रम के तहत, जिसमें नशीले पदार्थों का उन्मूलन शामिल था, 93 दिनों तक लगातार 19 हजार किलोमीटर की रथ यात्रा निकाली गई थी। राज्यपाल ने कहा कि विडम्बना है कि कुछ लोग जानकारी के अभाव में नशीली दवाओं के दुरुपयोग में संलिप्त हो जाते हैं। स्वार्थी लोगों द्वारा अपने गलत उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मासूमों को नशीली दवा दी जाती है, ऐसे कई उदाहरण भी सामने आए हैं।

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का किया आभार व्यक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नव नियुक्त आवासीय बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, नव नियुक्त सदस्य राकेश सिन्हा ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मिलकर उन्हें गुलदस्ता देकर आभार परकट किया। और कहा की प्रदेश नेतृत्व की मजबूती और सरकार से बेहतर संबंध का परिणाम है बोर्ड निगम का गठन द्यप्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने नवनियुक्त अध्यक्षों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी लोग अनुभवी है मुझे पूरी उम्मीद है की इमानदारी पूर्वक आप सभी लोग अपने कार्येका निर्वाण करेंगे।बधाई देने वालों में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजराजेंद्र प्रताब देव प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर एम तौसीफ, गजेन्द्र सिंह सूर्यकांत सुकला आलोक तिवारी मोबिन अंसारी शामिल थे।

# रांची में 45 साल के शख्स ने की नाबालिग से शादी, मामला दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 साल की नाबालिग लड़की ने 45 साल के शख्स से जबरदस्ती शादी कराने का आरोप अपने मौसी और ममेरे भाई पर लगाया है। उसने जगन्नाथपुर थाने में केस दर्ज कराया है।

पीड़ित नाबालिग ने शिकायत में कहा है कि उसकी मौसी और उसके ममेरे भाई ने साजिश रचकर काम के साथ पढ़ाई कराने के बहाने 45 साल के आदमी से उसकी शादी करा दी। उसने पुलिस को बताया कि वह खूंटी के एक स्कूल में पढ़ रही थी। नवंबर 2022 को मां से खर्च के पैसे लेने के लिए रांची आई थी।




इस दौरान बिरसा चौक के पास उसकी मौसी और उसका ममेरा भाई काम के साथ पढ़ाई कराने की बात कहकर बाइक से उसे बोकारो के रीतूडीह ले गए।

कुछ दिनों के बाद उसका सौतेला भाई उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर मौसी उसे ही डांटने लगी और चुप रहने को कहा। आरोपितों ने उसे तुलसी पिंडा में बैठाया और तीन लोगों के सामने उसके मौसेरे भाई से शादी करा दी। आरोपित ने उसके साथ जबरदस्ती संबंध भी बनाया। नाबालिग ने आरोप लगाया कि ससुर ने भी उसके साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर उससे 20 हजार रुपये मांगने लगा। इसके बाद वह किसी भी तरह से भागकर रांची पहुंची। उसकी मां उसे अस्पताल ले गई तो पता चला कि वह गर्भवती है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# झील बचाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झील बचाओ अभियान समिति राँची के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में समिति के द्वारा राँची झील को बचाने के लिए राँची झील के मुख्य घाट के समीप हस्ताक्षर अभियान चलाया गया ।हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष अरुण बुधिया के द्वारा किया गया, जिसके बाद राँची झील को बचाने के लिए सैकड़ो लोगो ने हस्ताक्षर किया । मिश्रा ने कहा कि रांची झील में सेवा सदन के समीप गंदे नाले के पानी का राँची झील में प्रवेश होने के कारण पानी दूषित हो गया है एवं बदबू देने लगा है जिससे मच्छर फैल गए है एवं महामारी का खतरा फैल गया है। राँची झील बचाओ अभियान समिति के द्वारा उच्च न्यायालय से इस विषय को संज्ञान में लेकर राज्य सरकार एवं नगर निगम प्रशासन से अभिलंब राँची झील की साफ सफाई हेतु उचित कार्यवाही करने एवं राँची झील को बचाने के लिए उचित कदम उठाने का दिशा निर्देश दिए जाने की मांग की ।

हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में अरुण बुडिया , अशोक पुरोहित , रमेश केडिया , लंकेश सिंह , इंदर सिंह , परवेज आलम , राहुल सिन्हा चंकी , अनिल तिवारी , प्रेम प्रसाद , भोला जी , मो मजहर , कैलाश केसरी , सहित सैकड़ों की संख्या में लोगो ने भाग लिया ।

# एक्का वर्ल्ड में समर हॉलिडे में बच्चों ने की मस्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एक्का वर्ल्ड,मछलीघर के द्वारा आयोजित किए जा रहे समर हॉलिडे कार्यक्रमों के सुपर संडे श्रृंखला में कार्टून संडे पर स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चे मिकी माउस, पोकीमॉन, छोटा भीम,डोनाल्ड डक,लिटल कृष्णा,लिटिल सिंघम,आदि बन कर आए थे। कार्टून कैरेक्टर से जुड़े सवालों पर आधारित क्विज टाइम भी हुआ। सभी विजेताओं को



पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एक्का वर्ल्ड में एक कार्टून सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था।बच्चों ने भी कार्टून कैरेक्टर के साथ खूब सेल्फी ली। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने जमकर डांस का धमाल मचाया।इस अवसर पर एक्का वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव और को चेयरपर्सन डॉ विद्या झा उपस्थित थी।संचालन श्रेया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निदेशक गण सत्यप्रकाश चंदेल, सुमित, संतोष ,धीरज,हसन,आदि का योगदान रहा।

कार्टून क्विज के विजेताः सौरभ, हर्षिता, रुद्रा ,नायरा, सार्थक कृष्णा, अताशी ,निमेश, मानसा,सामिया।

# भाजपा में शामिल हुए झामुमो-कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में सैकड़ों झामुमो, कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष झामुमो दलित मोर्चा पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष बलदेव भुइयां के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।सदस्यता ग्रहण करने वालों में छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र में झामुमो के प्रत्याशी रहे रविंद्र राजू, पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव गणेश शंकर विद्यार्थी



सहित भुइयां समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को पार्टी का पटका और फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सुबोध सिंह गुड्डू ने 7820078200 नंबर डायल कराकर सदस्यता दिलाई।मिलन समारोह को संबोधित करते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि झामुमो कांग्रेस राजद ठगबंधन दलों से आदिवासी दलित पिछड़े वर्गो का मोह भंग हो गया। क्योंकि, इस ठगबंधन सरकार ने लगातार जनता को छलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने झारखंड के सपने को चकनाचूर किया है। इस अवसर पर जमशेदपुर एमजीएम मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह मुंडा, सुंदर नगर मंडल अध्यक्ष चंचल चटर्जी , कमलपुर मंडल अध्यक्ष प्रधान चंद्र महतो, बोड़ाम मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी सहित जमशेदपुर एवं पलामू से आए सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# वर्ष 2018 से वर्ष 2023 मई तक ट्रैफिक पुलिस ने पांच लाख 82 हजार 351 चालान काटे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राजधानी रांची में ट्रैफिक पुलिस नियमों का पालन कराने के लिए वर्ष 2023 एक जनवरी से लेकर मई तक बिना हेलमेट के 3375 लोगों का चालान काटा है। साथ ही ट्रिपल राडिंग के उल्लंघन में 2622 चालान काटे गये है। इसी प्रकार वर्ष 2018 में बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने, बाइक पर ट्रिपल राडिंग करने, सीट बेल्ट नहीं लगाने, बिना लाइसेंस के वाहन चलाने सहित अन्य ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने पर 93186 चालान काटे गये है। वर्ष 2019 में 158383, वर्ष 2020 में 154533, वर्ष 2021 में 77446, वर्ष 2022 में 75279 और वर्ष 2023 में मई तक 23524 चालान काटे गये है। वर्ष 2018 से वर्ष 2023 मई तक कुल पांच लाख 82 हजार 351 चालान ट्रैफिक पुलिस की ओर से काटे गये हैं। ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां ने रविवार को बताया कि लोगों को ट्रैफिक नियम के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद लोग ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसलिए चालान काटा जा रहा है, जिससे लोग ट्रैफिक नियम के प्रति जागरूक हो सकें।

## पंचायती राज संस्थाओं का ऑनलाइन ऑडिट आज से

**रांची** : राज्य के पंचायती राज संस्थाओं का शत-प्रतिशत ऑडिट का काम पांच जून से प्रारंभ होगा। वित्तीय वर्ष 2021-22 का यह ऑडिट किया जायेगा। इस बार ऑडिट का सारा कार्य ऑनलाइन माध्यम से ही किया जायेगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार ऐसा किया जा रहा है। अंकेक्षण विभाग द्वारा निर्देशित सीए फर्म एवं स्थानीय निकाय संपरीक्षा निदेशालय, डीएलएफए की ओर से किया जायेगा। इसके लिए ऑडिट ऑनलाइन के माध्यम से अंकेक्षण कार्यक्रम पांच जून से शुरू होगा।

# बिजली दर और फिक्स चार्ज में वृद्धि गलतः लंबोदर महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने रविवार को बिजली दर और फिक्स चार्ज में की गई वृद्धि को जनहित के विरुद्ध करार दिया है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। इसके बावजूद बिजली दर में वृद्धि कर लोगों को जोर का झटका दिया गया है।

उन्होंने कहा कि शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र दिन हो या रात हर घंटे बिजली कटती है। भीषण गर्मी में यह असहनीय हो जाती है। लोगों को निर्बाध रूप से बिजली नहीं मिल पा रहा है। बिजली कटने से लोगों को रतजगा करना पड़ रहा है। इससे



लोगों के दिनचर्या पर बुरा असर पड़ रहा है। कई स्थानों पर बिजली के नाम पर लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। लो वोल्टेज की वजह से पंखा चल नहीं रहा है और जलापूर्ति भी नहीं हो रही है। कहीं-कहीं तो तकनीकी खराबी आने पर मेंटेनेंस के नाम पर अलग से बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था की स्थिति खराब है।

इस भीषण गर्मी में बिजली की कटौती से जहां लोग बेहाल हैं, वहीं उद्योग धंधे भी प्रभावित हो रहे हैं। बिजली की आंख मिचौली के बीच ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत भी आ रही है। जल संकट भी बना हुआ है। बिजली आपूर्ति नहीं होने से गांव के किसान खेतों में पानी नहीं पटा पा रहे हैं। फसल को नुकसान हो रहा है। शहरों में भी सुचारू रूप से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। पंखा हिलाकर गर्मी को भगाने में लगे हुए हैं। साथ ही लालटेन जलाकर घर को उजाला करने में लगे है। हमारे विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंडों में बिजली कटौती कई-कई घंटे की जा रही है। जनजीवन प्रभावित है।

# 20 जून से शुरू होगा जगन्नाथपुर मेला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा में 10 दिनों तक चलने वाले ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मेला 20 जून से शुरू होगा। इस मेले का समापन 29 जून को घूरती रथ यात्रा के साथ होगा। रथ यात्रा की तैयारी अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इस यात्रा को लेकर पुलिस तथा प्रशासन भी इसकी तैयारियों में जुट गई है। रांची के जगन्नाथपुर मंदिर में रविवार को भगवान जगन्नाथ के साथ उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा कि सहस्त्रधारा स्नान विधि की गई। जगन्नाथपुर मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। ज्येष्ठ पूर्णिमा को भगवान जगन्नाथ को 108 घड़ों के ठंडे पानी से स्नान स्नान कराया गया। इसके बाद भगवान को बुखार आ गया।15 दिनों तक भगवान जगन्नाथ को एकांत में एक विशेष कक्ष में रखा जाता है, जहां केवल उनके वैद्य और निजी सेवक ही उनके दर्शन कर सकते हैं। भगवान जगन्नाथ के मंदिर के कपाट भी बंद रहेंगे। इसके बाद 15वें दिन मंदिर के कपाट खुलेंगे



और भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों को दर्शन देंगे। फिर जगन्नाथ रथ यात्रा का प्रारंभ होगा। रथ यात्रा के आरंभिक चरण में भगवान जगन्नाथ को स्नान कराया जाता है, उसके बाद रथ यात्रा निकाली जाती है।हर साल एक बार भगवान जगन्नाथ को स्नान कराया जाता है, जिसे स्नान यात्रा भी कहते हैं। स्नान यात्रा करने के बाद 15 दिन के लिए भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ जाते हैं। 15 दिन के लिए मंदिर को बंद कर दिया जाता है। यहां तक भगवान जगन्नाथ की रसोई भी बंद कर दी जाती है। भगवान को 56 भोग भी नहीं खिलाया जाता। 56 भोग की जगह भगवान को 15 दिनों तक काढ़ा का भोग लगाया जाता है। इस दौरान भगवान को आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का भी भोग लगाया जाता है। भगवान को काढ़े के अलावा फलों का रस भी दिया जाता है। साथ में शीतल लेप भी रोज लगाया जाता है।

# अमर बलिदान की अमर स्मृति है भगवान बिरसा मुंडा जेल संग्रहालय : दीपक प्रकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने रविवार को पार्टी की ओर से आयोजित विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत रांची के पुराना जेल भवन स्थित भगवान बिरसा मुंडा पार्क और संग्रहालय का भ्रमण किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि यह ऐतिहासिक शहीद स्मारक झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता के लिए तीर्थ स्थल के समान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा के डबल इंजन की सरकार ने इसे विकसित और महिमा मंडित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भगवान बिरसा के शहादत स्थल को ही विकसित नहीं किया, बल्कि उनकी जन्म तिथि को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाकर पूरी दुनिया में झारखंड का गौरव बढ़ाया। भगवान बिरसा का बलिदान केवल अंग्रेजी दासता के खिलाफ नहीं, बल्कि झारखंड की संस्कृति और पहचान को नष्ट करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ था। उन्होंने कहा आज भी झारखंड की पहचान और संस्कृति को चोट पहुंचाने वाले तत्व सक्रिय हैं। ऐसे तत्वों के मंसूबों को विफल करना ही भगवान बिरसा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा संग्रहालय सचमुच एक तीर्थस्थल है।

## बुण्डू पंचायत सचिवालय में हुई पर्यावरण समिति की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुण्डू पंचायत सचिवालय में रविवार को पर्यावरण समिति की बैठक मुखिया तुलसी तुरी की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।बैठक मे पंचायत के अगल बगल जंगलो को बचाने का संकल्प लिया गया।इसके अलावा जंगलों में अधिक से अधिक पेड़ लगाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।पर्यावरण को सुरक्षित रखने को लेकर ग्रामीणों में जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई।बैठक में विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,पंसस रंजीत तुरी,वार्ड सदस्य नागेश्वर यादव,मोहन करमाली,सुभाष साव,उमेश यादव,संतोष यादव,विश्वनाथ गंझू,अर्जुन प्रजापति,सावित्री देवी,शिवनाथ तुरी,सुरेन्द्र साव,राजेश साव,सिकन्दर साव,रवि साव,सुरज गंझू, संदीप कुमार सहित पर्यावरण समिति के कई पदाधिकारी सदस्य और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## साईं सेवा सदन बहेरा में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा गांव स्थित साईं सेवा सदन में रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।यह जांच शिविर डॉ. सुरेन्द्र राम के नेतृत्व में किया गया।जिसमें बहेरा सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने हिस्सा लिया।शिविर मे चिकित्सकों ने ग्रामीणों का उपचार कर उन्हें कई प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी दी,साथ ही मौसमी बीमारी से बचाव और इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में साईं सेवा सदन के कई चिकित्सक और कर्मचारी मौजूद थे।

## पत्रकार के पिता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : दैनिक अखबार के स्थानीय पत्रकार केदार महतो के पिता 89 वर्षीय नागेश्वर महतो उर्फ चरका महतो का लंबी बीमारी के बाद शनिवार रात अपने पैतृक निवास पाकलमेढ़ी में लगभग ग्यारह बजे निधन हो गया। इनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, उपप्रमुख मोद्दसिर हक सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।दिवंगत अपने पीछे दो पुत्र केदार महतो व देवेन्द्र महतो सहित पूरा भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गए। इनका अंतिम संस्कार रविवार को पाकलमेढ़ी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहां इनके छोटे बेटे ने मुखाग्नी दी। इनके अंतिम संस्कार में पूर्व स्वास्थ्य निदेशक प्रमुख डॉ प्रवीण चंद्र, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार रॉय, भीखा उरांव, आजसू नेता नवदीप महतो, विश्वनाथ गोप, जोहर पार्टी के संस्थापक विजय महतो, भाजपा मंडल महासचिव बलराम सिंह, राजेश साहू, अशोक बैठा, रमेश महतो, पत्रकार सुनील गुप्ता, तबरेज अंसारी, शिव शंकर कुमार, श्रीमंत चटर्जी, सहबान अंसारी , खालीद अंसारी ,कमलेश केशरी, प्रदीप महतो, उज्ज्वल गुप्ता, अफिन्द्र महतो, जोगेन्द्र महतो, मनोज महतो, प्रवीण महतो, सुरेन्द्र महतो, महावीर महतो, सुरेश महतो, पूर्व मुखिया बिरसा उरांव, बुधवा उरांव, रंजीत महतो, नंद लाल महतो, पीताम्बर महतो, वासुदेव महतो सहित कई लोग शामिल थे।

## व्यवसायिक संघ बचरा के सचिव ने हज यात्रियों को दी विदाई

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र से इस वर्ष हज की पाक यात्रा पर जाने वाले हाजी रविवार को राय रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए रवाना हुए।सभी हाजी कोलकाता से हज की यात्रा की शुरुआत करेंगे।रविवार को राय रेलवे स्टेशन पहुंचे हाजियों को बचरा व्यवसायिक संघ के सचिव रविंद्र कुमार सिंह ने सम्मान के साथ विदाई दी।जानकारी के अनुसार राय रेलवे स्टेशन पर मक्का मदीना हज करने जा रहे मंसूर आलम,मैमुन निशा,मोहम्मद तनवीर, मोहम्मद ताहीर,जैनुल अंसारी को बचरा चार नम्बर व्यवसायी संघ के सचिव रवीन्द्र कुमार सिंह ने ससम्मान विदा किया।इस दौरान उन्होंने सभी हाजियो से क्षेत्र राज्य और देश की अमन शांति और आपसी भाईचारगी के लिए दुआ करने की अपील की।इस अवसर पर हाजी तालिब, मोहम्मद अख्तर,मोहम्मद रिजवान,मोहम्मद फैयाज, मोहम्मद नसीम,मोहम्मद एहसान,गोल्डेन,मोहम्मद असगर,मोहम्मद शमशेर, मोहम्मद रिकू,मोहम्मद अताउल,सरफराज आदि कई लोग उपस्थित थे।

## नि:शुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)** :दिनांक 4/6/23 दिन रविवार को मिशन बदलाव और झारखंड स्वास्थ्य मिशन के सयुंक्त तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन पंचायत भवन टाटी पूर्वी, टाटीसिलवे में किया गया। इस जांच शिविर में 150 लोगो का नि:शुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर, जेनरल रोग,कान नाक गला जांच,हियरिंग जांच,नेत्र जांच, दांत जांच, स्त्री एवम प्रसूति रोग जांच, किया गया। साथ में सभी को ओ आर एस घोल भी दिया गया। मिशन बदलाव राँची के भास्कर कुमार ने कहा कि मिशन बदलाव का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निशुल्क रक्तदान शिविर एवम स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करना, ताकि कोई भी इस स्वास्थ्य लाभ से वंचित ना रहे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन,मिशन बदलाव सदस्य शह भास्कर महतो एवं रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी का सहयोग रहा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डाश सानु लाल, केश सीश लाल,दीपक कुमार, सिलवंती कुमारी,एलिजाबेथ, अरुणिशा ई एन टी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डाश अरुण कुमार,अंकित कुमार, श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय के मैनेजर आशुतोष मिश्रा, श्यामल चटर्जी, ईरशाद, जितेन्द्र मंडल, मेडिवेल डेन्टल केयर के डाश शकीब इकबाल,एवम मिशन बदलाव के भास्कर कुमार, भुषण भगत,अमित झा सैयदा खातुन मनीष कुमार,टाटी पूर्वी पंचायत के मुखिया कृष्णा पाहन, अनिल कुमार,शशि मुंडा,संजय कुमार,राजकमल, सनिल जॉय,रोशन गुप्ता, रंजीत लोहारा, इत्यादि का योगदान रहा।

## डकरा पेट्रोल पम्प के पास खड़ी ट्रक और हाईवा से डीजल व बैटरी की चोरी

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बीती रात अज्ञात चोरों ने डकरा पेट्रोल पम्प के समीप खड़ी दो हाईवा और तीन ट्रक के लगभग 1300 लिटर डीजल और दो बैटरी की चोरी कर ली।जानकारी अनुसार डकरा पेट्रोल पम्प के समीप दर्जनों हाईवा और ट्रक खड़ी रहती है।शनिवार की रात लगभग एक बजे कुछ अज्ञात डीजल चोर खड़ी हाईवा जेएच 02 एक्स 3011,व जेएच 02 ए एक्स 3298 से लगभग 400 लिटर डीज़ल और दो बैटरी,के अलावे वहा खड़ी तीन और ट्रक से लगभग 1300 लीटर डीजल कि चोरी कर लिया ।बताया जाता है कि चोर डीजल और बैटरी चोरी कर मानकी की तरफ भागे।घटना की जानकारी खलारी पुलिस को दे दी गयी है। खलारी पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** :सीआईसी सेक्शन बरकाकाना टू बरवाडीह रेल खण्ड के मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के चट्टी नदी बक्सी बंगला के निकट शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन से रन ओवर होकर अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना लगभग रात्रि 11:20 की बतायी जाती है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि अप मेन लाइन से शक्तिपुंज एक्सप्रेस टोरी की ओर जा रही थी। तभी अज्ञात व्यक्ति पोल संख्या 164/29 व 31 के बीच मे ट्रेन के चपेट में आ गया। अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग (60 वर्ष) पहनावा ग्रे कलर का पेंट व असमानी सर्ट पहना हुआ है। घटना के बाद ट्रेन लोको पायलट ने इसकी सूचना मैकलुस्कीगंज रेलवे स्टेशन मास्टर को दी। उसके बाद स्टेशन मास्टर पतरातू रेलवे पुलिस को सूचना दिया गया। सूचना के उपरांत रेलवे पुलिस ने जाँच कर मैकलुस्कीगंज थाना को सूचित किया गया। सूचना के बाद मैकलुस्कीगंज पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पहुँचकर जाँच कर रेलवे लाईन से शव को हटाया गया। उसके बाद लगभग रात्रि 12 बजे अप मेन लाइन सुचारू किया गया। मैकलुस्कीगंज पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया।

# बेड़ो बाजारटांड में आयोजित 57वां व बारिडिह में 34वां पहड़ा जतरा संपन्न






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड़ में दो अलग-अलग स्थानों पर शनिवार को आदिवासियों का ऐतिहासिक पाड़हा जतरा सह सभा समारोह का आयोजन किया गया। बेड़ो बाजारटांड व बारीडीह बगीचा में हजारों की संख्या में पड़हा प्रेमी शामिल होकर अपनी एकजूटता का परिचय दिया। दोनों स्थलों पर पाड़हा निशान लकड़ी के बने हाथी,घोड़ा,शेर में सवार हो कर पाड़हा राजा रंपा-चंपा व झंडों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। बेड़ो बाजारटांड में आयोजित वें 57वॉ वार्षिक पाड़हा जतरा सह सभा समारोह का नेतृत्व विभावि हजारीबाग के पूर्व कुलपति डा रविंद्र नाथ भगत ने किया। समारोह में पद्मश्री मुकुंद नायक व पद्मश्री मधु मंसूरी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महोत्सव के संस्थापक सह पूर्व मंत्री स्व करमचंद भगत को श्रद्धांजलि दिया.वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते डॉ रविन्द्र नाथ भगत ने कहा कि पाड़हा जतरा आज से 57 साल पहले स्वर्गीय करमचंद भगत ने शुरू किया था। ताकि हम आदिवासी अपने व्यवस्था वो जाने पहचाने और इसे बचाए रखें। पाड़हा व्यवस्था हमारी अनमोल विरासत है। पाड़हा व्यवस्था जनजातीय क्षेत्र में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका का सम्मिश्रित स्वरूप का प्रतीक है। इसका मूल उद्देश्य समाजिक समरसता, भाईचारा, एकता,सद्भावना और समग्र विकास है। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि पाड़हा व्यवस्था आदिवासियों का सामाजिक व्यवस्था है। जिसमें आदिवासियों का शासन-प्रशासन, रीति-रिवाज, न्यायिक, रहन-सहन का व्यवस्था है। हमारे पूर्वजों ने इसे संभाल कर रखा है। हमारे समाज में जो कुर्तियां आती थी। उसे हमारे पूर्वज पाड़हा व्यवस्था के तहत दूर करते थे। आज षड्यंत्र के तहत बहुत सारे लोग पाड़हा व्यवस्था को तोड़ने में लगे हैं जिसे हमें बचाना है। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि पाड़हा व्यवस्था आदिवासी समुदाय का समाजिक व्यवस्था है। जो पूर्णता अलिखित है। यह पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे समाजिक व्यवस्था से होते हुए आया है। पूर्व लोक सभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा ने कहा कि आदिवासी संस्कृति धरती में सबसे पुरानी संस्कृति है। इसे संरक्षित और व्यवस्थित करने के लिए पाड़हा का निर्माण किया गया है। मंच का संचालन मुन्ना बड़ाईक ने किया।

**बारिड़ीह पाड़हा जतरा :** इधर बेड़ो से तीन किलो मिटर स्थित बारीडीह बगीचा में 12 व 21 पाड़हा व केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति के संरक्षक डॉ दिवाकर मिंज व निलमणी मिंज के अगुवाई में 34वाँ पाड़हा जतरा में पड़हा के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा, पाड़हा झंडे के प्रतीक चिन्ह, लकड़ी से बने घोड़े,हाथी,रंपा,चंपा, टेंगरा छाता व खोड़हा नृत्य दल के साथ गाजा बाजा लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा मंच के समीप पहुंचते ही एक विशाल जनसभा में तब्दील हो गयी। जहॉ पाड़हा राजा व पाड़हा व्यवस्था के अगुवा को अंग वस्त्र देकर सम्माणित किया गया।

सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता सह पाड़हा संरक्षक शिक्षाविद् डा0 दिवाकर मिंज ने कहा, कि आदिवासीयों की सांस्कृति को हजारों वर्ष से भ्रष्ट करने की कोशिश जारी रही है। इस बदलते परिवेश में हमारे पूर्वजों के पड़हा समाज को बचाना है। जब तक हम आदिवासी हैं। तबतक हमारी सभ्यता सांस्कृति व परंपरा कायम रहेगी। वर्षो से पड़हा व्यवस्था समाज के सभी वर्गो को जोड़कर रखती आ रही है। पड़हा और समाज में अनुयाश्रय संबंध है। मुख्य संरक्षक निलमणी मिंज ने कहा, कि वर्षो से पड़हा व्यवस्था समाज के सभी वर्गो को जोड़कर रखती आ रही है। पड़हा और समाज में अनुयास्श्रय सबंध है। अध्यक्षता करते हुए पाड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जोगेश उरांव ने कहा कि हमारी परंपरा, संस्कृति और भाषा को बचाए रखने में ही हमारी पहचान है। अपने पूर्वजों के आर्शिवाद को आगे बढ़ाने के लिए नयी पीढ़ी को इस परंपरा को बचाना होगा। पड़हा जतरा समारोह का संचालन सचिव धनंजय कुमार राय व झिंगुवा टाना भगत ने किया.वहीं12 पाड़हा राजा विशाल उरांव, प्रो सोमरा उरांव, राकेश भगत, जोहार पार्टी के विजय महतो,एतवा उरांव,भौवा उरांव,घिनु उरांव समेत कई लोगों ने सम्बोधित किया। सभा के पूर्व पूर्व विधायक सह पाड़हा जतरा के संस्थापक स्व विश्वनाथ भगत को दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## जेएमएस पदाधिकारियों ने अपने परियोजना की समस्याओं से क्षेत्रीय पदाधिकारियों को अवगत कराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** जनता मजदूर संघ एन के एरिया के सभी पदाधिकारियों की एक बैठक क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष गोल्डन प्रसाद यादव एवम संचालन डीपी सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में जेसीएससी सदस्य कमलेश सिंह उपस्थित रहे। इस बैठक में तमाम पदाधिकारियों ने अपने अपने परियोजना की समस्याओं से क्षेत्रीय पदाधिकारियों को अवगत कराया। जिसमें सभी अध्यक्ष एवम सचिवों ने बताया कि सीसीएल का संचालित किसी भी डम्पर में ए.सी. की व्यवस्था नहीं है। केडीएच एवम डकरा परियोजना के ई एंड एम में एक ही वेल्डर है, डकरा में नाईट शिफ्ट में एक भी इलेक्ट्रीशियन नही है। जिस पर यूनियन के क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि यह एक गंभीर विषय है। इस पर प्रबंधन को सचेत होने की आवश्यकता है। कई परियोजना पदाधिकारियों ने एसएलपी का मुद्दा भी उठाया और कहा कि एसएलपी लागू नहीं हो रहा है। जिस पर वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संज्ञान लेकर कार्यवाही करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन की सदस्यता बढ़ाने एवम सभी शाखाओं में मजबूती पर भी चर्चा हुई। मौके पर आनंद सिंह, चंद्रभूषण, कंचन महतो, प्रभु गंझू, बूटन चौहान, अजय चौहान, आमिताभ चौहान, टेकलाल महतो, गणेश ठाकुर शर्मा, बिरजू लोहार, सुरेंद्र उरांव, वीरेंद्र पासवान, अनिल लोहरा, शंकर चौहान, तपेश्वर कुमार यादव, गुल्फी देवी, विजय प्रताप, राम कुमार सिंह चौहान, नबी मियां, रविन्द्र उरांव, ईशान गंझू, किशुन महतो, नागेश्वर दुसाध सहित अन्य उपस्थित थे।

## बचरा मे एथलेटिक्स व फुटबॉल समर कैम्प का हुआ समापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में गणेश स्पोटिंग क्लब राय के द्वारा आयोजित एथलेटिक्स एवं फुटबॉल समर कैम्प का रविवार को समारोह पूर्वक समापन किया गया।समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि सीआईएसएफ के सहायक कमांडेड संजय कुमार मीना और विशिष्ट अतिथि के रूप मे पिपरवार सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर अतहर इमाम,राय पंचायत की मुखिया शीला देवी उपस्थित थे।समारोह में आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत क्लब के संस्थापक सह खेल प्रशिक्षक गणेश कुमार महतो ने बुके देकर किया।समारोह में अतिथियो के द्वारा समर कैम्प मे शामिल होनेवाले सभी खिलाड़ियो को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने खेल को जीवन के लिए हम बताया।साथ ही सभी बच्चों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र राज्य और देश का नाम रोशन करने की अपील की।क्लब के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया है कि इस समर कैम्प मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो का चयन उच्च स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं ट्रायल चयन प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।इस मौके पर झारखंड पब्लिक स्कूल मोहननगर के प्राचार्य अभिषेक कुमार चौहान,राजू गुप्ता,शिवा कुमार,केपी शर्मा, कार्तिक कुमार,पारस कुमार महतो,सुचिता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पिपरवार में स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सीसीएल पिपरवार प्रबंधन के सौजन्य से पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों ने भाग लिया।पर्यावरण सुरक्षित रखने और प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के विषय पर आयोजित इस पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाया।मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित अशोक परियोजना के परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने प्रतियोगिता में शामिल बच्चों से मिलकर उनका उत्साह बढ़ाया और उन्हे पुरस्कार देकर सम्मानित किया।इस प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को आज पिपरवार जीएम ऑफिस में सम्मानित किया जाएगा।

इस संबंध में पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार और सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रत्येक साल सीसीएल प्रबंधन के द्वारा स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है।पर्यावरण के प्रति स्कूली बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रबंधन के द्वारा इस तरह का आयोजन कराया जाता है।उन्होंने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पिपरवार में कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।पिपरवार प्रबंधन ने इस वर्ष पर्यावरण दिवस के मौके पर 12500 पौधा लगाने का लक्ष्य रखा है,साथ ही पर्यावरण को सुरक्षित रखने को लेकर आम जनता के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।इस मौके पर अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार,स्टाफ ऑफिसर पीएंडपी डीके शर्मा,क्षेत्रिय पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार,अशोक परियोजना पर्यावरण पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार,सुभोजित हलदार, संतोष यादव,राकेश कुमार पांडेय,नवेन्द्र नियोगी के अलावा मगध संघमित्रा एरिया के मनीष कुमार सिन्हा,मृगाण शेखर,जितेंद्र कुमार,अमरजीत कुमार सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## असंगठित कामगार मोटिया मजदूर किसान संघ की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** डाक बंगला परिसर में असंगठित कामगार मोटीया मजदूर किसान संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संघ के अध्यक्ष सयूम अंसारी ने महंगाई पर चिंता जताया और आने वाले दिनों में महंगाई के विरुद्ध एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। किसानों और मजदूर के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं का मजदूर फायदा उठा सकते हैं यह अपील किया गया। नियमानुसार मजदूर किसान को अध्यक्ष के द्वारा सरकारी योजनाओं का विस्तार पूर्वक लाभकारी योजनाओं के बारे में बतलाया गया मौके पर गोपाल महतो सिकंदर नायक अरविंद महतो विनोद राम पवन महतो कुलदीप महतो बिरसा मुंडा महादेव लोहरा श्याम गोप विजय सवासी तुलसीराम कैलाश मांझी रोजन अंसारी बुद्धू राम लिट्टा नाग सुनीता देवी संगीता देवी रेखा देवी आशा कुमारी विजयंती देवी मुन्नी देवी गुलाबो कुमारी ममता देवी आदि सैकड़ों की संख्या में किसान मजदूर उपस्थित थे ।

## मंडा पूजा का भव्य समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** चतरा पंचायत के च त रा में इस वर्ष पूरे धूम धाम के साथ शिव मंडा पूजा समिति द्वारा मंडा पूजा लोटन सेवन, फुलखुदी, छौ नृत्य,झूलन के साथ मनाया गया। रविवार को भोगता एवम शोखताइन ने विशेष पूजा अर्चना कर धधकते अंगारे पर चलकर भक्ति का परिचय दिया,उसके बाद बंगाल से आये कला कार द्वारा विशेष छौ नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि खिजरी के पूर्व विधायक राम कुमार पाहन,उप प्रमुखअंगडा जय पाल हज़ाम,पूर्व.मुखिया सोहन् मुंडा,ग्राम प्रधान किस्टो कुजुर,बासुदेव महतो,राजेश कुजुर ,राजेश मिश्रा इत्यादि। कार्यक्रम को सफल बनाने मे समिति के सुकुल महतो,सुरेश महतो,आकाश कुमार महतो ,बैद्य नाथ महतो, रोहं महतो, निखिल महतो, संतोष महतो,. मुकुल महतो, मदन. महतो, बसंत महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## लांस नायक राज कुमार महतो का शहादत दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** मासु मझिला टोली हेसल मे शहीद राज कुमार.महतो की शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, आजसु नेता पारस नाथ उराँव, कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉक्टर राकेश किरण महतो, भा ज पा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, अनुराधा मुंडा, नरेश साहू, मदरा मुंडा, कविता देवी, रमाष्य मुंडा , रामनाथ महतो एवम शहीद की माँ देव मुनि देवी, पत्नी जय प्रभा, बड़े भाई अमर नाथ महतो, पुत्र गौरव, अंकित इत्यादि उपस्थित थे। सभी ने शहीद के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। प्रातः दौड़ के सफल प्रतिभागिओ सर्टिफिकेट, मेडल, नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विष्णु महतो, करीनाथ महतो, जग नाथ.महतो, बसुदेव , जयप्रकाश,इत्यादि का.महत्व पूर्ण योगदान रहा।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला नित्योत्सव का किया आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय भारतीय शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला नित्योत्सव का उद्घाटन आज टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मैटेरियल्स डीबी सुंदर रामम की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला का आयोजन 3-6 जून, 2023 को रवींद्र भवन, साकची में किया जा रहा है। कार्यशाला में 450 से अधिक छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। नृत्य कार्यशाला का आयोजन कला उद्यान के सहयोग से किया जा रहा है, जो भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली और संगीत में युवाओं को प्रशिक्षित करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। कार्यशाला में चार प्रमुख भारतीय नृत्य शैली में प्रशिक्षण शामिल होगा भरतनाट्यम, कथक, मणिपुरी और ओडिसी। उद्घाटन समारोह में नृत्य प्रस्तुतियां भी हुई। उद्घाटन समारोह के दौरान, डी बी सुंदरा रामम, वाईस प्रेसिडेंट, रॉ मैटेरियल्स, टाटा स्टील ने कहा, सांस्कृतिक रूप से इतना समृद्ध होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है और हमारी जड़ें ही हमारी पहचान हैं। मैं सभी प्रतिभागियों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों पर इस कार्यशाला का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहूंगा।

## संत कबीर सेवा ने मनाया सदगुरु कबीर साहेब का प्रकट दिवस



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत कबीर सेवा संस्थान द्वारा गम्हरिया में संचालित संस्कारोदाय अकादमी में सदगुरु कबीर साहेब की 625 वाँ प्रकट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों की ओर से उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर कबीर की ज्ञान चर्चा, भजन, दोहा, साखी आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर हरियाली थीम एक पेड़ आपके नाम के निदेशक दिग्विजय भारत ने सद्गुरु कबीर के नाम से स्मृति वृक्ष लगाया। इस मौके पर विद्यालय के प्राध्यापक अमित कुमार, शिक्षक सुमित सिंह, मोनिका कुमारी, रूबी कुमारी, सुमन मा संजना कुमारी, सुमित सिह, रोहित कुमार, डॉक्टर सुनील, स्नेहा सतपती, स्वीटी, सिद्धार्थ, सुरिया आदि उपस्थित थे।

## भगवान श्री जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को कराया गया विधिवत स्नान

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज्येष्ठ पूर्णिमा तिथि पर रविवार को श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को विधिवत मंदिर के मुख्य पुजारी ब्रह्मानंद महापात्र, पंडित सानु आचार्य एवं अन्य सहयोगी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्नान कराया गया। सुबह से ही देव स्नान पूर्णिमा दर्शन के लिए मंदिर में भक्त श्रद्धालुओं की गहमागहमी रही जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक रही।अपने आराध्य देव के दर्शन करने आए थे।श्री जगन्नाथ सेवा समिति द्वारा मंदिर परिसर पर संध्या समय भजन संध्या एवं महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम रखा गया है।



## पर्यावरण बचाने को लेकर सीआईएसएफ की ओर से नरवा पहाड़ में मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** निजी जिन्दगी में पर्यावरण कैसे सुरक्षित रहेगा।जिसको लेकर क्षेत्र में जागरूकता फैलाने को लेकर आज रविवार को औद्योगिक सुरक्षा बल के कमांडेंट विवेक शर्मा की अगुवाई में मैराथन दौड़ का का आयोजन किया गया। इधर इस मैराथन दौड़ में जवानो का हौसला बढ़ाने को लेकर कमाडेंट विवेक शर्मा खुद 15 किलो दौड़ में हिस्सा लिया व हौसला अफजाई की। इस मैराथन दौड़ में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जादूगोड़ा के 69 जवानों समेत 134 बल कर्मियों ने भाग लिया। जिसमे 106 बटालियन रैफ,157 बटालियन सीआरपीएफ, जादूगोड़ा पुलिस स्टेशन ,यूसीलकर्मी व सीआईएसएफ की संगरक्षिका अस्मिता विवेक समेत महिला जवानों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर नरवा पहाड़ सी आई एस एफ कैंपस में आयोजित समारोह को समारोह के मुख्य अतिथि सह बार्क के वैज्ञानिक ए के सूरी, कमांडेंट ,विवेक शर्मा,सीआरपीएफ अधिकारी भूपाल सिंह, जीएम एचआर एस के शर्मा ,जादूगोड़ा ग्रुप ऑफ माइंस के जी एम मनोज कुमार, यूनिट संगरक्षिका स्मिता विवेक ने पर्यावरण की महता से लोगों को अवगत कराया।इसके पूर्व 15 किलोमीटर, 5 किलो मीटर समेत महिला जवानों के लिया एक किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा इस मौके पर प्रतिभागियों को वैज्ञानिक ए के सूरी पुरुस्कृत कर सम्मानित किया गया।



## विधायक प्रतिनिधि की पहल पर जोड़सा में लगा ट्रांसफॉर्मर

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के जोड़सा टोला बिरखाम में शनिवार को विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू की पहल पर 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि पिछले 4 दिनों से गांव में ट्रांसफॉर्मर खराब होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पिछले दिनों आंधी तूफान की वजह से ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया था। ग्रामीणों द्वारा विधायक मंगल कालिंदी से नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। रविवार से बिरखाम टोला में बिजली की आपूर्ति शुरू होने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। मौके पर बिजली मिस्त्री सुरेश रजक, शशांक शेखर प्रमाणिक, अनिल वरण माझी व जलधर कुंभकार आदि मौजूद थे।

## जेएसए फुटबॉल लीग में प्रतिभा दिखाएंगे काटिन फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 6 जून से जमशेदपुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से जमशेदपुर के विभिन्न ग्राउंड में आयोजित फुटबॉल लीग में इस बार पटमदा के काटिन फुटबॉल क्लब से जुड़े खिलाड़ी अपना जलवा दिखाएंगे। रविवार को पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने सभी खिलाड़ियों से मिलकर अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पटमदा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। उचित मंच के अभाव में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि काटिन फुटबॉल क्लब से जुड़े खिलाड़ी लीग मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मौके पर टीम के अध्यक्ष उत्तम कुमार रजक, उपाध्यक्ष सुशांत हेम्ब्रम, सचिव देवशरण माझी, ब्रजकिशोर हांसदा, विश्वनाथ हांसदा, सनत कवि, अशोक कुंभकार, विनय कुमार गोराई, स्वपन हांसदा व हरिपद टुडू समेत दर्जनों खिलाड़ी मौजूद थे। 6 जून से शुरू होने वाले लीग मैच में पहले दिन क्लास एइट बनाम छोटानागपुर फुटबॉल क्लब की भिड़ंत होगी। जबकि काटिन फुटबॉल क्लब का पहला मुकाबला 9 जून को अर्बन सर्विसेस के साथ होने वाला है।

# जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ग्रीन-ए-थॉन का आयोजन






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने विश्व पर्यावरण दिवस समारोह के तहत जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ग्रीन-ए-थॉन का आयोजन किया। पर्यावरण और स्थिरता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए टाटा स्टील के कर्मचारियों और जमशेदपुर के अन्य नागरिकों सहित 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने ग्रीन रन में भाग लिया। इस दौड़ को रितु राज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूटिलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने जितेंद्र प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जमशेदपुर के साथ सुबह 6:00 बजे झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब हो कि, पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। हर साल, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण की रक्षा के लिए कार्यों को बढ़ावा देने के लिए नए विषयों पर ध्यान केंद्रित करता है। इस साल की थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशंस है।

डीसी ने की बिरसानगर किफायती आवास परियोजना की समीक्षा

## संवेदकों को जल्द आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) घटक-3 अन्तर्गत बिरसानगर, जमशेदपुर में बन रहे किफायती आवास परियोजना के निर्माण कार्य की समीक्षा उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव द्वारा की गई। त्र+8 संरचना के अनुरूप 32 ब्लॉक में कुल 9592 आवासों का निर्माण किया जाना है । बैठक में उपस्थित सभी संवेदक एवं जुडको के प्रतिनिधियों को आवास निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही 15 जून को लगने वाले आवास मेला के लिए बृहद् प्रचार प्रसार करने के लिए कहा गया । नगरीय प्रशासन निदेशालय के विशेषज्ञों को निरंतर स्थल निरीक्षण का निर्देश दिया गया ताकि निर्माण कार्य की जल्द से जल्द गुणवत्ता को ध्यान में रखकर किया जा सके । बैठक में मुख्य रूप से जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पधाधिकारी संजय कुमार, नगरीय प्रशासन निदेशालय के विशेषज्ञ राजन कुमार, मुकेश कुमार, आवास योजना के नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, टाउन प्लानर दीपक माझी, फाइनेंशियल स्पेशलिस्ट सरिता कुमारी, जुडको के डीजीएम संतोष चौबे, पी0एम धनंजय कुमार एवं सभी संवेदक उपस्थित थे ।

## कलाकारों ने मनाया आधुनिक छऊ नृत्य के जनक कुंवर विजय प्रताप सिंह देव की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला के कला संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा कई स्थानों पर शनिवार की संध्या कुंवर विजय प्रताप सिंह देव की जयंती मनाई गई। उनके तैलचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आधुनिक छऊ कला में उनके योगदान पर कलाकारों द्वारा विचार व्यक्त किए गए। सरायकेला राजबाड़ी स्थित श्रीकला पीठ के कलाकारों द्वारा उनका जयंती मनाया गया। मौके पर संस्था के सचिव शिक्षाविद नीलांबर सिंहदेव ने कहा कि कुंवर साहब आधुनिक छऊ नृत्य के जनक, उत्कृष्ट नृत्य रचनाकार तथा उत्कृष्ट छऊ निर्देशक थे, छऊ नृत्य को विश्वप्रसिद्ध करने में उनका सबसे बड़ा योगदान रहा। इस अवसर पर श्री कालापीठ के निर्देशक काली प्रसन्न सारंगी,सह सचिव भीष्म कैबर्ट, कोषाध्यक्ष पप्पू सामंत, तरुण भोल, निवारण महतो, श्रीधर सिंहदेव, आदि थे।

आक्रोश जनसभा में आदिवासीयों ने भरी हुंकार

## कुड़मीयों को एसटी दर्जा में शामिल करने की मांग का आदिवासी समाज ने किया पुरजोर विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के गांगुडीह फुटवॉल मैदान में रविवार को संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन चांडिल अनुमंडल के बैनर तले विशाल आदिवासी आक्रोश जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पहले आदिवासी समाज द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर, स्वतंत्रता सेनानी बीर शहीद सिदो कान्हू, तिलका मांझी बिरसा मुंडा, रघुनाथ सिंह, बुद्धू भगत व तेंलगा खड़िया को श्रद्धांजलि दी गई। आक्रोश जनसभा में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के अलावा बोड़ाम, पटमदा, गम्हारिया, घाटशिला, सरायकेला,



राजनगर, कुचाई, खरसावां पश्चिम बंगाल के पुरूलिया, बाघमुंडी, झाड़ग्राम, कोलकाता आदि क्षेत्र से आदिवासी समाज से करीब 20 हजार की संख्या में महिला, पुरूष, बुजुर्ग व युवा पारंपरिक वेशभूषा और पारंपरिक हथियार के साथ आक्रोश जनसभा में शामिल हुए। आदिवासी समुदाय ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए आक्रोश रैली निकालकर जनसभा तक पहुंचे। वही आक्रोश जनसभा में आदिवासीयों समाज के आगुवाओं ने हुंकार भरी और कुड़मी को एस.टी.सूची का दर्जा देने की मांग का विरोध किया। सभा को संबोधित करते हुए लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि कुड़मी समुदाय अपने को क्षत्रिय का बंशज मानते हैं, अब आदिवासी बनने के लिए कई तरह के हथकंडा अपना रहे हैं। आदिवासी जन परिषद के प्रेमशाही मुंडा ने आक्रोश जनसभा को संबोधित करते हुए कहा किकेन्द्र सरकार अगर कुड़मी समुदाय को एसटी में शामिल करती है तो मूल आदिवासीयों का हक, अधिकारों व राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर कुड़मीयों का कब्जा होगा। पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि कुड़मी लोगों का नजर अब आदिवासीयों की जमीन जायदाद पर टिकी है। साथ ही आदिवासीयों की संवैधानिक पद वार्ड सदस्य, मुखिया, पंसस से लेकर एमएलए व एमपी को हाईजेक करने की मंशा है। जिसे आदिवासी समाज कतई बरदाश्त नहीं करेगा।

## झामुमो ने झारखंड के सपने को चकनाचूर किया : दीपक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में सैकड़ों झामुमो, कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष झामुमो दलित मोर्चा पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष बलदेव भुइयां के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र में झामुमो के प्रत्याशी रहे रविंद्र राजू,पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव गणेश शंकर विद्यार्थी सहित भुइयां समाज के सैकड़ों



कार्यकर्ता शामिल हैं। इस अवसर पर लातेहार जिला परिषद सदस्य सरोज देवी भी उपस्थित थी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को पार्टी का पटका,एवम फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सुबोध सिंह गुड्डू ने 7820078200 नंबर डायल कराकर सदस्यता दिलाई। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि झामुमो कांग्रेस राजद ठगबंधन दलों से आदिवासी दलित पिछड़े वर्गों का मोह भंग हो गया। क्योंकि इस ठगबंधन सरकार ने लगातार जनता को छलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने झारखंड के सपने को चकनाचूर किया है। इस अवसर पर जमशेदपुर एमजीएम मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह मुंडा, सुंदरनगर मंडल अध्यक्ष चंचल चक्रवर्ती , कमलपुर मंडल अध्यक्ष प्रधान चंद्र महतो, बोड़ाम मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी सहित जमशेदपुर एवम पलामू से आए सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## दूषित पानी से होने वाली बीमारियों के प्रति कैप्टन मनीष लोगों को कर रहे हैं जागरुक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची स्थित कैनेलाइट होटल में जल जनित बीमारियों से जागरुक करने के लिए जल के महत्व पर जल ही जीवन है क्या आपके जल में जीवन है ? चेंज योर वॉटर ...चेंज योर लाइफ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रजलित करके की गयी। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मानवता अधिकार एवं मीडिया संगठन के जिला अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक एसआरके कमलेश ने कहा कि दूषित पानी पीने से होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों के प्रति इंडियन मर्चेंट नेवी के कैप्टन मनीष कुमार लोगों को जागरूक कर रहे हैं, जो सराहनीय है। कैप्टन मनीष ने जीवन में पानी के महत्व के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि पानी के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है । स्वास्थ्य जीवन के लिए चेंज योर वॉटर ...चेंज योर लाइफ चलाए गए जागरूकता अभियान में अजय श्रीवास्तव, सरबजीत गोस्वामी , डॉ खुशबू मिश्रा , डॉ समीर शर्मा ,दीपक सिन्हा इत्यादि शामिल थे।

## जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग : सुपर स्टार्स ने एलपीएस सुनामी एफसी के साथ खेला ड्रॉ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सुपर स्टार्स और एलपीएस सुनामी एफसी की टीमों ने रविवार को जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के अंडर-13 वर्ग में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया, ये मुकाबला 2-2 से ड्रा पर खत्म हुआ. टूर्नामेंट का 15वां वीकेंड कई मैचों का गवाह बना, लेकिन भीषण गर्मी में उच्च स्तर की तीव्रता और जुनून देखा गया जहां दोनों टीमों में से कोई भी खुद को बेहतर साबित नहीं कर सकीं और मुकाबला बराबरी पर खत्म हुआ. झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन (जेएफए) और झारखंड स्पोर्टिंग एसोसिएशन



(जेएसए) के साथ मिलकर जमशेदपुर एफसी 10 महीने तक चलने वाले जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग 2023 के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है, जहां शहर भर के बच्चों को 5, 7, 9, 11 और 13 श्रेणियों में विभाजित किया गया है. 10 महीने तक चलने वाला यह टूर्नामेंट हर रविवार सुबह जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आर्चरी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा ताकि बच्चों के विकास को और बढ़ावा दिया जा सके और स्कूल के समय के बाद वीकेंड के दौरान क्लब द्वारा चलाए जा रहे मौजूदा जमीनी स्तर के स्कूलों को कार्यक्रम के साथ जोड़ा जा सके. रविवार को बेबी लीग में कुल 243 छात्र शामिल हुए और टाटा स्टील के खेल विभाग के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने उनका समर्थन किया.

कुचाई के चिरुडीह में आजसू पार्टी की पंचायत स्तरीय का हुआ बैठक

## कमपडो प्रधान बने अध्यक्ष, पंकज सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** आगामी 2024 में लोकसभा वह विधानसभा की चुनाव का तैयारी को लेकर आजसू पार्टी भी शिकंजा कस ली है। वहीं रविवार को कुचाई प्रखंड क्षेत्र के चिरूडी गांव में आजसू पार्टी की पंचायत स्तरीय बैठक आयोजन किया। बैठक बसंत महतो की अध्यक्षता में हुआ। साथ ही पंचायत स्तरीय का गठन भी किया गया जिसमें पार्टी के जिला उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू एवं एसटी मोर्चा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष रुप सिंह मुंडा उपस्थित हुए। बैठक में पंचायत स्तरीय का



सर्वसम्मति कमपडो प्रधान को अध्यक्ष एवं पंकज प्रधान को सचिव व दोडाई गिलुवा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया। वहीं महिला वर्ग में चंचला देवी को अध्यक्ष एवं गीता प्रधान को सचिव पद पर मनोनीत किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि आशु पार्टी ने हमेशा से ही गरीब और बेसहारा लोगों की मदद के लिए आगे रही है। इस दौरान मुख्य रूप से आलोक डे कमपडो प्रधान बसंत महतो पंकज प्रधान श्याम कुमार चंचला देवी गीता प्रधान दोडाई गिलुवा लक्ष्मी तांती आदि आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गम्हरिया लैम्पस की चुनावी प्रक्रिया शुरु, चुनाव 19 जुलाई को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सहायक निबंधक सहयोग समितियां सरायकेला के निर्देशानुसार गम्हरिया लैम्पस का चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए मतदाता सूची का प्रकाशन विगत दो जून को कर दिया गया जिस पर आगामी आठ जून तक सदस्य अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। आपत्ति का निष्पादन आगामी 9 जून को किया जाएगा व उसी दिन वैद्य मतदाता सूची का प्रकाशन भी किया जाएगा। आगामी 23 जून को नामांकन किया जा सकेगा जिसकी उसी दिन नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी तथा उसका प्रकाशन किया जाएगा। फिर,24 जून को नामांकन पत्र पर आपत्ति व आपत्ति का निष्पादन किया जाएगा और विधि मान्य नामांकन सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 26 जून को नामांकन वापसी की जा सकेगी एवं आगामी 27 जून को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। तत्पश्चात, आगामी 19 जुलाई को विशेष आम सभा व चुनाव कराया जाएगा। उपरोक जानकारी गम्हरिया लैम्पस के शाखा प्रबंधक राजू गिरी ने दी है।

खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर बड़ाबांबो में लोगों का हुआ जुटान, कहा

## हेमंत सरकार राज्य के युवाओं को लॉलीपॉप देना बंद करें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति की मांग को लेकर दिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने समर्थकों के साथ खरसावां पहुंचकर 21 किलोमीटर का मैराथन किया। इसे लेकर रविवार सुबह महतो के साथ समर्थकों का जुटान खरसावां के बड़ाबांबो में हुआ जबकि पूर्व विधायक अमित महतो ने शनिवार शाम को ही खरसावां पहुंच चुके थे। रविवार को तय कार्यक्रम के तहत खरसावां पहुंचने पर उन्होंने



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर सीधी वार करते हुए कहा कि हेमंत सरकार झूठे एवं लुटेरों की सरकार है। 60-40 की नीति बनाकर राज्य के युवाओं को लॉलीपॉप देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति बनने से ही राज्य की विकास व युवाओं की भला हो सकती है। हमारी मैराथन दौड़ का लक्ष्य 129 दिन एवं 81 विधानसभा में होगी जबकि खरसावां के साथ 66 विधानसभा में कार्यक्रम पूरा हुआ है। झारखंड में सरकारी पदो पर खतियान आधारित युवाओं की बहाली होनी चाहिए। मैराथन दौड़ में मुख्य रूप से दीपक माझी बबलू महतो दिलीप चांद महतो निर्मल महतो रुपेश महतो अजय कुमार महतो निर्मल महतो अभिमन्यु महतो सुखराम महतो आदि समर्थक उपस्थित थे।

## संपादकीय

# भारत की कैसी छवि बनाना चाहते हैं राहुल गांधी?

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जब भी विदेश दौरे पर जाते हैं, कुछ न कुछ ऐसी बातें कह देते हैं, जो भारत की प्रतिष्ठा के अनुकूल नहीं होती हैं। इस बार अमेरिका की यात्रा पर उन्होंने उस झूठे विमर्श को हवा दी है, जिसमें कहा जाता है कि भारत में अल्पसंख्यकों पर हमले किए जा रहे हैं। भारत विरोधी जितनी भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं हैं, यह उनका खड़ा किया हुआ विमर्श है कि भारत में अल्पसंख्यक समुदाय अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। जबकि वास्तविकता ठीक इसके उलट है। भारत के पड़ोस में एक ओर चीन है, जहाँ चीन की कम्युनिस्ट सरकार खुलकर इस्लाम का चीनीकरण कर रही है। मस्जिदों के वास्तु को बदला जा रहा है। इसके साथ और भी अनेक प्रकार की पाबंधियां सरकार की ओर से लगाई जा रही हैं। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान हैं, जहाँ हिन्दुओं का जीना मुहाल है। हिन्दुओं की बहू-बेटियों का अपहरण किया जा रहा है, जबरन कन्वर्जन की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है, अपनी धार्मिक क्रियाओं का खुलकर पालन करना मुश्किल हो गया है। पाकिस्तान में हिन्दुओं की जनसंख्या का मूल्यांकन करें, तो ध्यान आता है कि वहाँ लगातार हिन्दुओं की संख्या कम होती गई है। इसको कहते हैं, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार। चीन के मुसलमानों और पाकिस्तान के हिन्दुओं पर कोई चिंता व्यक्त नहीं करता। राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने तो पाकिस्तान से पीड़ति होकर भारत में शरण लेनेवाले हिन्दुओं के घरों पर ही बुलडोजर चलावा दिया। स्मरण रखें कि भारत में मुस्लिम जनसंख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। मुस्लिम समुदाय के लोगों की जीवनशैली में भी गुणात्मक सुधार हुआ है। केन्द्र और राज्य सरकारों की योजनाओं का भरपूर लाभ मुस्लिम समुदाय को मिल रहा है। इतना ही, भारत का मुस्लिम समुदाय खुलकर बोल रहा है, अड़कर धरना-प्रदर्शन भी कर रहा है। शाहीन बाग से लेकर देशभर में अनेक स्थानों पर हुए धरना-प्रदर्शनों को कौन भूला होगा? यदि मुसलमानों पर हमले हो रहे होते तब क्या वे देश की राजधानी दिल्ली में महीनों तक मुख्य सड़क मार्ग को घेर कर बैठ पाते? इसके उलट एक और तस्वीर है, जिसको कोई देखना और दिखाना नहीं चाहता है। इस्लाम की आलोचना के नाम पर मुस्लिम समुदाय के कट्टरपंथी धड़ों ने कई हिन्दुओं एवं अन्य गैर-मुस्लिमों की हत्याएं की हैं। मुस्लिम समुदाय के कई युवक लव जेहाद की घटनाओं में लिप्त हैं। आए दिन देश के किसी न किसी कोने से समाचार आता है कि हिन्दू नाम रखकर मुस्लिम युवक ने किसी साक्षी को फंसाया और बाद में उसको कन्वर्ट कर दिया या फिर नृशंस ढंग से उसकी हत्या कर दी। कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी को बताना चाहिए कि क्या एक डरे हुए समुदाय के लोग इस प्रकार की खौफनाक घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार का विरोध करने में कांग्रेस के प्रमुख नेता इतने खो गए हैं कि भारत की गलत छवि विदेशी मंचों से प्रस्तुत करने लगे हैं। विदेश में जाकर भारत के नेताओं को अपने देश की छवि को मजबूत करना चाहिए, लेकिन राहुल गांधी हर बार उल्टा करते हुए दिखायी देते हैं। मोदी विरोध में इस बार राहुल गांधी अपनी ही पार्टी और पूर्ववर्ती शीर्ष नेतृत्व को कटघरे में खड़ा कर बैठे। एक प्रश्न के उत्तर में राहुल गांधी ने कहा कि "आज मुस्लिमों के साथ जो हो रहा है, वह वैसा ही है जैसा उत्तरप्रदेश में 1980 के दशक में दलितों के साथ हुआ"। इसका अर्थ यही हुआ कि राहुल गांधी मानते हैं कि कांग्रेस के शासनकाल में दलितों पर अत्याचार और हमले होते थे क्योंकि उस समय उत्तरप्रदेश और केंद्र में भी कांग्रेस की ही सत्ता थी। राहुल गांधी का यह बयान कांग्रेस की परेशानी का सबब बन सकता है। दरअसल, जब दृष्टि स्पष्ट न हो, केवल वर्तमान सरकार पर हमला करना ही उद्देश्य हो, तब ऐसी गलतियां होती ही हैं। राहुल गांधी यह सुझाव शायद ही स्वीकार करें कि उन्हें विदेश में जाकर भारत के संदर्भ में नकारात्मक बातें करने की अपेक्षा भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए।

> मुस्लिम समुदाय के लोगों की जीवनशैली में भी गुणात्मक सुधार हुआ है। केन्द्र और राज्य सरकारों की योजनाओं का भरपूर लाभ मुस्लिम समुदाय को मिल रहा है। इतना ही, भारत का मुस्लिम समुदाय खुलकर बोल रहा है, अड़कर धरना-प्रदर्शन भी कर रहा है। शाहीन बाग से लेकर देशभर में अनेक स्थानों पर हुए धरना-प्रदर्शनों को कौन भूला होगा? यदि मुसलमानों पर हमले हो रहे होते तब क्या वे देश की राजधानी दिल्ली में महीनों तक मुख्य सड़क मार्ग को घेर कर बैठ पाते? इसके उलट एक और तस्वीर है, जिसको कोई देखना और दिखाना नहीं चाहता है। इस्लाम की आलोचना के नाम पर मुस्लिम समुदाय के कट् टरपंथी धड़ों ने कई हिन्दुओं एवं अन्य गैर-मुस्लिमों की हत्याएं की हैं। मुस्लिम समुदाय के कई युवक लव जेहाद की घटनाओं में लिप्त हैं। आए दिन देश के किसी न किसी कोने से समाचार आता है कि हिन्दू नाम रखकर मुस्लिम युवक ने किसी साक्षी को फंसाया और बाद में उसको कन्वर्ट कर दिया या फिर नृशंस ढंग से उसकी हत्या कर दी। कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी को बताना चाहिए कि क्या एक डरे हुए समुदाय के लोग इस प्रकार की खौफनाक घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं।

## अमृत कलश

# मुक्ति है प्रकृति का चरम लक्ष्य

**वेदांत** धर्म का सबसे उदात्त तथ्य यह है कि हम एक ही लक्ष्य पर भिन्न-भिन्न मार्गों से पहुंच सकते हैं। मैंने इन मार्गों को साधारण रूप से चार वर्गों में विभाजित किया है- कर्ममार्ग, भक्तिमार्ग, योगमार्ग और ज्ञानमार्ग। परंतु यह भी स्मरण रखना चाहिए कि ये विभाग अत्यंत तीक्ष्ण और एक-दूसरे से नितांत पृथक नहीं हैं। प्रत्येक का तिरोभाव दूसरे में हो जाता है। किंतु प्रकार के प्राधान्य के अनुसार ही ये विभाग किए गए हैं। ऐसी बात नहीं कि तुम्हें ऐसा कोई व्यक्ति मिल सकता है, जिसमें कर्म करने के अतिरिक्त दूसरी कोई क्षमता न हो, अथवा जो अनन्य भक्त होने के अतिरिक्त और कुछ न हो, अथवा जिनके पास मात्र ज्ञान के सिवा और कुछ न हो। ये विभाग केवल मनुष्य की प्रधान प्रवृत्ति अथवा गुणप्राधान्य के अनुसार किए गए हैं। हमने देखा है कि अंत में ये सब मार्ग एक ही लक्ष्य में जाकर एक हो जाते हैं। वह चरम लक्ष्य क्या है? जहां तक मैं समझता हूं, वह है मुक्ति। एक परमाणु से लेकर मनुष्य तक, जड़ तत्व के अचेतन प्राणहीन कण से लेकर इस पृथ्वी की सर्वोच्च सत्ता- मानवात्मा तक, जो कुछ हम इस विश्व में प्रत्यक्ष देखते हैं, वे सब मुक्ति के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हमारी पृथ्वी सूर्य से दूर भागने की चेष्टा कर रही है तथा चंद्रमा, पृथ्वी से। प्रत्येक वस्तु में अनंत विस्तार की प्रवृत्ति है। सब का मूल आधार मुक्तिलाभ के लिए यह संघर्ष ही है। इसी की प्रेरणा से साधु प्रार्थना करता है और डाकू लूटता है। जब कार्यविधि अनुचित होती है, तो उसे हम अशुभ कहते हैं और जब उसकी अभिव्यक्ति उचित होती है, तो उसे शुभ कहते हैं। दोनों दशाओं में प्रेरणा एक ही होती है, और वह है मुक्ति के लिए संघर्ष।

## बोध कथा

# राष्ट्र के लिए त्याग

**एक** बार एक राजा अपने राज दरबार में मंत्रियों से बौद्धिक चर्चा कर रहे थे—'संस्कार बुद्धि से आते हैं या वंशानुगत होते हैं?' मंत्रियों में इस विषय पर मतैक्य नहीं हो सका। समाधान के लिए राजा ने नगर से दूर एक महल बनवाया था और उसमें एक गूंगी, बहरी परिचारिका को ठहराया गया। साथ ही तीन नवजात शिशुओं को पालन-पोषण के लिए उसको सौंप दिया। उनमें एक शिशु मंत्री का, दूसरा कोतवाल का और तीसरा ब्राह्मण का था। दस वर्षों के पश्चात तीनों बालकों को राजदरबार में बुलाया गया। राजा ने तीनों बालकों से प्रश्न किया, 'सब कुशल तो हैं?' एक ही तरह के पालन-पोषण के बावजूद तीनों बालकों के उत्तर अलग-अलग थे।

## अपने लक्ष्यों को धीरे- धीरे ही सही, लेकिन दृढ़तापूर्वक प्राप्त कर रहा

# अंतरिक्ष युद्ध की आहट और रणनीतिक सकपकाहट

कमलेश पांडेय

> केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार पिछले नौ वर्षों से यही कर रही है, जिससे दुनिया का शक्ति-संतुलन गड़बड़ाने लगा है। यह सरकार अपने राष्ट्रीय हितों और वैश्विक जरूरतों के बारे में इतनी सजग है कि वसुधैव कुटुम्बकम के शाश्वत व अकाट्य भारतीय सिद्धान्तों, जिससे गुटनिरपेक्षता भी ओत-प्रोत है, के आगे अमेरिकन लॉबी और रशियन लॉबी की एक नहीं चलने दे रही है। यहां पर अमेरिकन लॉबी का मतलब अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी जैसे नाटो देशों से है। जबकि रशियन लॉबी का मतलब रूस, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान, तुर्की जैसे सीटो देशों से है। भारत तीसरी दुनिया के देशों को साधकर दुनिया के बहके हुए विकसित देशों के निरंकुश व्यक्तिगत और सामूहिक स्वार्थों को संतुलित करने की जद्दोजहद में जुटा हुआ है।

**युद्ध** पाशविक प्रवृत्ति है। मनुष्य ने पशुओं के संसर्ग में आकर यह प्रवृत्ति सीखी है। हालांकि पशु तो महज भोजन के लिए एक-दूसरे पर आक्रमण करते हैं, लेकिन मनुष्य तो सिर्फ अपने अहंकार की संतुष्टि के लिए और कभी कभार गुटबंदी के लिए ऐसा करता है। इसलिए किसी भी संभावित युद्ध से बचने का बस एक ही उपाय यह है कि खुद को इतना मजबूत और शक्तिशाली बना लिया जाए कि हमलावर आक्रमण करने से पहले सौ बार सोचे। केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार पिछले नौ वर्षों से यही कर रही है, जिससे दुनिया का शक्ति-संतुलन गड़बड़ाने लगा है। यह सरकार अपने राष्ट्रीय हितों और वैश्विक जरूरतों के बारे में इतनी सजग है कि वसुधैव कुटुम्बकम के शाश्वत व अकाट्य भारतीय सिद्धान्तों, जिससे गुटनिरपेक्षता भी ओत-प्रोत है, के आगे अमेरिकन लॉबी और रशियन लॉबी की एक नहीं चलने दे रही है।

यहां पर अमेरिकन लॉबी का मतलब अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी जैसे नाटो देशों से है। जबकि रशियन लॉबी का मतलब रूस, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान, तुर्की जैसे सीटो देशों से है। भारत तीसरी दुनिया के देशों को साधकर दुनिया के बहके हुए विकसित देशों के निरंकुश व्यक्तिगत और सामूहिक स्वार्थों को संतुलित करने की जद्दोजहद में जुटा हुआ है और अपने लक्ष्यों को धीरे- धीरे ही सही, लेकिन दृढ़तापूर्वक प्राप्त कर रहा है। इन मसलों पर फ्रांस, इजरायल और जापान जैसे देश भारत की खुलकर मदद भी करते हैं।

इन वार लव ट्रायंगल जैसे त्रिकोणीय युद्ध हालातों के बीच भले ही तीसरा विश्व युद्ध टलता जा रहा हो, लेकिन अमेरिकी गुट और रूसी गुट की वैश्विक बादशाहत को बनाये रखने के लिए जो छोटे-छोटे युद्ध हो रहे हैं, वो इस बात की चुगली कर रहे हैं कि प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध को झेल चुकी यह दुनिया आखिरकार कबतक तीसरा विश्व युद्ध टाल पाएगी। क्या प्रथम विश्व युद्ध के गोला बारूद, द्वितीय विश्व युद्ध के परमाणु बम की तरह तीसरे विश्व युद्ध में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कोई नया गुल खिलाएगी और इस बार जल, थल, नभ के अलावा अन्तरिक्ष में भी युद्ध होगा।

यदि अंतरिक्ष युद्ध की नौबत आई तो अमेरिका-ब्रिटेन गुट



और रूस-चीन गुट की तरह क्या भारत को भी जापान और फ्रांस के साथ मिलकर कोई अंतरिक्ष गुट तैयार कर लेना चाहिए। यह सब बातें मैं इसलिए कर रहा हूं, क्योंकि हाल ही में अमेरिकी सेना के एक अधिकारी ने कहा था कि अगर जरूरत पड़ी तो हम अंतरिक्ष में भी युद्ध करने के लिए तैयार हैं। आपकी याददाश्त ताजा करा दें कि रूसी और चीनी अधिकारी भी पूर्व में ऐसी धमकियां दे चुके हैं। यदि ऐसा हुआ तो जल, थल, नभ युद्ध से ज्यादा बर्बादी अंतरिक्ष युद्ध से होगी, क्योंकि सूचना तकनीक और सूचना क्रांति के सहारे तेजी से आगे बढ़ती हुई यह दुनिया सेटेलाइट गिरते ही अचानक ठहर जाएगी और सबकुछ अस्त-व्यस्त हो जाएगा। इससे जनजीवन इतना प्रभावित होगा कि बिना मारे ही अन्य कारणों से लोग बर्बाद हो जाएंगे। भूख-प्यास-तनाव से मर जायेंगे।

यदि उपर्युक्त अमेरिकी अधिकारी की बातों पर गौर करें तो उसने साफ बताया कि रूस के लगातार आक्रामक रवैये और चीन की अंतरिक्ष में ताकत बनने की महत्वाकांक्षा से अमेरिका सशंकित है और अपनी वैश्विक बादशाहत पर मंडराता खतरा देख वह किसी भी हद से गुजर सकता है। इतिहास साक्षी है कि जब-जब राजाओं को अपनी गद्दी छिनने का खतरा होता था तो वो युद्ध का बिगुल फूंक देते थे। लोकतांत्रिक वाकयुद्ध और चुनावी साल में छिड़े सीमाई युद्ध की वजह भी प्रायः यही बताए जाते हैं।

अमेरिका के अंतरिक्ष नियंत्रण में नीति, योजना और रणनीति विभाग में उपनिदेशक ब्रिगेडियर जनरल जेसी मोरहाउस मई 2023 के तीसरे सप्ताह में दो देशों की अंतरिक्ष संचालन शिखर सम्मेलन 2023 में शिरकत करने लंदन पहुंचे थे। जहां ब्रिटेन और अमेरिका की अंतरिक्ष में संयुक्त क्षमताओं पर खुलकर चर्चा की गई थी। इसके बाद अमेरिकी दूतावास में मोरहाउस ने जो कुछ कहा, वह रूस-चीन के लिए स्पष्ट संकेत है कि अगर रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं थमा और फिर चीन-ताईवान युद्ध भड़का तो फिर अमेरिका वह कर सकता है, जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता।

उन्होंने दो टूक कहा कि यदि हमें जरूरत पड़ी तो हम आज रात में भी अंतरिक्ष में युद्ध लड़ने के लिए तैयार हैं। अगर कोई भी देश अमेरिका को धमकाता है या हमसे सम्बन्ध रखने वाले अथवा हमारे साथ रक्षा सम्बन्धों पर समझौते कर चुके देशों को किसी तरह से परेशान करने की कोशिश करता है या उनके किसी हित में बाधा पहुंचाता है तो हम आज रात ही लड़ने को तैयार हैं।

यदि आपको अंतरिक्ष युद्ध की बरीकीपूर्वक समझ है तो यह अमेरिका का ऐसा मास्टर स्ट्रोक साबित होगा, जिससे रूस के दो मजबूत और करीबी देश चीन-भारत की अर्थव्यवस्था व जनजीवन तबाह हो जाएगा। फिर रूस के सामने हथियार डालने के अलावा कोई चारा भी नहीं बचेगा।

इसलिए भारत को चाहिए कि वह अंतरिक्ष युद्ध के संभावित दुष्प्रभावों को रोकने के लिए एक मजबूत रणनीति बनाए। साथ ही, अमेरिका-रूस के बीच ऐसी नौबत न आने दे कि अमेरिका को एक बार फिर से अपना रौद्र रूप दिखाना पड़े, जैसा कि वह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 6 अगस्त 1945 को जापान के दो महत्वपूर्ण शहर हिरोशिमा और नागासाकी पर दो परमाणु बम गिराकर दे चुका है। वियतनाम, लीबिया, इराक पर अमेरिकी भूमिका जगजाहिर है।

अफगानिस्तान-पाकिस्तान के बीच चले हिंसक दांवपेच में भी वह बदनाम रहा है। ऐसे दुदांत देश को यूक्रेन में उसकी हद बताने के लिए रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन द्वारा किया जा रहा यौद्धिक प्रयत्न सराहनीय है। उन्हें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मिल रहा चीन-भारत का साथ भी दुनियावी संतुलन बनाए रखने के लिए उचित है।

लेकिन अमेरिकी और नाटो की ताजा बौखलाहट किसी तीसरे विश्व युद्ध ( अंतरिक्ष युद्ध ) का बीजारोपण न कर दे, इसके लिए कूटनीतिक और सामरिक दोनों प्रयास करने होंगे और अचानक सेटेलाइट ठप हो जाने के बाद भी भारतीय जनजीवन अप्रभावित रहे, इसके लिए ठोस उपाय करने में ही बुद्धिमानी है। कहा भी गया है कि अग्र सोची, सदा सुखी।

# प्रकृति संरक्षण की प्रणेता किंकरी देवी

> प्रकृति से सराबोर पहाड़ों की शरण में सुकून के लम्हें बिताने के लिए हर कोई बेताब रहता है। लेकिन मौजूदा दौर में विकास के मजमून लिखने को खुशुसी तवज्जो देकर पर्यटन स्थलों व धार्मिक स्थलों को एक ही नजरिये से देखा जा रहा है। भौतिक सुख सुविधाओं के तहत जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रकृति व पर्यावरण से खिलवाड़ हो रहा है। पहाड़ों को पर्यटन के तहत अर्थतंत्र का जरिया बनाने के लिए बेतरतीब निर्माण कार्यों के मंसूबों को अंजाम देकर हजारों जिंदगियों को जोखिम में डालने का काम हो रहा है। विकास की आंधी में पहाड़ों पर मशीनीकरण के प्रहार व सुरंगों के लिए ब्लास्टिंग जैसी इनसानी दखलअंदाजी से उपजी आपदाओं ने पहाड़ों का कुदरती स्वरूप व खूबसूरती को इस कदर बिगाड़ दिया है कि सुकून भी अनियंत्रित विकास के पास गिरवी रहने को मजबूर है। 'अर्ल नाइटेंगल' के अनुसार पर्यावरण हमारे रवैये और अपेक्षाओं का आईना होता है।

**कुदरत** को निगाह-ए-नाज से देखने की तमन्ना रखने वाले प्रकृति प्रेमियों के जहन में हिमाचल के पहाड़ों का दिलशाद चेहरा जरूर आता है। आधुनिकता की चकाचौंध में भौतिकतावादी सुख-सुविधाओं की बेहिसाब हसरतों के बीच सुकून की तलाश में हजारों सैलानी हिमाचल की नजाफत भरी फिजाओं में पर्यटन का लुत्फ उठाकर पहाड़ की तहजीब का दीदार भी करते हैं। प्रकृति से सराबोर पहाड़ों की शरण में सुकून के लम्हें बिताने के लिए हर कोई बेताब रहता है। लेकिन मौजूदा दौर में विकास के मजमून लिखने को खुशुसी तवज्जो देकर पर्यटन स्थलों व धार्मिक स्थलों को एक ही नजरिये से देखा जा रहा है। भौतिक सुख सुविधाओं के तहत जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रकृति व पर्यावरण से खिलवाड़ हो रहा है। पहाड़ों को पर्यटन के तहत अर्थतंत्र का जरिया बनाने के लिए बेतरतीब निर्माण कार्यों के मंसूबों को अंजाम देकर हजारों जिंदगियों को जोखिम में डालने का काम हो रहा है। विकास की आंधी में पहाड़ों पर मशीनीकरण के प्रहार व सुरंगों के लिए ब्लास्टिंग जैसी इनसानी दखलअंदाजी से उपजी आपदाओं ने पहाड़ों का कुदरती स्वरूप व खूबसूरती को इस कदर बिगाड़ दिया है कि सुकून भी अनियंत्रित विकास के पास गिरवी रहने को मजबूर है। 'अर्ल नाइटेंगल' के अनुसार पर्यावरण हमारे रवैये और अपेक्षाओं का आईना होता है। दुनिया के



साइंसदानों ने पूरी कायनात का तवाजुन बिगाडने वाले एटमी जखीरे तैयार कर रखे हैं, मगर कुदरत के कहर से निपटने में विश्व भर के भूगर्भशास्त्री व भूकंपवेताओं की हर हिकमत बौनी साबित हो रही है। ज्ञात रहे आईना बोलता नहीं है, मगर चेहरे की कैफियत को पूरी तफसील से बयान करता है, ठीक उसी प्रकार प्रकृति अपने दोहन का दर्द लफ्जों से जाहिर नहीं करती, बल्कि अपने शोषण की एक हद के बाद पलटवार जरूर करती है। कुदरत के उस रौद्र रूप के बाद संभलने का मौका नहीं मिलता। हाल ही में जोशीमठ से लेकर तुर्की व सीरिया में प्रकृति विनाश की शदीद झलक दिखा चुकी है। पर्यटन हो, धार्मिक स्थल या प्राकृतिक आपदाएं, अपने जमाल से पूरी कायनात को अफरोज करने वाले पहाड़ अक्सर चर्चा का केंद्र बने रहते हैं। कुछ माह पूर्व झारखंड सरकार ने गिरीडीह जिले में पारसनाथ पहाड़ी पर स्थित जैन तीर्थस्थल 'सम्मेद शिखर' को पर्यटन स्थल के रूप में नोटिफाई किया था। सम्मेद शिखर की पवित्रता कायम रखने तथा पारसनाथ पहाड़ी का वजूद बचाने के लिए जैन समाज हजारों की तादाद में सडकों पर उतर गया था। जैन समुदाय के उस विरोध प्रदर्शन ने सिरमौर जिला की विख्यात पर्यावरणकत्र्ता 'किंकरी देवी' द्वारा हिमाचल के पहाड़ों को अवैध खनन से बचाने के संघर्ष को याद करा दिया था। दरअसल सन-1980 के दौर में सर्वोच्च न्यायालय ने हिमालय के कुछ क्षेत्रों में खनन पर रोक लगाने का फरमान जारी किया था। उस समय प्राकृतिक संसाधनों से सराबोर हिमाचल के पहाड़ खनन माफिया की निगाहों का मरकज बने थे। खनन माफियाओं ने हिमाचल की सरजमीं पर दस्तक देकर सिरमौर जिला की कुछ खदानों में अवैज्ञानिक ढंग से खनन को अंजाम दिया था। उस समय श्री रेणुका जी से ताल्लुक रखने वाली किंकरी देवी ने पहाड़ों का मसीहा बनकर अवैध खनन को चुनौती देने का साहस किया था। किंकरी देवी ने जिला के पहाड़ व जंगलों को अवैध खनन से बचाने की लड़ाई धरातल पर धरने प्रदर्शन से लेकर कानूनी रूप में उच्च न्यायालय तक लड़ी थी। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश पीडी देसाई ने पर्यावरण रक्षक किंकरी देवी के जज्बे को सलाम करके अवैध खनन के खिलाफ फैसला सुनाया था। खनन माफियाओं ने उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में भी चुनौती पेश की थी, मगर सुप्रीम कोर्ट ने भी किंकरी देवी के पक्ष को जायज करार दिया था। पहाड़ों को खनन माफिया से बचाने की आवाज बुलंद करने वाली किंकरी देवी को उनके बेखौफ अंदाज ने देश-दुनिया में एक महान पर्यावरणविद के रूप में पहचान दिलाई थी। लेकिन विडंबना है कि हिमाचल के पहाड़ों के लिए एक योद्धा की तरह लडने वाली किंकरी देवी की पर्यावरणकत्र्ता की प्रतिभा को सबसे बड़ा सम्मान व पहचान विदेशी भूमि पर नसीब हुई थी। पूरा जीवन पहाड़ों को बचाने के लिए जद्दोजहद करने वाली किंकरी देवी के जज्बे का चश्मदीद चीन का बीजिंग शहर बना जब सन-1995 में 'बीजिंग' में आयोजित चौथे अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन में किंकरी देवी को खास दावत दी गई थी। किंकरी देवी द्वारा पर्यावरण रक्षा के संघर्ष की दास्तां को सुनकर उस महिला सम्मेलन की मुख्य अतिथि व अमेरिका की प्रथम महिला 'हिलेरी क्लिंटन' इस कदर प्रभावित हुई कि उस सम्मेलन में किंकरी देवी को मंच पर बुलाकर द्वीप प्रज्वलित करने का सम्मान दिया गया। पर्यावरण की प्रणेता किंकरी देवी को राष्ट्रीय स्तर पर भी कई सम्मान व पुरस्कारों से नवाजा गया था। वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण एक ज्वलंत मुद्दा बन चुका है। पड़ोसी राज्यों से लगते हिमाचल के सरहदी क्षेत्र अवैध खनन के लिए कुख्यात हो चुके हैं। खनन माफिया इस कदर बेखौफ है कि अवैध खनन रोकने वाले अधिकारियों पर जानलेवा हमले हो रहे हैं। अतः प्रकृति संरक्षण के पेशेनजर पर्यावरणकर्ता का वास्तविक किरदार निभाने के लिए किंकरी देवी जैसे जज्बे व साहस की जरूरत है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दुनिया को ज्ञान बांटने वाले लोगों को किंकरी देवी द्वारा पर्यावरण की पैरवी के लिए संघर्ष व योगदान से मुखातिब होना चाहिए। स्मरण रहे प्रकृति संरक्षण का अलख जगाने वाली किंकरी देवी ने स्वीडन की 'ग्रेटा थनबर्ग' की तरह पर्यावरण पर एक भाषण देकर सुर्खियां नहीं बटोरी थी, मगर खनन माफिया से लडने के लिए पहाड़ की उस विख्यात पर्यावरणविद के पास पहाड़ जैसा हौसला व फौलादी जिगर जरूर था जिसके आगे खनन माफिया घुटने टेकने को मजबूर हुए थे।

## नागरिक बोध

# वारिस और वसीयत

**वक्त** बदलने के साथ-साथ बातों का अर्थ, जीने का अंदाज, प्रेमालाप का तरीका तक कुछ इस कद्र बदल गया है कि हम पहचान ही नहीं पाते कि क्या यह हमारा वही संसार है जिसमें हम तन कर हमेशा 'सही को सही' और 'गलत को गलत' कहते रहे। तब की बात और थी हुजूर। तब हम सच के हक में आवाज उठाते थे, तो दस लोग हमारी हां में हां मिलाने के लिए खड़े हो जाते थे। हां में हां मिलाने वालों की तो आज भी कमी नहीं, लेकिन जमाने ने सच के अर्थ और यथार्थ के सन्दर्भ ही बदल दिए, इसलिए हां में हां मिलाने वाले अब किसी सत्कार्य के लिए खड़े होने वाले नहीं, बड़े आदमी की चाटुकारिता में अर्थ तलाशने वाले हो गए। जी यह इस अर्थ का मतलब समझने वाला नहीं, मतलब साधने वाला है। अर्थ वहीं कालमता साहिब, कि जिसके लिए पहले कहा जाता था, 'तेरी गठरी में लागा चोर, मुसाफिर जाग जरा।' लेकिन आज जब मुसाफिरों को कहीं जाने की जरूरत नहीं तो भला उन्हें जागने की क्या जरूरत? मानते हैं कि चुनाव करीब हैं। अब सुदामा के सत्तुओं की पोटली का महत्व बढ़ सकता है। वोट मांगने के लिए तुम्हारी पोटली की थाह लेने तेरे द्वार तक दोबारा सत्ताधीश बनने की चाह रखने वाले आयेंगे। जो इनके नीचे से कुर्सी खिसका दें, ऐसे विपक्षी भी तेरा द्वार खटखटायेंगे। भला तेरी सत्तुओं की पोटली में इतनी कुव्वत है कि वह आधी-आधी बंट कर दोनों का पेट भर सके। अजी क्या गये बीते जमाने की बातें करते हो? पेट तो देखो इन भद्रजनों के भरे-भराये हैं। वे तेरे सत्तू बांटने नहीं, तुझे अपने सपने के एक टुकड़े की खैरात देने आये हैं। पिछली बार पांच साल पहले सपनों की आमद का भ्रम जाल बिछा तेरे मतपत्रों का जिंदाबाद ले गये थे। फिर तुझे या तेरी पोटली या उसमें बंधे सत्तू भूल अपनी साइकिलों को आयातित गाडियां बनाने में लगे रहे। अब चुनाव युग आने की घंटी टनटनायी तो फिर तेरी सुदामा का सुदामा रह जाने और उसकी पोटली के और भी फट जाने की याद आयी। अब उसकी उधडन सीने के लिए नारों के नये सूई धागे के साथ सपनों का नया टुकड़ा भी लाए हैं। देखो, हर हाथ को काम देने का वायदा था, उसकी सुध नहीं ली। उस वायदे के चेहरे पर 'अपना हाथ जगन्नाथ' और 'स्वरोजगार' की सफेदी की पुताई करते रहे। अब फिर तेरे वोट मांगने का समय आया तो तेरी पोटली मुंह बाये है। इस बीच तो इसका मुंह और भी खुल गया। बीच के चार दांत भी गायब हो गये। नेता जी क्या जवाब दें? गरीब की पोटली तो वैसे ही रहनी थी। अब क्या इस फेर में हर दिन अपनी भारी-भरकम होती जा रही गठरी को भी गंवा दें? देखिये रोग की दहशत से मुसाफिर घरों में बंद हो गए, तो पर्यटन करवाने वालों के वाहन उखड़ कर ठेलागाड़ी बन गए, होटल से लेकर चाट-पकौड़ी बेचने वाले तक वीराने में चले गए। नहीं साहिब, चाहे सब कुछ बंटाधार हो जाए, लेकिन देश की लोक संस्कृति, लोक जीवन और लोकतंत्र पर आंच नहीं आने देनी है।

## देश दुनीया से

# दस का जादू

**बहुत** से काम ऐसे होते हैं जो हम करना चाहते हैं या जिन्हें करना जरूरी होता है, लेकिन फिर भी हम उन्हें कर नहीं पाते। हम हर रोज उस काम को करने का मन बनाते हैं लेकिन करते नहीं हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं। काम कठिन हो या हमारी पसंद का न हो तो हमारा दिमाग उसे न करने के नए-नए बहाने ढूंढ लेता है और हमें पता भी नहीं चलता कि ये गड़बड़ हमारे अपने दिमाग के कारण है। कभी आलस्य के कारण, अनुशासित न होने के कारण, काम खत्म करने की जल्दी न होने के कारण भी हम अक्सर काम को टालते चलते हैं और वो भी तब, जबकि काम होना हमारे लिए महत्वपूर्ण अथवा लाभदायक हो सकता है। जब कोई काम हमारे लिए महत्वपूर्ण अथवा लाभदायक होने के बावजूद टलता चला आ रहा हो तो टालने की इस प्रवृत्ति से बचने के लिए एक बहुत सीधा-सादा सरल-सा उपाय अपनाया जा सकता है। अपने स्मार्ट फोन पर दस मिनट का अलार्म लगाइये और उस काम को शुरू कर दीजिए जिसे आप निपटाना चाहते हैं। चूंकि दस मिनट का समय इतना कम है कि हमें बोरियत नहीं होती और हमारा दिमाग काम से बचने के बहाने ढूंढना बंद कर देता है, तो होता यह है कि काम शुरू हो जाता है, और जो काम शुरू हो चुका हो, उसे निपटाना भी आसान हो जाता है। यह सचमुच एक जादुई फार्मूला है और मैं अपने पूरे पेशेवर करिअर में इस फार्मूले का लाभ लेता आया हूं। एक समय निश्चित कीजिए और उस समय के लिए दस मिनट का अलार्म लगा लीजिए। उस निश्चित समय पर हमेशा सिर्फ वही काम कीजिए जिसे आप टालते आ रहे हों। हर रोज ऐसा ही करने से मानो आपके जीवन में क्रांति-सी आ जाएगी। आपने व्यायाम करना हो, बाजार से कुछ लाना हो, कुछ लिखना हो, कोई कठिन या नापसंद काम निपटाना हो, बस दस मिनट का ये जादुई फार्मूला अपनाइये और टालते जाने की अपनी आदत से हमेशा के लिए छुटकारा पा लीजिए। है न आसान? ऐसे ही जब कभी आपको फैसला लेने में दिक्कत आए, यह उलझन हो कि फैसला सही है या गलत, या यह उलझन हो कि फैसला लें भी या नहीं तो प्रसिद्ध काउंसलर सूजी वेल्च की 'दस मिनट, दस महीने, दस साल' तकनीक का उपयोग कीजिए। सूजी वेल्च ने बहुत साधारण ढंग से जीवन की एक बड़ी समस्या का हल सुझाया है। यह तरीका इतना अनूठा और कारगर है कि इसने कई जिंदगियां बदल दी हैं। मैनेजमेंट के विद्यार्थी के रूप में मुझे यह पढ़ाया गया है कि सही निर्णय लेने का एक ही ढंग है, और वह है कि निर्णय लिए जाएं, असफलता के डर से डर कर खाली न बैठा जाए बल्कि काम किया जाए। यह एक अच्छी सलाह है क्योंकि डर के मारे काम ही न करना किसी समस्या का हल नहीं है। एक अत्यंत सफल उद्योगपति से जब पूछा गया कि वे हर बार सही निर्णय कैसे ले लेते हैं तो उन्होंने कहा कि इसमें उनका 'अनुभव' सहायक होता है और जब उनसे अगला सवाल किया गया कि अनुभव कैसे प्राप्त किया जाए तो उनका उत्तर था 'गलत निर्णय लेकर'। इससे हमें दो बातें सीखने को मिलती हैं। पहली, हमें असफलता के भय से सोचते ही नहीं रहना चाहिए और नि_ले नहीं बैठना चाहिए, और दूसरी, यदि निर्णय गलत हो जाए तो उससे सीख लेनी चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए। अक्सर हम जब निर्णय लेते हैं तो हमें मालूम नहीं होता कि निर्णय सही है या गलत, और उसका हम पर तथा हमारे आसपास की दुनिया पर क्या असर होगा। अक्सर हम अपने दिल, दिमाग, अनुभव और जोखिम लेने के साहस पर निर्भर करते हुए कोई निर्णय लेते हैं। ऐसे निर्णय सही अथवा गलत होने की संभावना बराबर-बराबर की होती है, यानी निर्णय के सही या गलत होने की कोई तार्किक या वैज्ञानिक प्रक्रिया के अभाव में हम निर्णय तो लेते हैं, पर यह नहीं जानते कि असल में वह निर्णय कितना सटीक है। हम सिर्फ आशा करते हैं कि वह निर्णय सही होगा और प्रार्थना करते हैं कि निर्णय सचमुच सही ही हो। जब भी हम कोई निर्णय लेना चाहें तो हमें यह सोचना चाहिए कि हमारे निर्णय का अगले दस मिनट में क्या असर होगा, फिर सोचना चाहिए कि उसका अगले दस महीनों में क्या असर होगा और फिर यह कि हमारे निर्णय का अगले दस सालों में क्या असर होगा। दस मिनट का महत्व इस रूप में है कि हमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि हमारे किसी भी निर्णय पर हमसे जुड़े लोगों की फौरी प्रतिक्रिया क्या होगी।

> मैनेजमेंट के विद्यार्थी के रूप में मुझे यह पढ़ाया गया है कि सही निर्णय लेने का एक ही ढंग है, और वह है कि निर्णय लिए जाएं, असफलता के डर से डर कर खाली न बैठा जाए बल्कि काम किया जाए। यह एक अच्छी सलाह है क्योंकि डर के मारे काम ही न करना किसी समस्या का हल नहीं है। एक अत्यंत सफल उद्योगपति से जब पूछा गया कि वे हर बार सही निर्णय कैसे ले लेते हैं तो उन्होंने कहा कि इसमें उनका 'अनुभव' सहायक होता है और जब उनसे अगला सवाल किया गया कि अनुभव कैसे प्राप्त किया जाए तो उनका उत्तर था 'गलत निर्णय लेकर'।

# बिजली विभाग की मनमानीः तीन साल से गांव में नहीं है बिजली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के नवनिर्मित प्रखण्ड सरयू अंतर्गत ग्राम डोरम में 200 घरों में लगभग 650 परीवार निवास करते हैं। इस गाँव में करीब 3 वर्ष पहले हर घर बिजली योजना के तहत प्रत्येक घरों में बिजली का कनेक्शन लगा कर बिजली की सेवा बहाल किया गया था। बिजली बहाल होने के एक सप्ताह बाद ही 11 हजार वोल्ट का कवरयुक्त तार जल गया है, जो आज तक खराब है। ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग को कई बार आवेदन देकर इसकी जानकारी दिया गया है। परंतु आज तक किसी भी पदाधिकारी के द्वारा इसका शुद्ध नहीं लिया गया है। बिजली गुल है परंतु अभी भी विभाग के द्वारा बिल भेजा जाता है। ग्रामीण पाड़ों सिंह, दिपु सिंह, प्रदीप सिंह, सुरेश सिंह, रामकुमार सिंह, राजदेव सिंह, रामबकत सिंह समेत अन्य स्थानिय ग्रामीणों ने बताया कि सन् 2020 में इस गाँव के प्रत्येक घरों में बिजली का कनेक्शन लगाया है। कनेक्शन लगने के उपरांत बिजली बहाल किया था। परंतु करीब एक सप्ताह बाद ही 11 हजार का तार जल जाने के कारण इस गांव में बिजली की सेवा आज तक ठप है। हमलोगों के द्वारा कई बार आवेदन के माध्यम से इसकी जानकारी विभाग के पदाधिकारियों को दिया गया है। परंतु अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं किया है। बिजली नहीं होने से हमलोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नौनिहाल बच्चों को पढ़ाई-लिखाई करने में काफी परेशानी हो रही है। मोबाईल जार्ज करने के लिए दुसरे गाँव का सहारा लेना पड़ता है। विभाग के द्वारा कई बार बिजली का बिल भी भेजा गया था। लेकिन हमलोगों के द्वारा बिल जमा करने से साफ मना कर दिया गया है। जब बिजली ही नहीं है तो, बिल क्यों जमा करें। यदि विभाग के द्वारा जल्द से जल्द बिजली बहाल नहीं किया गया तो, हमलोगों के द्वारा अपने घरों से बिजली का मिटर खोल कर बिजली विभाग को सौंप दिया जायेगा।

## भीषण आग से कई लाखों का नुकसान पीड़ित परिवार ने मुआवजे की लगाई गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखंड क्षेत्र के रिमी पंचायत स्थित मजडीहा गांव निवासी संतोष राम का खपरैल मकान बुरी तरह से जलकर खाक हो गया। उक्त विषय की जानकारी देते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों ने बताया कि शनिवार की रात खाना खाने के बाद संतोष पूरे परिवार के साथ अपने घर में ही सोया हुआ था।रात के लगभग साढ़े बारह बजे घर में आग धधकने की आवाज और लपटों की गर्मी से अचानक उनकी नींद खुली तो घर के छप्पर को लपटों में तब्दील होते देखा।तत्परता बरतते हुए सभी लोग घर के बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। फिर हल्ला करके गांव वालों को जगाया।इससे पहले कि आग बुझाने का कोई प्रबंध गांव वाले कर पाते देखते ही देखते पूरा घर लपटों में तब्दील हो गया और जलकर खाक हो गया। इस अगलगी में संतोष के घर के अंदर रखा लगभग सभी सामान भी जलकर खाक हो गया। गहने, रुपए, कपड़े, चारपाई, खाने-पीने की सामग्री समेत लगभग पांच लाख रूपए का नुकसान हुआ है। जिसके कारण संतोष खुले मैदान में रहने को मजबूर हो गया है। इसे सरकारी आवास भी नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि आग की शुरुआत घर के बाहर से ही हुआ था।

## वृद्ध के साथ घर में घुसकर अज्ञात लोगों ने की मारपीट

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगड़ा ग्राम में शनिवार देर रात एक वृद्ध के साथ उसके घर में घुसकर अज्ञात लोगों ने मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विनोद भुइयां 50 वर्ष पिता स्व0 हरकू भुइयां ग्राम नगडा थाना बालूमाथ निवासी अपने घर में सोया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने घर का दरवाजा खुलवाया और उसके साथ मारपीट की वही दो हजार रुपये भी लूट लिए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से विनोद भुइयां को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। इस सबंध में पीड़ित ने बालूमाथ थाना को लिखित आवेदन दिया है ।जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## महुआडांड़ के सोहरपाठ में 11 बेटियों का हुआ सामूहिक विवाह

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज की बेलचंपा-रेहला शाखा के तत्वावधान में परम पूज्य अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन लातेहार जिला अंतर्गत महुआडांड़ के सोहरपाठ गांव में 4 जून को आयोजित हुआ आश्रम के संस्थापक श्रद्धेय भैया जी की प्रेरणा व निर्देशन में आयोजित हो रहे इस सर्वधर्म सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह में 11 जोड़ा गरीब वर-कन्याओं की शादी कराई गए। सामूहिक विवाह कार्यक्रम सुबह सात बजे परम पूज्य अघोरेश्वर भगवन रामजी के पूजा अर्चना के उपरांत आदरणीय सुधीर भैया जी के आशीर्वाद से शुरू हुआ संपूर्ण वैवाहिक कार्यक्रम वाराणसी से आये प्रकांड पंडितों द्वारा सम्पन्न कराया गया शादी मैं मुख्य अतिथि पूर्व मनिका विधायक श्री हरकृष्ण सिंह जी थे।शादी के बाद आश्रम श्रद्धेय भैया जी के आशीर्वचन और अतिथियों के आशीर्वाद के साथ ही विवाहित बेटियों को विदा किया गया लातेहार के महुआडांड़ का यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है। यहां पर धर्मांतरण को रोकने के निमित्त आश्रम की ओर से कराया जा रहा निशुल्क सामूहिक विवाह का यह आयोजन सराहनीय कदम है। इस क्षेत्र में प्रेरणा परमार्थ आश्रम की सोहर पाठ गांव स्थित शाखा में निशुल्क सामूहिक विवाह का यह चौथा आयोजन था कार्यक्रम के पूरे अध्यक्षता श्री दिनेश प्रसाद सिंह जी, कार्यकारी अध्यक्ष श्री कृपाशंकर सिंह, कार्यकारी उपाध्यक्ष शेरों सिंह जी, सदस्य रंजीत सिंह, विशाल सिंह, पप्पू सिंह, प्रकाश सिंह, महेंद्र सिंह, पवन सिंह, रणधीर, रामप्रवेश सिंह, डॉक्टर विकास, अजीत, डॉ अनूप, डॉक्टर प्रेमचंद मिस्टर सिंह, डॉक्टर विकास, नीरज, दुर्गेश, अंशु, गोलू, दीपू, राकेश, सतीश, आलोक, मनोज, संजू बबलू, वेद, कृष्णा जी, मधु जी, महुआडांड़ जिला परिषद स्टेला नगेसिया, राम जयसवाल, सिंपल कुमार, अजय उरांव, अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पोखरी कलां से हज पर जाने वाले जायरीनो को विधायक ने किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** प्रखंड क्षेत्र के पोखरी कलां से हज पर जाने वाले रिजवानुल हक और उनकी पत्नी नाजमा बीबी ने हज के लिए रवाना हुए सभी देशवासियों की सलामती और समृद्धि की दुवाओं के साथ आज पोखरी कलां से हज यात्रियों को हज के पाक और मुक़द्दस सफ़र पर विधायक रामचंद्र सिंह समेत कई अन्य गणमान्य नागरिक और कई जनप्रतिनिधि ने फुल माला और पगड़ी पोशी कर नारे के साथ सॉल ओढ़ा कर हज के रवाना किया। हज के पाक पवित्र महीने में हज पर जाने वाले जायरीनो से मिलकर उनके यात्रा मंगलमय की कामना विधायक श्री सिंह ने किया साथ ही मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सलाम अंसारी, समाजसेवी हेसामुल अंसारी के नेतृत्व में हज पर जाने वाले जायरीनो को फुल माला पगड़ी पोसी कर स्वागत किया गया। हदीस अंसारी, इधर पोखरी कलां बजार स्थित पूर्व जीप सदस्य मनान अंसारी के नेतृत्व में भी हज पर जाने वाले जायरीनो से मिलकर उनके बेहतर सफर की कामना कर मुसाफा कर दुआ करने का काम किया वहीं कुटमू मोड़ पर राजद के वरिष्ठ नेता सह झारखंड आंदोलनकारी के केन्द्रीय सचिव अलीहसन अंसारी ने हज पर जाने वाले रिजवानुल हक और उनकी पत्नी से मिलकर दुआ की कामना करते हुए उनके बेहतर सफर यात्रा की दुआ करने का काम किया साथ ही उनके साथ में राजद के कई समर्थक भी रहे उपस्थित। वही पोखरी कलां में मौके पर सईद अंसारी, दिलावर अंसारी, व्यवसायिक कलाम अंसारी पोखरी कलां के मुखिया नीतू देवी, उप मुखिया सुल्तान अहमद, बहादुर सिंह, संतोष कुमार सिंह, अजमतुउल्लह अंसारी समेत काफी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मौके पर उपस्थित थे।

# भाजपा युवा मोर्चा मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को बरवाडीह भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास सिंह की अध्यक्षता में उनके आवास पर मंडल कार्यसमिति का बैठक किया गया। साथ ही छिपादोहर मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार की अध्यक्षता में हुई जिसके प्रभारी भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री अजय प्रसाद की भी उपस्थिति रही।इस दौरान आनेवाले अगले कार्यक्रम पर चर्चा की गई जिसमें भाजपा सरकार के 9 वर्ष पुरे होने पर केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना। अगले 5 जून से 20 जून तक केन्द्र सरकार के योजनाओं के लाभार्थियों के घर तक जाने और उनका 10 सेकेंड का डॉक्यूमेंट्री बनाना और उसे सरल एप्प पर अपलोड करना। वहीं 3 जून से 10 जून तक मतदाता सम्मेलन नुक्कड़ सभा करना बाईक रैली निकाल कर पर्चा बांटना, 25 जून को ऑनलाइन क्यूज प्रतियोगिता कराना तय किया गया है। मौके पर उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार मंत्री गौरव सिंह प्रदीप राम आईटी सेल प्रभारी मनीष कुमार सोशल मीडिया प्रभारी अनिल कुमार ठाकुर मीडिया प्रभारी गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह प्रवीण कुमार समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## तड़के 11 बजे दिन लवकुश के घर में लगी आग, जल कर सारा सम्पति खाक



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के लूतीडीह गोठाई के लवकुश सिंह के घर में तड़के 11 बजे दिन आग लग जाने से पूरा घर आग के हवाले हो गया। हालांकि अग्निशमन दल पहुंचा तब तक बहुत देर हो चुका था। इधर ग्रामीणों ने भी आग पर काबू पाने के लिए बहुत प्रयास किया लेकिन तपती धूप के कारण सारा प्रयास विफल रहा। इधर आग के चपेट में घर आने से घर में रखा खाने पीने का सामान से लेकर रुपया पैसा व कागजात जल कर स्वाहा हो गया। इस तरह आग या खुद लगा या लगाया गया इसका खुलासा नहीं हो पाया है। वैसे ऐसी भयानक आग लगने से सिंह परिवार बेघर हो गए हैं साथ हीं खाने पीने का भी लाले पड़ जाएगा। चुकी आग में सारा सामान जल कर राख हो गया है। भुक्तभोगियों ने अंचलाधिकारी से राहत कोष से आर्थिक मदद की गुहार लगाया है। जिससे हँसता खेलता जिंदगी पुनः बहाल हो सके।

## अज्ञात लोगों ने की दो बैलों की चोरी

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बारियातु में बीते 3 जून की रात चोरों ने दो बैल को चोरी कर फरार हो गए। बैल गांव के मतन दांगी तथा रामोतार यादव का है। दोनो लोग अन्य दिनों के तरह अपने मचान के नीचे जानवर बांधा करते थे। सुबह सुबह जब दोनों अपने बंधे जानवर को चारा देने गए। तो देखा कि दोनों का एक एक बैल गायब है। दोनो व्यक्ति चारो तरफ खूब खोज बिन किया। लेकिन जानवर का पता नहीं चला।

## महा जनसंपर्क अभियान चलाने को लेकर भाजपा मंडल कार्यालय में हुई बैठक

**बारियातु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा कार्यसमिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी ने किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए युवा मंडल अध्यक्ष केसरी ने कहा कि अब तक जो भी केन्द्र के संचालित योजनाओं के द्वारा काम हुआ है उसके बारे मे जनता को बताना है .जैसे पीएम आवास, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री ज्योति जीवन बीमा योजना, सहित अन्य सभी संचालित योजनाएं। एवं मंडल में लाभार्थी सम्मेलन करना, नव मतदाता से मिलना, बाईक रैली निकालना, क्विज़ करवाना सहित कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से जानकारी दिया गया.इसके लिए एक टोली बनाई गई है। ये टोली सभी बूथ पर जाकर जन सम्पर्क कर केंद्र सरकार के योजनाओं को लोगों को बताएंगे। इसके साथ ही महा जन संपर्क अभियान चलाने को लेकर विशेष चर्चा की गई।

# हेहेगड़ा में मालगाड़ी पटरी से उतरी कोई हताहत नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** टोरी-बरवाडीह रेल खण्ड के छिपादोहर- हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन के बीच अप लाइन में मालगाड़ी में हॉट एक्सल हो जाने से दुर्धटना होने से बाल बाल बच गया। वही हॉट एक्सल से अप लाइन में रेल परिचालन कई घण्टो तक ठप रहने के बाद परिचालन शुरू हुआ है। इसकी जानकारी देते हुए स्टेशन मास्टर आर सी बगोटिया ने बताया कि सुबह 5:10 मिनट पर हेहेगड़ा से मालगाड़ी खुली जैसे ही पोल संख्या 243/44 के पास पहुंची, पहुंचते ही हॉट एक्सल हो गया। ट्रेन को ठीक करने के लिए एक्सपर्ट टीम पहुंची। उसके बाद रेल परिचालन शुरू हुआ।

## डाड़ी गांव निवासी मों याकूब हज के लिए रवाना

## ग्रामीणों ने फूलमाला से स्वागत कर किया रवाना, दुवाओं के लिए किया अर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के डाड़ी गाँव निवासी मों याकूब हज के लिए रवाना हो गए हैं। इधर ग्रामीणों ने मों याकूब को मक्का मदीना हज जाने के लिए फूल माला से स्वागत कर रवाना किया। मों याकूब के पुत्र डब्लू ने बताया कि मेरे पिता रविवार को गाँव से रांची हज हाऊस जाने के लिए रवाना हुए हैं । सोमवार सुबह को मक्का मदीना के लिए रांची बिरषा हवाई अड्डा से फ़्लैट है जिससे सैकड़ो लोग हज के लिए रवाना होंगे। वहां पहुंचते हीं खिदमत गार लोग सभी हाजियों को जियारत व अरकान पुरे करवाएंगे। यह प्रक्रिया मक्का मदीना में 20 से 25 दिन का होगा। जहां हज का अरकान पूरा होने के बाद पुनः सभी हाजी फ़्लैट से वापसी बिरषा हवाई अड्डा रांची में करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गाँव से इस वर्ष एक व्यक्ति हज के लिए रवाना हुए है। जिनका किस्मत होता वही जियारत के लिए मक्का मदीना रवाना होते है। वैसे हज सभी को लाजमी है हैसियत के अनुशार। रवानगी में गाँव और रिश्तेदारों के सैकड़ों लोग शामिल थे।

## मजदूरों को अपना हक, अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल झारखंड बिरसा मुंडा कामगार यूनियन के बैनर तले लातेहार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ओबर के तत्वाधान में ग्राम प्रधान निर्मला देवी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में मजदूरों को संगठित करते हुए, मजदूरों के हक और अधिकार के लिए जागरूकता किया गया।जिसमें यूनियन के सदस्य प्रमिला देवी वार्ड सदस्य द्वारा तूवेद माइंस से प्रभावित क्षेत्र के समस्याओं को लेकर कहा की तूबेद माइंस द्वारा किए गए कई वादे के अनुसार विस्थापित एवं प्रभावित लोगों को रोजगार एवं नौकरी से वंचित रखा जा रहा है, लोग बाहर जाने को लेकर विवश हैं, आए दिन प्रवासी मजदूरों के साथ घटना होते रहता है। एवं उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि प्रभावित क्षेत्र के आप सभी अखिल झारखंड बिरसा मुंडा कामगार यूनियन संगठन के साथ जुड़कर अपना अधिकार के लिए लोकतांत्रिक ढंग से अपना हक अधिकार ले सकें। तथा यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि लातेहार जिला खनिज संपदा से भरा पड़ा है।जो यहां के स्थानीय लोगों द्वारा एकजुट होकर अपने हक अधिकार के लिए मजबूती से मांग नहीं कर पा रहे हैं इसलिए क्षेत्र में हो रहे,कार्य जैसे तूबेद माइंस रेलवे साइडिंग बॉक्साइट स्थानीय मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है।

# गरीबों की सेवा के लिए है मोदी सरकार : राजधानी यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार के द्वारा महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत महिला डिग्री कॉलेज में जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे के अध्यक्षता में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव ने कहा कि महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है इसी कड़ी में प्रधानमंत्री जी के 9 साल कार्यकाल में लातेहार विधानसभा में अनेकों कार्य किए गए हैं, जिसमे लातेहार प्रखंड के ग्राम पतरातू में एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण, ग्राम बिशुनपुर में महिला डिग्री कॉलेज का निर्माण,ग्राम राजहर में एएनएम प्रशिक्षण महाविद्यालय का निर्माण, ग्राम गोवा में डिग्री कॉलेज, लातेहार नगर में विशाल पानी टंकी का निर्माण कर जल संकट से निजात दिलाना, सांसद सुनील सिंह के प्रयास से जिले में दो दो ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना, प्रदेश में भाजपा की रघुवर सरकार के सहयोग से लातेहार भाया डीही मुरूप नवादा हेरहंज तक सड़क एवं पुल निर्माण, उदयपुरा से बालूमाथ प्रखंड को जोड़कर लातेहार से बालूमाथ की दूरी लगभग 20 किलोमीटर कम किया गया एवं सिकनी से रिचूघूटा तक पथ एवं पुल निर्माण जैसे अनेकों कार्य किया गया है।कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों की सेवा वंचितों का सम्मान सुनिश्चित हो रहा किसानों का कल्याण, नारी शक्ति हो रही है ताकतवर, भारत की अमृत पीढ़ी हो रही है सशक्त, मध्यम वर्ग का जीवन हुआ आसान, सभी के लिए सस्ती सुलभ स्वास्थ्य सेवा, राष्ट्र प्रथम विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा, भारत वैश्विक आर्थिक महाशक्ति, टेक्नोलॉजी से भारत को नई शक्ति, सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण जन-जन में जागरण, संकल्प के साथ कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम के अंत में दिवंगत पत्रकार कौशल पांडेय का असमय दुर्घटना में मृत्यु एवं उड़ीसा के बालासोर में ट्रेन दुर्घटना में मृत लोगों को 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश पाठक, जिला उपाध्यक्ष उषा देवी, महा जनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक पंकज सिंह, नगर पंचायत निवर्तमान अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश पांडेय, सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी पवन कुमार, नगर मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री पिंटू रजक, जिला कार्यसमिति सदस्य आनंद सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह, बबन मांझी, राजकुमार दास, अमर विश्वकर्मा, अजय सिंह, युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार, धीरेंद्र शुक्ला, संतोष पांडे, राजू प्रसाद, एवं पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कौशल उन्नयन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवादाता**

**लातेहार :** जिला कौशल विकास कार्यालय के द्वारा रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में कौशल उन्नयन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य कार्यशाला का शुभारम्भ लातेहार विधायक बैद्धनाथ राम एवं उपायुक्त भोर सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया द्य इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बेरोजगारी का एक प्रमुख कारण युवक-युवतियों के पास रोजगार परक कौशल या हुनर का अभाव है। सभी युवक युवती आजीविका एवं अच्छे जीवन के लिए नौकरी पाना चाहते हैं द्य परन्तु इंडस्ट्री के मांग के अनुरूप कौशल नहीं होने के कारण वे रोजगार प्राप्त नहीं कर पाते हैं। राज्य सरकार युवक युवतियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना चला रही है द्य जिसके तहत विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है द्य आगे उन्होंने कहा बाजार में विभिन्न तरह के कौशल युक्त कामगारों की काफ़ी मांग है जैसे राजमिस्त्री, प्लम्बर, टेलर, ऑटोमोबाइल मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स/ मोबाइल रिपेयरिंग मैकेनिक, वेल्डर इत्यादि द्य इन कार्यो के लिए कौशल प्रशिक्षण प्राप्त आप रोजगार पा सकते हैं अथवा स्वरोजगार भी कर सकते हैं द्य उन्होंने युवक युवतियों से सरकार द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़कर लाभ लेने की अपील किया द्यउपायुक्त ने कहा कि सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है द्य युवक- युवती उससे जुड़कर अपना कौशल हासिल करें द्य आगे उन्होंने कहा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत कौशल संवर्धन के लिए कार्य का अनुभव भी प्राप्त करें। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने निजी क्षेत्र में 40000 रूपये तक के वेतन वाले पदों के 75 फीसदी पद पर स्थानीय युवक युवतियों को नियुक्त करने का नियम बनाया है द्य जिले में वर्तमान में कुछ कम्पनियों के खदान संचालित हैं और कुछ नये खदान खुलने वाले है द्य जिले में रोजगार के बड़ी संख्या में नये अवसर उपलब्ध होंगे। स्थानीय युवक-युवती कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर उनमें रोजगार प्राप्त कर सकते हैं द्यश्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि सरकार के द्वारा युवक युवतियों को रोजगार पूरक कौशल प्रशिक्षण देने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना संचालित किया जा रहा है द्य इस योजना में सक्षम झारखण्ड कौशल विकास योजना, दीन दयाल उपाध्यायय कौशल केंद्र, एम्प्लॉयबिलिटी एक्सीलेंस विथ कॉलेज एजुकेशन एंड लर्निंग, ब्लॉक लेवल इंस्टिट्यूट फॉर रूरल स्किल एक्विजिशन समाहित है द्य इस योजना के तहत गैर आवासीय प्रशिक्षणार्थियों को 1000 रूपये प्रतिमाह दिया जाता है। प्रशिक्षणोपरांत प्रमाणित सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्राणिकरण के तीन महीने के अंदर रोजगार नहीं मिलने पर युवकों को 1000 रूपये प्रतिमाह तथा युवतियों/ दिव्यांग/ परलैंगिक को 1500 रूपये प्रतिमाह अधिकतम 1 वर्ष के लिए देने का प्रावधान है द्यकार्यशाला में एनटीपीसी के डीजीएम आर. बी. सिंह एवं इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉर्पोरेट अफेयर्स के प्रोफेसर रमण वल्लभ ने कौशल प्रशिक्षण, अप्रेन्टिसशिप एवं रोजगार के अवसरों के बारे जानकारी दिया द्यमौके पर सांसद प्रतिनिधि विवेक चौरसिया, मनिका विधायक के प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, कौशल प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि एवं आमजन, युवक युवती उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जदयू प्रखंड कमिटी का विस्तार



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड जदयू कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कमिटी के विस्तार हेतु जमुनिया डैम परिसर मे एक बैठक आहूत की गई। बैठक प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कई गई। बैठक में सभी पंचायतों से आये हुए जदयू कार्यकर्ताओ ने पार्टी हित में अपना मंतव्य दिया।उपस्थित सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने एक मत से कहा कि हमें मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल के मार्गदर्शन मे चल कर जन जन तक पहुँच कर जदयू पार्टी की विचारधारा कोजन-जन तक पहुँचाना है। आने वाले 2024 में लोकसभा एवं विधासभा चुनाव में अहम भूमिका निभाना है । प्रखण्ड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता ने कहा कि युवाओ के सहयोग से हम एक मजबूत संगठन तैयार करेंगे, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में पुनः फिर मांडू विधानसभा में जदयू पार्टी का परचम लहराना है।आज की बैठक मे प्रखंड समिति का विस्तार करते हुए प्रखंड उपाध्यक्ष −राजेश कुमार यादव,घनश्याम महतो,सचिव− रवि कुमार साव,बैजनाथ महतो,मीडिया प्रभारी−जितेंद्र कुमार सिंह,माही बाबू को सर्वसम्मति से चयन किया गया। बहुत जल्द युवा मोर्चा,और महिला मोर्चा का गठन कर बूथ स्तर का कमिटी बनाये जाने की बात कही गई। मोके पर मुख्य रूप से राजू कुमार,मुकेश यादव, किशोर कुमार रवि,विनोद यादव, सुनील ठाकुर,सुनील महतो, द्वेष कुमार,दीपक तिवारी,रवि किशोर,प्रेमचंद कुमार,जागेश्वर कुमार,सुखदेव महतो,दौलत महतो,ओम प्रकाश,वीरेंद्र साव, दिलीप साव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे ।

### सूर्यकुण्ड भूमि बचाव संघर्ष समिति का गठन आगामी रविवार को किया जायेगा

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धरोहर धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर में आज एक बैठक देवेंद्र पाण्डेय कि अध्यक्षता में किया गया।बैठक में सूर्यकुण्ड धाम के आसपास गैरमजरूआ भूमि पर भूमाफियाओं के द्वारा फर्जी तरीके से कागजात बनाया जा रहा है।जिस भूमि को भूमाफियाओं के टेढी नजर से बचाने हेतु विस्तृत रूप से चर्चा किया गया।एवं उपस्थित लोगों के द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी रविवार को वृहद पेमाने पर ग्रामीणों को इकठ्ठा करके अवगत करवाया जायेगा कि सूर्यकुण्ड के भूमि पर भूमाफियाओं के द्वारा किस प्रकार से जमीन कब्जा करने के लिए तरह-तरह के हथकंडा अपनाया जा रहा है।एवं सूर्यकुण्ड भूमि बचाव संघर्ष समिति का गठन किया जायेगा।बताते चलें कि सूर्यकुण्ड के आसपास लगभग 40 एकड गैरमजरूआ भूमि है।जिसपर भूमाफियाओं का टेढी नजर पड गया है।जिससे आने वाले समय में सूर्यकुण्ड के सुंदरता एवं प्राकृतिक सौंदर्य पर प्रभाव पड़ता हुआ प्रतीत हो रहा है।उपस्थित लोगों के द्वारा निर्णय लिया गया कि सूर्यकुण्ड के गैरमजरूआ भूमि को गैरकानूनी तरीके से भूमाफियाओं को कब्जा नहीं करनें दिया जायेगा।उक्त बैठक में मुख्य रूप से जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,विजय पाण्डेय,संजय पाण्डेय,रामानंद पाण्डेय,त्रिपुरारी पाण्डेय,आदित्य पाण्डेय,अनुज कुमार पाण्डेय,सुरेश कुमार पाण्डेय,भुनेश्वर नायक,अजीत पाण्डेय,विनोद गिरि,संतोष पाण्डेय,नरेश नायक,लक्ष्मण यादव,सोनू पाण्डेय,शेषनाथ सिंह,गुड्डू बाबा,छोटी राम,रामाअवतार पाण्डेय के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### साहू भवन में मेगा स्वास्थ्य शिविर मंगलवार को

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साहू समाज और पारस हॉस्पिटल के सानिध्य में मेगा स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन आगामी छह जून मंगलवार को साहू भवन के प्रांगण में होगा। उक्त जानकारी देते हुए रामगढ़ साहू समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता उर्फ छोटू और सचिव राकेश गुप्ता उर्फ मंटू ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को साहू भवन के प्रांगण में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होने जा रहा है। इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में ईसीजी एवं ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच की जाएगी। झारखंड के सुप्रसिद्ध एवं ख्याति प्राप्त हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ मुकेश कुशवाहा के द्वारा निशुल्क हृदय जांच एवं संबंधित सभी तरह के रोगों का निशुल्क इलाज किया जाएगा। एवं पारस हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध फिजीशियन डॉक्टर रोहित के द्वारा सभी प्रकार के रोगों का निशुल्क इलाज किया जाएगा। साहू समाज रामगढ़ आम लोगों से आग्रह करता है कि इस मेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं। इस निशुल्क स्वास्थ शिविर को सफल बनाने में दीपक कुमार, राजीव कुमार, प्रमोद साह, निलेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, देवानंद कुमार, रंजीत कुमार साह, सुनील कुमार साह, तरुण कुमार, श्याम कुमार साह, समेत साहू समाज के अनेकों लोग इस मेगा स्वास्थ्य शिविर का सफल बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

# मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने निकाली विकास तीर्थ यात्रा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में भाजपा द्वारा विकास तीर्थ यात्रा की जा रही है। लगातार पूरे जून महीने में यह यात्रा देश के प्रत्येक जिले में चलाई जानी है। बरही विधानसभा में भी इस यात्रा की शुरुआत गौरियाकरमा कृषि अनुसंधान केंद्र से की गई। भाजपा जिला कमिटी के साथ हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने गौरियाकरमा कृषि अनुसंधान केंद्र के समीप इस यात्रा की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को बुके देकर व माला पहनाकर किया गया। मौके पर हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार की सबसे बड़ी सफलता धारा 370 समाप्त करना है। धारा 370 समाप्त कर भारत माता की असली सेवा किया गया। इसके अलावा पूरे देशभर में सड़कों का जाल बिछा दिया गया, जिसका फायदा हजारीबाग को भी मिला। बाईपास बनने से ट्रैफिक लोड शहर में कम हो गया। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने विगत नौ वर्षो में कृषि को लेकर शिक्षित करने की दिशा में कई पहल की है और ये विश्वविद्यालय इसका उदाहरण है। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार ने विगत नौ वर्षो में अंत्योदय तक पहुंचकर उनका उत्थान किया। चाहे घर घर बिजली पहुंचाने की बात हो या फिर प्रधानमंत्री आवास योजना हो, उज्ज्वला योजना हो, या जन धन योजना, सभी क्षेत्रों मे केंद्र सरकार ने कार्य करते हुए विकास किया है। कहा कि हवाई अड्डा को लेकर पैसों की व्यवस्था स्थानीय सांसद व केंद्र सरकार ने कर दिया लेकिन सूबे की राज्य सरकार हवाई अड्डा बनाने में विफल रही। मंच संचालन सांसद प्रतिनिधि राजेश सहाय ने किया।जबकी धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि राजेश सहाय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता रितेश गुप्ता,अम्बिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## गोला ब्लॉक में जागरूकता अभियान का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वधान में चल रहे मन का मिलन पकवाड़ा को लेकर रविवार को गोला ब्लॉक में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। गोला ब्लॉक में पारा लीगल वॉलिंटियर पूनम कुमारी ने लोगो विधिक सेवा द्वारा चलाये गए कार्यक्रम मन का मिलन पखवाडा के बारे जानकारी दिया और मामले मुकदमे की मध्यस्थता के बारे मे जानकारी दिया और बच्चो को बाल संरक्षण कानून के बारे मे जानकारी दिया ।

## एनटीपीसी मजदूर यूनियन की साप्ताहिक बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** रविवार को एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक )की साप्ताहिक बैठक यूनियन कार्यालय पीटीपीएस में हुई । जिसकी अध्यक्षता भाकपा अचंल सचिव सह एटक राज्य कार्यकारिणी सदस्य कामरेड मनोज कुमार महतो ने किया । बैठक में यूनियन की सदस्यता बढ़ाने एवं मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की गई । वही मनोज कुमार महतो ने कहा कि आए दिन मजदूरों के द्वारा शिकायत मिल रही है । कि भेल के अंतर्गत जितने भी एजेंसियां कार्य कर रही है । उनके अधिकारी और कर्मचारी आए दिन मजदूरों से 12 घटां काम करवाते है । नहीं करने पर काम से बैठाने की धमकी भी देते हैं । इसे लेकर एनटीपीसी मजदूर यूनियन भेल प्रबंधन एवं एनटीपीसी पीवीयूएनएल प्रबंधन को इन एजेंसियों को लगाम लगाने की मांग करती है। साथ ही यूपीएल मैन पावर में जितने भी वैकेंसी आएंगे । उसमें स्थानीय युवाओं को 75 परसेंट प्राथमिकता दी जाए । इन सभी मुद्दों को लेकर एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक )एनटीपीसी पीवीयूएनएल प्रबंधन को एक मांग पत्र देगी द्व मौके पर उपस्थित संतोष मुंडा रमेश महतो मनोज मुंडा अशोक कुमार महेंद्र नंदन सिंह ओम प्रकाश साहू चरित्र सिंह उमेश करमाली गौतम सिंह आदित्य कुमार रोहित करमाली अभिमन्यु महतो राहुल करमाली सत्य ईश्वर सिंह उमेश करमाली और आदित्य कुमार आदि उपस्थित थे ।

## चेंबर की वार्षिक आमसभा 25 जून को : विनय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की 30 वी वार्षिक आमसभा 25 जून 2023 दिन रविवार को किए जाने की घोषणा चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने की इस अवसर पर चेंबर के मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी %मानू% ने बताया कि वार्षिक आमसभा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी जिसमें पहला सत्र व्यवसायिक सत्र होगा उस सत्र में वर्ष 2022-23 के आय-व्यय का ब्यौरा एवं सचिव प्रतिवेदन को संतुष्ट किया जाएगा साथ ही संविधान संशोधनों के लिए आए हुए प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया जाएगा दूसरा सत्र उद्घाटन सत्र होगा जिसमें राज्य के मंत्री, सांसद,विधायक या वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी को बुलाने का प्रयास किया जाएगा इस अवसर पर मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी मानु ने कहा कि चेंबर के सदस्यों को संविधान में संशोधन हेतु कोई प्रस्ताव प्रेषित करना हो तो वह 17 जून 2023 तक उक्त प्रस्ताव के संशोधन के लिए आवेदन चेंबर भवन में जमा कर सकते हैं इस अवसर पर चेंबर के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) दुर्गा प्रसाद सिंह उर्फ वकील सिंह, मनजी सिंह एवं उप समिति के सभापति बालकृष्ण जालान उपस्थित थे ।

## जल मीनार को कराया गया दुरुस्त, ग्रामीणों में खुशी की लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भीषण गर्मी की वजह से मांडू क्षेत्र में जल की समस्या पैदा हो गई है जिससे लोगों को दूरदराज क्षेत्रों से पानी लेने जाना पड़ता है। मांडू चट्टी पंचायत अंतर्गत फागू टोला में विगत 3 वर्षों से जल मीनार खराब पड़ा था जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था । ग्रामीणों को नोनियाबेड़ा नदी से पानी लाना पड़ता था ग्रामीणों के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खराब जल मीनार को दुरुस्त कराया। मौके पर मुखिया अनीता देवी ने नारियल फोड़ व फीता काट कर नल को चालू किया। जिससे ग्रामीणों । मुखिया अनीता देवी ने कहा कि पंचायत में जल की समस्या जहां भी होगी मैं हमेशा तत्पर हूं और हमेशा लोगों की समस्या के समाधान के लिए बैठा हूं लोगों की खुशी मेरी खुशी है ।इस मौके पर समाजसेवी बालेश्वर भुईयां नरेश सोरेन योगेश्वर महतो सीतान भुइयां ललिता किस्कू मूर्ति देवी फूलों देवी तालों मुर्मू कंचन भुइया राजकुमार भूईया गणेश भुइया सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

# नेहरु युवा केंद्र हजारीबाग ने मिलेट मेला का किया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग की ओर से मटवारी में मिलेट मेला का आयोजन किया गया। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की मदद से 72 देशों के सहयोग से वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया है ।इसका मुख्य उद्देश्य है मिलेट जैसे पोषक अनाजों के बारे में लोगों को जागरूक करना। इसके लिए राज्य सरकार एवं कई संगठन किसानों को मोटे अनाज उगाने के लिए प्रेरित कर रही है, एवं इसे लोगों की थाली तक पहुंचाने के लिए भी जागरूकता फैलाई जा रही है। मोटे अनाज के फायदे यह है कि यह हमें कई सारी बीमारियों से रक्षा प्रदान करता है तथा मिलेट फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम एवं फास्फोरस जैसे कई पोषक तत्व भरे होते हैं जो इसे एक संपूर्ण अनाज बनाता है जो विभिन्न तरीकों से आपके स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी किशोरी राणा उपस्थित थे जिन्होंने मिलेट के बारे में नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों से जानकारी ली एवं लोगों को भी इसके बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयंसेवक आकाश कुमार के द्वारा की गई एवं साथ में अन्य स्वयंसेवक वर्षा तनीषा, राहुल ,अक्षय, स्नेहा रूपम तनु आरया ईदू संदीप सचिन अमन महेश रंजन एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## भव्य तरीके से अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का लिया गया निर्णय



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को पतरातु सरस्वती शिशु विधा मंदिर में में सुबह पतजलि परिवार की ओर से एक बिषेश बैठक हुई । इस बैठक में सभी लोगों की सहमति से अंतराष्ट्रीय योग दिवस भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया । जिसके तहत 10 जुन से योग शिविर का आयोजन एसएस हाई स्कूल पतरातु में किया जाएगा । जो निरंतर 21 जून तक चलाया जाएगा । उक्त जानकारी पतरातू योग गुरु रोहित कुमार सिंह ने दी । बैठक में दर्जनों योगी भाई - बहन उपस्थित थे ।

## संजय लाल पासवान को पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने बधाई दी

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामगढ़ निवासी संजय लाल पासवान को झारखंड सरकार द्वारा झारखंड आवास बोर्ड का चेयरमैन/अध्यक्ष बनाए जाने पर पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने बधाई दी और साथ ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को भी धन्यवाद प्रेषित किया गया।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल,वरिष्ठ कांग्रेसी चमन लाल प्रसाद,मोहन शुक्ला,उपेंद्र यादव,अमित सान,प्रेमनाथ विश्वकर्मा,कृष्णा सिंह,अनिल सिंह,संजीव सिंह,संजय सिंह,सुनील कुमार महतो,दिनेश दास,जय सिंह,शिबू महतो राजेश बेदिया,जयंत तूरी,मो.नईम मो.मुस्तफा,तारीख रजा आदि उपस्थित थे।

## भाकिमयू ने किसानों, मजदूरों के अधिकार व संगठन विस्तार को लेकर करेगा बैठक

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय किसान मजदूर यूनिट (सिंघानिया) के द्वारा कोलयरी अरगड्डा, जिला रामगढ़ क्षेत्र समेत पूरे राज्य के किसानों व मजदूरों के अधिकारों, समस्याओं को लेकर बैठक करेगा। यह जानकारी रविवार को भाकिमयू जिला रामगढ़ कार्यकारिणी अध्यक्ष अशोक बेदिया ने दिया। कहां कि प्रदेश में किसानों और मजदूरों को सही रूप से अपने मेहनत और फसलों के दाम नहीं मिल पाते हैं। किसानों को समुचित जल की व्यवस्था सिंचाई के लिए मिले, तो अच्छी साग सब्जी और फसलों की पैदावार हो सकती हैं। मजदूरों को उचित मात्रा में सुलभ तरीके से रोजगार मुहैया नहीं हो पा रहा हैं। जिसके कारण कई होनहार युवा, बेरोजगार बाहर जाने को मजबूर हैं। इसके अलावे संगठन विस्तार और आगे की रणनीति को लेकर कानूनी रूप से आंदोलनात्मक कदम बढ़ाये जाएंगे। जिसके लिए भाकिमयू केंद्रीय नेतृत्व का मार्गदर्शन बैठक में मंथन के बाद लिए जा सकते हैं। आह्वान किया कि सभी भाकिमयू सदस्य आगामी संगठन के कार्यक्रम किसान पंचायत 10 जून हरिद्वार में सम्मिलित होने और इसे सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

# आरजेडी रामगढ़ का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के धाटो में राष्ट्रीय जनता दल का रामगढ़ जिला का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह मिलन समारोह घाटों के दुर्गा मंडप हाउसिंग में मुख्य अतिथि आरजेडी जिला अध्यक्ष मोहम्मद गुलजार की अध्यक्षता में की गई। इस कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद परवेज अंसारी ने किया। इस कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि जिला प्रधान महासचिव आलोक कुमार दुबे उपस्थित थे। आरजेडी जिला रामगढ़ के द्वारा घाटो ,बोलगाडा, हाउसिंग मोड बंगाली टोला , केदला मोड़ में भ्रमण कर लोगों से जनसंपर्क भी किया गया। आरजेडी में आस्था रखते हुए सैकड़ों लोगों ने आरजेडी का सदस्यता ग्रहण की सदस्यता ग्रहण करने वाले हैं।रोशन कुमार, नितिन कुमार, जसीम अंसारी, शहजाद अंसारी, साहबान अंसारी, अनवर हुसैन, रवि शंकर, सरफुद्दीन अंसारी, इबादत अंसारी, हदीस अंसारी, महमूद अंसारी, सरफराज हुसैन, शमीम अंसारी, मनोज कुमार, रजाक अंसारी, ईमराज अंसारी, आफताब आलम, साकिब अंसारी, मनोहर अंसारी, शब्बीर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, मेहताब अंसारी, सुनील कुमार, राजेंद्र कुमार, अशोक यादव, अजहर हुसैन, जावेद अख्तर, राहुल कुमार, पंकज ठाकुर, प्रकाश कुमार मुख्य रूप से थे ।इस कार्यक्रम में उपस्थित जिला सचिव वाहिद अंसारी सचिव अशफाक प्रखंड महासचिव एमडी समीर आरजेडी नेता एमडी हदीस अंसारी एमडी मुस्तफा आदि उपस्थित थे।

# झारखण्ड निर्माण मजदूर यूनियन का राज्य सम्मेलन 22 जून को रांची में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दोहाकातु पंचायत स्तरीय बैठक जारा टोला में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अमल घोषाल व संचालन कामेश्वर महतो तथा मनोज मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर यूनियन के रामगढ़ जिला संयोजक अमल घोषाल ने कहा कि बेतहाशा बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी पर केंद्र व राज्य सरकार चुप्पी साधे हुए हैं। लगातार मजदूर विरोधी कानूनों को केंद्र सरकार कारपोरेट कंपनियों के इसारे लागू कर रही है। आज भी मजदूरों को उनकी न्यूनतम मजदूरी से वंचित किया जा रहा है। जबकि मजदूर सुई से हवाई जहाज तक निर्माण कार्य में लगे हुए हैं।उनकी जिंदगी जैसे तैसे चल रही है। इसलिए मजदूरों को अपनी हक अधिकार के लिए यूनियन से जूड़कर संगठित होने की जरूरत है। आगामी 22 जून को झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन के राज्य सम्मेलन जो रांची में तथा 8-9 जुलाई को एआईसीडब्लूएफ का राष्ट्रीय सम्मेलन कन्याकुमारी में तय हुआ है, साथ ही 9 जून को शहीद विरसा मुंडा के शहादत दिवस की तैयारी पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अमल घोषाल ,झामस के केन्द्रीय नेता बिगेंदर ठाकुर, मनोज मुंडा, कामेश्वर महतो, संजय मुंडा,रिक्ती देवी, सुखी मुंडा,पुनम देवी,अर्जून महतो, दिनेश मुंडा,लूरक मुंडा, रमेश मुंडा, राजकुमार मुंडा, संतोष मुंडा सहित दर्जनों मजदूरों की भागीदारी हुई।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पतरातू में सोमवार व हजारीबाग स्थित आवास में विधायक अंबा प्रसाद का लगने वाला दरबार रहेगा स्थगित

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद का सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को पतरातु एवं मंगलवार को हजारीबाग स्थित आवास में एवं अन्य दिनों विभिन्न स्थलों पर लगने वाला जनता दरबार अगले आदेश तक स्थगित रहेगा।भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा आगरा में दिनांक 5 जून को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है तथा उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को पार्टी की तरफ़ से कांग्रेस महासचिव व राज्यसभा सांसद वरिष्ठ कांग्रेसी श्री जयराम रमेश जी ने ज़िम्मेवारी दी है। इसी कड़ी में विधायक अंबा प्रसाद आगरा रवाना हो गई है जिसके कारण लगने वाला जनता दरबार स्थगित रहेगा।

## अरारी पंचायत में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरारी पंचायत में स्थानीय मुखिया प्रमिला देवी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम बम्बरी एवं ग्राम सिरमाटांड़ में महावारी स्वच्छता प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं के बीच जागरूकता हेतु रेड डॉट चैलेंज किया गया। इस बीच बच्चियों एवं महिलाओं के बीच माहवारी के दौरान होने वाली विभिन्न समस्याओं एवं उसके निदान पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ हीं बच्चियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्थानीय मुखिया प्रमिला देवी, जलसहिया पिंकी देवी, कालिका देवी, सहिया बेबी देवी, समेत दर्जनों ग्रामीण महिलाए एवं युवतियों ने भाग लिया

## क्रिकेट क्लब सूरजुगादी के लोगों ने थाना में दिया आवेदन, मुखिया पर उपद्रव का लगाया आरोप

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमुआ प्रखंड के नवडीहा ओपी अंतर्गत नवडीहा पंचायत के सुरजुगादी में शनिवार को रात्रि में डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन क्रिकेट क्लब सुरजुगादी के द्वारा किया गया था। क्रिकेट टूर्नामेंट में स्थानीय मुखिया विनोद साव द्वारा मैच अस्थल पर गाली गलौज व विवाद की वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।वही क्रिकेट टूर्नामेंट क्लब रविवार को नवडीहा ओपी मैं एक आवेदन दिया आवेदन के आधार पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था जिसमें रात करीब 10ः00 बजे स्थानीय मुखिया अपने समर्थकों के साथ में स्थल पर पहुंचकर आयोजन समिति के साथ गाली गलौज और मारपीट के साथ उपद्रव किया गया इस दौरान काफी कुर्सियां को तोड़ा गया ग्रामीणों के बीच बचाव से मामला शांत हुआ. इस दबंगी को लेकर क्रिकेट टीम आयोजन समिति सहित ग्रामीणों ने नवडीहा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में सचिव शमशेर,नसीब अंसारी, नसीर अंसारी, अकरम अंसारी, मुमताज अंसारी इत्यादि दर्जनों आवेदक का हस्ताक्षर है वही मुखिया विनोद साव ने कहा उक्त स्थल पर टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था वह जमीन मेरा है इसके साथ ही कहा क्लब के द्वारा ना ही प्रशासनिक एवं पंचायत से टूर्नामेंट को लेकर कोई परमिशन लिया था वही गाली गलौज एवं तोड़फोड़ प्रतिक्रिया को लेकर टालमटोल करते नजर आए ।

## अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने वृद्धा आश्रम में मनाया जन्मदिन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आसन डाबर कदैया ग्राम टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में धनबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने अपना जन्मदिन आश्रम के वृद्धजनों के संग केक काटकर मनाया। राधेश्याम गोस्वामी ने सभी वृद्धजनों को स्वादिष्ट भोजन एवं मिष्ठान अपने हाथों से परोस कर कराया। वहीं वृद्ध माताओं एवं पिताओं ने श्री गोस्वामी को गले लगाकर एवं सर में हाथ रखकर हार्दिक आत्मिक आशीर्वाद दिया। अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने कहा लालमणि आश्रम में माताओं पिताओं की सेवा के लिए हमेशा आता-जाता रहता हूं क्योंकि जब पहली बार यहां आया था तब से यहां की यादें और वृद्धजनों का प्यार-आशीर्वाद आश्रम अक्सर खींच लाती है। आज मैंने अपना जन्मदिन मनाने का स्थान यहीं तय किया। आश्रम में आकर महसूस होता है कि माता-पिता के रूप में ईश्वर का दर्शन हुआ और माताओं पिताओं से सच्चा हार्दिक आशीष प्राप्त होता है जो इस व्यस्त जिंदगी में मेरे मन और दिल के लिए काफी सकूनदायक साबित होता है। मैं आश्रम के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के दीर्घायु होने की कामना करता हूं ताकि इन वृद्धजनों का अच्छी तरह जीवन यापन एवं सेवा निरंतर होता रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी के जन्म दिवस पर आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, समाजसेवी ओमकार मिश्रा, केयरटेकर सुबल सिंह एवं शांति देवी समेत आश्रम के अन्य सेवाकर्ता उपस्थित थे।

## विलेज लेवल चाइल्ड प्रोटेक्शन कमिटी सेविकाओं का प्रशिक्षण संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद श्री राम शर्मा के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय धनबाद में विलेज लेवल चाइल्ड प्रोटेक्शन कमिटी (वीएलसीपीसी) के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हुआ। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि धनबाद की 4 वीएलसीपीसी नीतू देवी, सरिता देवी, संगीता देवी, मिट्ठू देवी सेविकाओं को झालसा द्वारा कैलाश सत्यार्थी, चिल्ड्रन फाउंडेशन, बचपन बचाओ आंदोलन के सहयोग से दो दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें झारखंड राज्य के समस्त जिले की सेविकाओं को शामिल किया गया। उन्होंने कहा इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों को समझकर उनके साथ हो रहे अपराध को रोकना है। प्रशिक्षण के दौरान उनको बाल श्रम, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस अधिनियम, स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, ड्रॉपआउट बच्चों की शिक्षा, अप्रवासी मजदूर इत्यादि पर विशेष रुप से जानकारियां दी गई।

## युवा कांग्रेस नेता ने रेल दुर्घटना पर शोक संवेदना व्यक्त किया

**ओरमांझी :** युवा कांग्रेस नेता सह समाजसेवी अमाल खान ने शुक्रवार शाम को उड़ीसा बालासोर जिले में हुए ट्रेन हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपने संवेदना प्रकट की।और कहा कि उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों को जल्द से जल्द फांसी हो। श्री खान ने कहा की यह बहुत बड़ा हादसा है इससे पहले भी दर्जनों से अधिक बार हादसा हो चुका है अब देश की जनता बर्दास्त नहीं करेगा और उन्होंने कहा कि सिर्फ मुआवजा देने से काम नहीं चलेगा अपने गलती को सुधार करें और कहां थी यह पहली बार नहीं है ऐसा कई बार गलती हो चुका है लेकिन सरकार को इस पर ध्यान नहीं है और सैकड़ों से अधिक लोग हमारे देश के हर साल इसका शिकार हो रहे हैं और केंद्र सरकार सोई हुई है हम सभी को एक मंच पर आकर केंद्र सरकार को जगाना होगा ।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**(निर्माण विभाग)**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई–निविदा सं.:** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–05–23–24, **कार्य का नाम:** उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/धनबाद के अधीन कोडरमा–तिलैया नई रेल लाईन परियोजना के अन्तर्गत कि.मी. 46.000 से 24.500 (जमुनदाहा यार्ड सहित) में ब्लॉस्ट की आपूर्ति, ढेर लगाना तथा फैलाने के साथ पी.वे. सामग्री जैसी रेल, स्लिपर, फिटींग इत्यादि का ढुलाई का कार्य। **अंकलित मूल्य (रु.):** 20,97,40,721.68, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु.):** 0.00, **अग्रधन राशि (रु.):** 11,98,700.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 (बारह) माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 23.06.2023 at 15.30 बजे अपराह्न। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट:http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम–से–कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर उपलब्ध किये जायेंगे।

कृते मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/00454/सीओएन/ईएनजीजी/टी/23-24/44


## जमीन माफियाओं के हमले से सिंधीपाड़ा के दो युवक घायल, एक की हालात नाजुक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** नगर थाना क्षेत्र के बागतीपाड़ा पोखर के पास सिंधीपाड़ा के दो युवक पर जमीन माफियाओं ने हथियार से लैस होकर जान लेवा हमला कर दिया।जिसमें एक युवक को गंभीर अवस्था देख पश्चिम बंगाल रेफर कर दिया गया है।जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।सर पर गंभीर चोटें आई है और दोनों हाथ टूट गए है।इस सम्बंध में सिंधीपाड़ा निवासी भरत तीर्थानि ने नगर थाना में आवेदन देकर चार नामजद और पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध जानलेवा हमला,छिनतई सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।भरत ने पुलिस को दिए आवेदन में उल्लेख्य किया है कि शनिवार की देर रात्रि लगभग 10ः30 बजे मैं और मेरा मित्र दिनेश लालवानी आपस में बात कर रहे थे, तभी अचानक अन्नपूर्णा कॉलोनी के रंजीत कुमार चौबे,अमर ठाकुर,राजेश साह और रोहित गुप्ता सहित चार पांच अज्ञात लोगों ने हथियार के बल पर हमला कर दिया।हाथ में बंदूक,रड और सब्बल से हमला कर दिया।मैं किसी तरह जान बचाकर इधर उधर भाग रहे थे।तभी मेरे मित्र दिनेश लालवानी के सर पर रड से हमला कर दिया। जिससे वे खून से लहूलुहान होकर गिर पड़े।उसके बाद उक्त माफियाओं ने दिनेश का दोनों हाथ पकड़ कर रड और सब्बल से हमला कर दोनों हाथ को तोड़ दिया। बीच बचाव करने आये मोहल्ले के ही प्रकाश कुमार साह पर भी रड से हमला कर दिया।इसके बाद रंजीत कुमार चौबे ने मेरा सोने का तीन भारी का चैन भी छीन लिया।इधर हो हल्ला की आवाज सुनकर घर से महिलाएं निकल गई,तब दोनों की जान बच पाई।अगर मोहल्ले के लोग बाहर नही निकलते तो दो दो लाश सामने गिरा हुआ पड़ता।इधर घटना की खबर सुनकर नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार जवानों के साथ घटना स्थल पहुंचे और घायलों को ईलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया।

## सर्वदलीय विकास मंच की जनाक्रोश सभा में उमड़ा जनसैलाब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** राजनीतिक षड्यंत्र के तहत सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तियों को झूठे मुकदमों में फंसाने के विरोध में बरही के विजैया उच्च विद्यालय के मैदान में सर्वदलीय विकास मंच की ओर से रविवार को आयोजित जनाक्रोश सभा में जनसैलाब उमड़ा। इस जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा के निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए। कार्यक्रम में विजैया पंचायत व आसपास के विभिन्न पंचायत सहित प्रखंड के हजारों लोग शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता सर्वदलीय विकास मंच के बरही प्रखंड अध्यक्ष सह भाजपा के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह व मंच संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। सभा को संबोधित करते हुए बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए संबोधन में कहा कि बरही के पूर्व विधायक के इशारे पर राजनीतिक षड्यंत्र के तहत सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तियों को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है। हमारे रहते हुए किसी भी निर्दोष पर यदि गलत मुकदमा दर्ज होगा तो मैं बर्दाश्त नहीं करूंगा। अकेला यादव के रहते एक भी जानता के साथ अन्याय नहीं होगा। शोषण और दोहन के खिलाफ हमने हमेशा आवाज उठाई है। युवाओं को नौकरी देना, महिलाओ को सम्मान दिलाना, सड़को का जाल बिछाना, पुल बनवाना, खेतो तक पानी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता रही है। वहीं उन्होंने कहा की जिप उपाध्यक्ष भी मुकदमा दर्ज करवाने में शामिल है। वहीं विधानसभा क्षेत्र में धरातल पर उतारे गए कई विकास योजनाओं की जानकारी दिया था। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने कहा की पूर्व विधायक हमेशा भय की राजनीति की है। वही उन्होंने कहा की उमाशंकर अकेला नाम नहीं क्रांतिकारी हे, कोई ठेकेदार इनके कार्यकर्ता नही है। वहीं मो. क्यूम अंसारी ने कहा की पूर्व विधायक के इशारे पर हमलोगों फसाया गया। वहीं कहा की यदि बरही विधायक के रूप में अकेला यादव नहीं होते आज हमलोग जेल में होते। हमेशा न्याय के साथ रहें।

## मांडू विधायक जेपी पटेल ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** रविवार को चुरचू प्रखंड अंतर्गत पंचायत इंदिरा के ग्राम बासाडीह के टोला तरवाटांड़ मांडू के विधायक जय प्रकाश भाई पटेल के द्वारा पीसीसी पथ का शिलान्यास विधिवत ढंग से नारियल फोड़ कर किया गया। आपको बता दे कि यह कार्य डीएमएफटी मद से ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के द्वारा होना है। कार्य की प्राक्कलित राशि 98 लाख, 30 हजार, 3 सौ रुपये। योजना के तहत बोकारो नदी पुल से नादलाल महतो के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण किया जाएगा। तरवाटांड़ में पक्की सड़क नही रहने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस मौके पर विधायक जेपी पटेल ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। वही मुखिया राधिका देवी ने कहा कि पंचायत के उपेक्षित क्षेत्रों को चिन्हित कर विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इस दौरान माण्डू विधायक जेपी पटेल, चुरचू प्रखण्ड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो,मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह पूर्व उप प्रमुख चोलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि बिना मिश्रा, इंदरा पंचायत के पूर्व मुखिया दसरथ महतो, सुधीर साव, अशोक महतो, गंगा प्रसाद, गणेश महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## संपन्न हुई भाजपा की सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मीटिंग, मांडू विधायक जयप्रकाश पटेल हुए उपस्थित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में भाजपा के द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के निमित्त रविवार संध्या होटल ट्रीट के सभागार में सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर मिट का आयोजन हुआ ।भाजपा के मीडिया प्रभारी सह कार्यक्रम प्रभारी सत्यजीत चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप ने मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल जी उपस्थित हुए एवं मंच संचालन वरिष्ट उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम के जिला संयोजक राजू चतुर्वेदी ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक जेपी पटेल ने कहा की आज सोशल मीडिया को हटा कर राजनीति संभव नहीं। क्योंकि आज के डिजिटल भारत में देश के हर युवाओं के हाथ में उच्च तकनीक वाली मोबाइल उपलब्ध है जिससे वो पार्टी के हर कार्यक्रमों पर नजर रखते है और यही भाजपा की ताकत भी है जिसकी मदद से हमने कई चुनाव भी जीते है और जिस मोदी जी को पहले अमेरिका में आने पर प्रतिबंध लगाया गया था आज उसके राष्टपति हमारे मोदी जी के नाम पर चुनाव लड़ते है और उनका ऑटोग्राफ लेकर खुद को गर्वावित करते है। और ये आप सभी युवाओं की शोशल मीडिया के माध्यम से मोदी जी के पक्ष में किए गए प्रचार प्रसार से संभव हो पाया जिसको आज स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वीकार करते है।बैठक में उपस्थित रामगढ़ भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने उपस्थित युवाओं का धन्यवाद करते हुए कहा की आप सभी ने भाजपा के द्वारा किए जा रहे सभी विकास कार्यो को सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे देश में फैलते है,जिसके कारण आपको भी भ्रष्टाचार मुक्त सरकार मिलती है जो आपके अपेक्षाओं पर खरी उतरती है।आप सभी से निवेदन है की आप इसी तरह सोसल मीडिया के माध्यम से एक ईमानदार सरकार को सहयोग करते रहें साथ हीं 9090902024 नंबर पर खुद और अपने करीबियों से मिस्ड कॉल कर भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करें।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री रंजन फौजी,मंत्री रमेश वर्मा,आईटी सेल प्रभारी धीरज साहू,भीमसेन चौहान,वीरेंद्र महली, महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी रीति श्रीवास्तव,ओम शंकर रुदल कुमार,श्रवण कुमार,ऋषिकेश सिंह,जितेंद्र साहू,विकासमनी पाठक,राकेश सिंह,शंकर महतो,निरंजन कुमार,अर्जुन कुमार वर्मा,शशिशेखर सिंह,जयकुमार सिंह,अमन तिवारी,सुभम कुमार सिंह,सूरज पासवान,मोहन कुमार,प्रियांसु श्रीवास्तव,रवि गुप्ता इत्यादि दर्जनों मीडिया इनफ्लूएंसर उपस्थित हुए।

## कांग्रेस डाड़ी के बैठक में बूथ कमेटी गठन संगठन विस्तार व व्यापक भ्रष्टाचार पर हुई चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिददी :** कांग्रेस डाड़ी कमेटी की बैठक रविवार को कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राजकिशोर महतो के आवास पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर प्रजापति और संचालन कांग्रेस प्रखंड महासचिव लालधन महतो ने किया। अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस के जिला महासचिव सुनील कुमार साहू उपस्थित थे। बैठक में कांग्रेस के पंचायत बूथ कमेटी का गठन करने, संगठन को विस्तार देने, साथ ही डाड़ी प्रखंड में व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहां कि सर्वसम्मति से आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर सुनील कुमार साहू, शशि भूषण सिंह, सुदर्शन मंडल, चिंतामणि देवी, विजय प्रसाद, राजकिशोर महतो, अमित राम, शत्रुधन ठाकुर, गोपाल शर्मा, लक्ष्मण बेदिया, रकसान परवीन, रेखा देवी मोहम्मद नूर हसन समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## बड़कीटोंगी में ग्रामीणों ने बैठक कर जीएम ऑफिस मैदान पर सरना झंडा सुरक्षित रखने का लिया निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** बड़कीटोंगी मंडा घर के समीप रविवार को ग्रामीणों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अरगड्डा जीएम ऑफिस के सामने मैदान में लगे सरना झंडा को यही स्थापित रहने दिया जाए। ग्रामीण वक्ताओं ने कहां कि हम लोगों के पूर्वजों के द्वारा कई वर्षों से उक्त स्थल पर पोराणिक विधि विधान के साथ सरना पूजा की जाती रही हैं। इस प्राकृतिक पूजा स्थल के साथ किसी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं सहेंगे। इसे लेकर आगामी दिनों में प्रबंधन के साथ ग्रामीण प्रतिनिधियों की वार्ता भी होना बताया हैं। मौके पर ग्रामीण हीरालाल बेदिया, मदन बेदिया, अरुण बेदिया, शत्रुधन बेदिया, सिकंदर मुंडा, जागेश्वर, अजय बेदिया, बैजनाथ बेदिया, दिलीप बेदिया, जगदीश चंद्र बेदिया, प्यारेलाल बेदिया, आशिक बेदिया, दुखन बेदिया, कुलदीप बेदिया, अजय बेदिया, महेश मुंडा समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बृजभूषण सिंह मामले को लेकर कांग्रेस का आगरा में होगा प्रेस कॉफ्रेंस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** पिछले महीनों से देश के कई नामी-गिरामी पहलवान धरना प्रदर्शन पर हैं। ये सभी पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर एक नाबालिग समेत कई महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का एफआईआर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाने के बाद दर्ज हो पाया। अभी भी भाजपा अपने सांसद को बचाने में लगी है। महिला सुरक्षा और सम्मान को सूली पर लटका के पीड़ित पहलवानों को तरह तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। इसे लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा आगरा में दिनांक 5 जून को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को कांग्रेस पार्टी की तरफ़ से पार्टी के महासचिव एवं राज्यसभा सांसद वरिष्ठ कांग्रेसी जयराम रमेश ने ज़िम्मेवारी दी है।

## राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय के छात्र छात्राओं ने परीक्षा में लहराया परचम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** झारखंड जैक द्वारा जारी कक्षा आठवीं के रिजल्ट आने के बाद बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय के 40 छात्र-छात्राओं ने अपना परचम लहराया है। वहीं शिक्षकों के मार्गदर्शन में राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय धनवार के छात्र छात्राओं ने शत प्रतिशत रिजल्ट लाकर अपना अपने परिवार,तथा समाज,और शिक्षकों का नाम रोशन किया। जिसमें आफरीन परवीन समीर सानिया मुस्कान सुखिया जिन्नत काजल शहनाज मुसरत चाहत नगमा निषाद रिजवान रेहान इमरान अफरोज आदि छात्रों ने भाड़ परीक्षा में शामिल होकर सफलता अर्जित की इनकी सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक तहमीजा तबस्सुम, सहायक शिक्षक अल्ताफ हुसैन, अफरोज आलम, सीताराम रविदास,अमरेंद्र राम, प्रकाश सिंह,उपेंद्र प्रसाद, तथाअध्यक्ष नजमा खातून एवं समिति के सभी सदस्यों ने बच्चों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कांग्रेसियों ने उड़ीसा रेल हादसे में जान गंवाने वालों को कैंडल मार्च निकालाकर दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** उड़ीसा राज्य के बालासोर में हुए भीषण रेल दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले यात्रियों को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के समर्पित सिपाहियों ने शनिवार की शाम बरही चौक पर कैंडल मार्च निकालाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।मौके पर कांग्रेसियों ने कहा इस दुखद दुर्घटना में जिन्होंने अपने लोगों को खोया है।उनके प्रति हमारी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की हम सब कामना करते हैं। ईश्वर मृत आत्मा की शांति हेतु उन्हें अपने चरणों में जगह दे।उक्त जानकारी कांग्रेसी नरेश सिंह ने देते हुए बताया है की पहले ऐसे रेल हादसों पर रेल मंत्री स्वयं इस्तीफा दे देते थे, लेकिन अब कोई बोलने को तैयार नहीं है।ज्ञात हो कि बीते 2 जून को उड़ीसा के बालासोर में दो एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी ट्रेन के आपस में टकरा जाने से भीषण दुर्घटना हुई थी जिसमें सैकड़ों यात्रियों की जाने चली गई।श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप, नरेश सिंह,कुणाल कतरियार, यमुना यादव,प्रमोद सिंह,सुशील केसरी, उर्फ नुनु, राजेंद्र मद्धेशिया, द्वारका रविदास, सुनील साहू, गुज्जू चौरसिया, सुधीर रजक, प्रिंस सिन्हा, राजू केसरी, राजू राणा, समेत अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

## केंद्र सरकार के नौ साल की उप्लब्धधियों को भाजपा ने जनता को बतलाया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा निर्देशित भाजपा महाजनसंपर्क अभियान में हज़ारीबाग जिले के सभी विधानसभा में विकास तीर्थ केंद्र सरकार की नौ साल की उप्लब्धधिया एवं सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स मिट कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में किया गया।जिले भर में कार्यक्रम के पूर्व ओडिशा के बालासोर में हुए देश मे अब तक कि सबसे भीषण रेल दुर्घटना हादसा में मृतको के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।हज़ारीबाग मेडिकल कॉलेज में सांसद जयंत सिन्हा,सदर विधायक मनीष जायसवाल,पूर्व विधायक मनोज यादव ने निरीक्षण किया।मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के नौ साल पूरे हो चुके है और हमारी जिम्मेवारी है कि जनता के समक्ष जो नौ साल में कार्य हुए है उसका रिपोर्ट कार्ड हम लोग पेश करे।श्री सिन्हा ने कहा कि आज विकाश की क्रांति मोदी जी ने देश मे लाए है वर्त्तमान कॉंग्रेस, जेएमएम की राज्यसरकार ने विकाश नही किया बल्कि विकाश के कार्यो को रोका है। सिन्हा ने कहा कि आज जो हज़ारीबाग की जनता दिल्ली, मुंबई, वेल्लेर,कोलकाता, राँची, हैदराबाद आदि शहरों में इलाज कराने जा रहे है।अब वो इलाज हज़ारीबाग मेडिकल कॉलेज में संभव हो पायेगा चुकी देश के कोने कोने से डॉक्टर यहाँ आकर मरीज का इलाज करेंगे।जिससे यहाँ के लोगों को लाभ मिलेगा।वही सदर विधायक मनीष जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 2019 के बाद मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य राज्यसरकार के कारण रूक गया था।साठ साल में झारखंड में तीन मेडिकल कॉलेज थे लेकिन पूर्व की रघुवर दास की सरकार में ये संख्या बढ़कर छह हो गई है।वर्तमान में केंद्र सरकार ने पिछले नौ साल में अनेकों विकास कार्य किये है।श्री जायसवाल ने कहा कि उज्ज्वला योजना,जनधन योजना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, प्रधानमंत्री आवास योजना नौ साल में अतुल्य है।आज पूरे विश्व मे मोदी ने भारत का मान बढ़ाया है।आज सभी क्षेत्र में देश प्रगति कर रहा है।और आगामी दो हज़ार चौबीस में फिर नरेंद्र मोदी की सरकार केंद्र व राज्य में बनेगी।वही भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रौशन कुमार को सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स मिट सभी हज़ारीबाग विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम का जिला प्रभारी संगठन के ओर से जिम्मेवारी सौंपी गई थी।

## झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच के तत्वाधान में पुस्तक वितरण व जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच के तत्वाधान में पुस्तक वितरण एवं जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन मंच के जिलाध्यक्ष खलील अंसारी के अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज ओसामा साहब के द्वारा कुरान पाक की तिलावत से की गई। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं एवं बच्चों बच्चियों के बीच बुनियादी उर्दू किताब एवं महिलाओं को दीनी तालीम 8 एवं जन्नती जेवर बहिष्टि जेवर एवं अन्य पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि एक शिक्षक की भूमिका बहुत बड़ी होती है, बच्चे बच्चियों को एक अभियान के तहत शिक्षा देना होता है । किसी प्रकार एक अभिभावक को भी उसी प्रकार अपने बच्चे बच्चियों को शिक्षा के प्रति गंभीरता से निगरानी रखने की जरूरत है, नशाखोरी से दूर रहने की सलाह दी गई। दहेज मुक्त और शिक्षा चिकित्सा तथा स्वास्थ्य पर भी चर्चा किया मंच के जिला अध्यक्ष खलील अंसारी ने कहा की पुस्तक वितरण एवं जागरूकता अभियान को गांव-गांव तक ले जाएंगे तथा कैंप लगाकर जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। इस कार्यक्रम में अयूब अली तारिक अनवर ,मंजर हुसैन, जावेद इकबाल निसार अहमद ,मोहम्मद मिनहाज, फलकनाज, सना आरजू ,आदिल नवाज मोहम्मद जीशान, सुफियान अब्दुल्ला, सैफ अली सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मंझलाटोल के ग्रामीणों से ट्रांसफॉर्मर के नाम पर वसूले 20 हजार, पानी संकट से भी बढ़ी परेशानी

## भाकपा माले ने खोला मोर्चा, दिया विभाग को अल्टीमेटम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** आज मोतीलेदा पंचायत के मंझलाटोल में बिजली-पानी के लिए मचे कोहराम के बीच भाकपा माले ने ग्रामीणों की ओर से मोर्चा खोलते हुए संबंधित विभागों को व्यवस्था सुधारने का अल्टीमेटम दिया है। इस संबंध में शिकायत मिलते ही पार्टी नेता सह किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने वहां पहुंचकर व्याप्त बिजली और पानी की गंभीर समस्या का जायजा लिया। एक और जहां 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने से लोग बिजली का संकट झेल रहे हैं, वहीं इस नाम पर ग्रामीणों से ?20000 की वसूली कर ली गई है, इसके बावजूद ट्रांसफार्मर नहीं लगा है। लोगों की बातों को सुनने के बाद माले नेता ने विभाग के कार्यपालक अभियंता को फोन लगाकर इसकी जानकारी दी और तत्काल ट्रांसफार्मर के नाम पर वसूले गए पैसे की वापसी करने सहित ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की। अलावे ग्रामीणों ने कहा कि, करोड़ों रुपए खर्च कर पंचायत क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए स्थापित योजना बिल्कुल फेल हो चुकी है। बैठक में फुलटोली से आई महिलाओं ने कहा कि, उनके यहां तो आज तक पानी का सप्लाई हुआ ही नहीं। अन्य लोगों ने भी जलापूर्ति बाधित होने तथा पिछले कई दिनों से पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप होने की बात कही।इस पर माले नेता ने संबंधित विभाग तथा पानी सप्लाई के सिस्टम में लगे लोगों को आगाह करते हुए 1 सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है कि यदि इस बीच पानी की आपूर्ति में सुधार नहीं होता तो इस सवाल पर हजारों लोगों को एकत्र कर जनसुनवाई लगाई जाएगी और विभाग को घेरा जाएगा। कहा कि, हर हाल में गांव वालों को पानी और बिजली देना होगा।उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि, अपने हक-अधिकारों को लेकर जाति-धर्म से ऊपर उठकर मजदूर-किसानों-मेहनतकशों का संगठन बनाएं, नहीं तो मौजूदा सिस्टम उन्हें जीने नहीं देगा। यादव की अपील पर वहां लोगों ने भाकपा माले की दो ब्रांचों का गठन करते हुए क्रमशः जनार्दन राय एवं दीपन पंडित का सचिवों के रूप में का चुनाव किया।

# बालासोर ट्रेन हादसा के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन व धनबाद जिला 20-सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पॉलिटेक्निक रोड साकेत विहार कॉलोनी स्थित आवासीय कार्यालय में विगत दिन हुए उड़ीसा के बालासोर में ट्रेन हादसा में लगभग 300 मृतकों के प्रति धनबाद जिला 20-सूत्री की और से 2 मिनट मौन रखकर शोक संवेदना प्रकट कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर ब्रजेन्द्र सिंह ने कहा कि ओडिशा में पुणे ट्रेन हादसा बहुत ही दुखद है। सिंह ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि उक्त हादसा में सभी मृतक के परिजनों को अविलंब नौकरी दिया जाए एवं हादसा में गंभीर रूप से घायल सभी को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा जाए। आगे उन्होंने कहा कि संबंधित मांगों को लेकर धनबाद जिला 20-सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के द्वारा प्रधानमंत्री को पत्र लिखा जा रहा है। कार्यक्रम में शमशेर आलम, हराधन रजवार, राजू प्रमाणिक, पप्पु कुमार तिवारी, जहीर अंसारी, रमेश राय,आसिफ रजा, इम्तियाज आल, सुजीत रजक, रंजीत रजवार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## हाजियों का जत्था हज के लिये हुआ रवाना

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हज पर जाने वाले हाजियो के एक जत्था को झारखंड प्रदेश काँग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी ने धनबाद रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए रवाना किया। वहाँ से हाजियो का जत्था हवाई मार्ग से हज के लिए सऊदी अरब रवाना होगा। ज्ञात हो कि झारखंड से हज पर जाने वाले हाजी पहले राँची से जाने वाले थे लेकिन किसी कारणवश राँची से उड़ान स्थगित हो जाने से अब वो कोलकाता से जायेंगे। मौके पर धनबाद अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव शाहीद अंसारी, सचिव सज्जाद, साहिल, मुख्तार अंसारी, सगीर अंसारी, तसव्वर परवेज, खुर्शीद आलम, महताब आलम आदि उपस्थित थे।

## टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा फुटबॉल खिलाड़ी को किया गया सम्मानित

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टुंडी कांग्रेस कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार मोदक ने चुरूरियां गांव निवासी सुरेश मुर्मू के पुत्र विक्रम मुर्मू को झारखंड फुटबॉल में चयन होने पर उनके चुरूरियां गांव स्थित घर जाकर फुटबॉल किट देकर सम्मानित किया एवं आगे भी इसी तरह झारखंड के नाम रौशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## दो सड़को का सांसद और विधायक ने किया शिलान्याश

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टुंडी के लोकप्रिय विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक माननीय मथुरा प्रसाद महतो और गिरिडीह सांसद माननीय चंद्र प्रकाश चौधरी ने संयुक्त रूप से सिजुआ नया मोड़ से राजगंज और राजगंज डोमनपुर से टुंडी कोल्हर मोड़ तक सड़क की मरम्मति का शिलान्याश फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। शिलान्याश के मौके पर से मुख्य रूप से छोटू सिंह,राम प्रसाद महतो,बसंत महतो,भोला महतो,नूनाराम महतो, आनन्द महतो, मनोज निषाद, महेश्वर महतो, अशोक निषाद, नागेंद्र निषाद आदि उपस्थित थे।

## विधायक और जिप सदस्य ने किया धान बीज का वितरण

**पूर्वी टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी टुंडी में शंकरडीह बाजार के सामने स्थित लटानी फतेहपुर पैक्स में धान बीज का 50त्न अनुदान पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टुंडी विधायक मथुरा महतो तथा जीप सदस्य जेबा मरांडी द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कई किसानों ने धान का बीज पैक्स से लिया। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र मुर्मू, झामुमो के वरिष्ठ नेता ऐनुल अंसारी, शंकर दे, पंचायत समिति सदस्य, बीटीएम अनिल प्रसाद निराला,पैक्स के अध्यक्ष राजकुमार कुमार, सचिव दिलीप मंडल आदि उपस्थित थे।

## प्रदूषण पर्यावरण जागरूकता झांकी का आयोजन

# प्रदूषण के दुष्प्रभाव के कारण बच्चे दिव्यांग पैदा हो रहे हैं : डा. मनोज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** ग्रीन लाइफ एवं युथ कांसेप्ट के संयुक्त तत्वावधान मे विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व संध्या पर रविवार को झरिया मे प्रदूषण पर्यावरण जागरूकता झांकी का आयोजन किया गया। झांकी मे झरिया को व्हीलचेयर पर दिखाया गया था। एक बच्चा पीठ पर ऑक्सीजन बैग लिए मास्क लगाए चल रहा था तो कुछ बच्चे पेड़ पौधे के शक्ल मे थे। सेरेब्रल पल्सी से ग्रसित दिव्यांग बच्ची पम्मी कुमारी हाथ मे तख्ती लिए संदेश दे रही थी जिस पर लिखा था प्रदूषण के खिलाफ बोलिए ... अंकल ! नहीं तो आपके बच्चे भी मेरी तरह विकलांग हो सकते है।ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ. मनोज सिंह ने कहा कि झरिया मे प्रदूषण के कारण पर्यावरण कि हत्या की जा रही है। यहां ओ बी के धूल कण का वर्षा होता है। यहाँ रहने वाले लोग प्रदूषण जनित बीमारियों के कारण दम तोड़ रहे हैं। डॉ. मनोज ने कहा कि प्रदूषण का दुष्प्रभाव गर्भ मे पल रहे बच्चों पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है जिसके कारण दिव्यांग बच्चे पैदा हो रहे हैं। वहीं युथ कांसेप्ट के संयोजक अख़लाक़ अहमद ने कहा कि कोयलांचल के लोगों को प्रदूषण का एहसास है पर वह लोग समझ नहीं पा रहे कि प्रदूषण हमारी जिंदगी को कैसे दुर्लभ बना रही है। हर व्यक्ति अपनी उम्र से 10 वर्ष कम जी रहे हैं। प्रदूषण के प्रकोप से गंभीर बीमारियां हो रही है। आसमानों से धूल की वर्षा हो रही है जिसे जिम्मेवार लोग देखकर भी मौन है।

# विहिप बजरंग दल झारखंड प्रांत के धर्म प्रसार प्रमुख ने रेप पीड़िता के परिजनों से किया मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** शानिवार को तथाकथित रेप पीड़िता के परिजनों से विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मृतका के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात किया। साथ ही मृतिका के पिता से बातचीत कर घटना की विस्तार से जानकारी लिया। मौके पर पहुंचे झारखंड प्रांत के धर्म प्रचार प्रसार परावर्तन प्रमुख अनूप यादव ने कहा कि इस घटना की जितना निंदा की जाए कम हैं इसे अपने शब्दों में ब्यान नही किया जा सकता। पुलिस प्रशासन फरार चल रहें आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फास्ट ट्रेक कोर्ट के तहत जल्द से फांसी दें अन्यथा विहिप बजरंग दल उग्र आंदोलन करने के लिऐ बाध्य होगी जिसका जवाब देही पुलिस प्रशासन की होगी। तत्पश्चात विहिप जिला अध्यक्ष रामकिशोर शरण ने कहा कि प्रशासन दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे, अन्यथा विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता एक वृहद आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे। वहीं मौके पर उपस्थित हजारीबाग विभाग के धर्माचार्य प्रमुख कृष्णदेव पांडेय ने कहा कि घटना बहुत ही जघन्य एवं निंदनीय है। दोषी चाहे जो भी हो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले। विहिप जिला मंत्री निरंजन कुमार ने कहा आज जिस तरह लव जिहाद क़ा मामला पूरे देश में चल रहा हैं हमारे हिन्दू बहनों को हिन्दू नाम रखकर हाथ में कलेवा बांध कर अपने प्यार के जाल में फंसा कर धर्म परिवर्तन कराने क़ा जो षडयंत्र चल रहा हैं यह बहुत ही दुःखद हैं सरकार जल्द से जल्द लव जिहाद को लेकर एक ऐसा कानून बनाये जिससे लव जिहाद करने वालो को फांसी हो एवं अनुराधा बहन के हत्यारे को जल्द से जल्द फांसी हो। मौके पर विश्व हिन्दू परिषद , जिला उपाध्यक्ष भरत साहू, बजरंग दल जिला सह संयोजक गुड्डू यादव , जिला मिलन केन्द्र प्रमुख ईश्वर पंडित , बिरनी विहिप प्रखंड अध्यक्ष संतोष साव ,मंत्री बालेश्वर साव ,बबलू यादव ,मन्नू कुमार ,बजरंग दल संयोजक प्रदीप सोनी सरिया, विहिप प्रखंड उपाध्यक्ष सिकेंद्र शर्मा, सरिया प्रखंड मंत्री दीपू कुमार बरनवाल, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, स्थानीय मुखिया निरंजन वर्मा, विशाल बजरंगी, रंजीत राय, रोहित बजरंगी ,राजेंद्र वर्मा समेत कई उपस्थित थे।

## मार्क्सवादी समनव्य समिति की बैठक सम्पन्न

## अखिल भारतीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता सह महोत्सव का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को अनुभूति सांस्कृतिक संस्था के द्वारा स्टील गेट स्थित बीसीसीएल के सीसीडब्लूओ प्रेक्षागृह में अखिल भारतीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता सह महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें एक से बढ़कर एक शास्त्रीय नृत्य, उपशास्त्रीय, सेमी क्लासिकल, लोक नृत्य (कत्थक, भरत नाट्यम) हृदयग्राही व अद्भुत नृत्यों की मर्म स्पर्शी प्रस्तुतियां हुई। जिसे देख प्रेक्षागृह में उपस्थित दर्शक भाव विभोर होकर बीच-बीच में तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का हौसला बढ़ाते रहे।अनुभूति की निर्देशिका सरसी चंद्रा के निर्देशन में राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन झारखण्ड प्रदेश कॉग्रेस के सचिव बैभव सिन्हा, सरसी चंद्रा, बशिष्ठ प्रसाद सिन्हा, राजेन्द्र प्रसाद, संजय सेन गुप्ता, संतोष रजक ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। कई राज्यों से आए प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## मार्क्सवादी समनव्य समिति की बैठक सम्पन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 4 जून मार्क्सवादी समनव्य समिति की एक बैठक मासस केंद्रीय कार्यालय, टेंपल रोड, पुराना बाजार में मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव दिलीप महतो ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कामरेड ए के राय का जयंती पर 15 जून को मासस पार्टी मुख्यालय धनबाद में सुबह 10¬00 बजे से एक सेमिनार का आयोजन किया गया है। 25 जून को जिला स्तरीय प्रमुख कार्यकर्ताओं का मासस की ÷दिशा एवं दशा÷ पर निरसा मासस कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन होगा जिसमें आगे की सांगठनिक रणनीति तय की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से सुभाष चटर्जी, सुभाष सिंह, पवन महतो, हीरालाल महतो, विजय पासवान, नरेश पासवान, मुक्तेश्वर महतो, टूटून मुखर्जी, मुमताज अंसारी, राजकुमार महतो, राणा चटराज, राकेश सिंह, भगत राम महतो, अजय महतो, मंटू महतो, चौधरी भुइँया, मुन्ना खान, संजय पासवान आदि शामिल थे।

## मोटरसाइकिल से तेल टैंकर गाड़ी टकराई, मोटर साइकिल सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत धनबाद बोकारो मुख्य मार्ग में महुदा बाजार ब्रहमबाबा मंदिर के समीप तेल टेंकर के चपेट में आने से मोटरसाइकिल में सवार राधानगर निवासी पिता, पुत्र गम्भीर रुप से घायल हो गए। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शीयों ने बताया कि राधानगर निवासी राजेश दास एवं उसका पुत्र सजल कुमार दास अपने मोटरसाइकिल बिक्रांता से दुकान का सामान खरिदने धनबाद जा रहा था। इसी क्रम में ब्रहमबाबा मंदिर के समीप धनबाद की और से आ रही एक तेल टेंकर ने स्पीड ब्रेकर से बचने के खातिर दुसरे रुट में चला गया। तेज रफ्तार होने के कारण दुसरे साइड से आ रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इससे मोटरसाइकिल में सवार दोनो पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना की सुचना पाकर स्थानिय लोग घटनास्थल पर पहुँचे। एंबुलेंस बुलाकर दोनों को एसएनएमएमसीएच भेजा गया। गम्भीर स्थिती को देखते हुए दोनो पिता पुत्र को दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया। महुदा पुलिस ने टेंकर को जब्त कर लिया है ।

## भारतीय जनता पार्टी महा जनसंपर्क अभियान का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी महा जनसंपर्क अभियान के तहत आज धनबाद विधानसभा में इंडस्ट्री चैंबर एंड कॉमर्स एसोसिएशन के सभागार में सोशल मीडिया प्रभारी सुशील सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा की सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मीट काफी महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जीवन के हर क्षेत्र में आज सोशल मीडिया का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता तथा भारतीय जनता पार्टी के समर्थक से आग्रह है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की विकास यात्रा का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से करें।भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, महा जनसंपर्क अभियान प्रभारी मानस प्रसून, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर अनिल पांडे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सोशल मीडिया प्रभारी सुशील सिंह ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थसारथी तथा धन्यवाद ज्ञापन सोशल मीडिया प्रभारी ललन मिश्रा ने किया। इस अवसर पर धनबाद के निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, जिला महामंत्री श्रवण राय, जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, उमेश यादव, रामदेव महतो, रवि सिन्हा, सुमित प्रमाणिक, सोनू रवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कतरास में निकाला आक्रोश मार्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बाघमारा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत कतरास में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा कतरास बाजार स्थित भगत सिंह चौक के समीप पुतला दहन कर दिल्ली सरकार व झारखंड सरकार का विरोध जताया। बाते चले कि 28 मई को दिल्ली में साहिल नाम के एक जिहादी मानसिकता वाले लड़के ने खुलेआम एक नाबालिग लड़की साक्षी की लगातार चाकू मारकर हत्या कर दी। इसी प्रकार की एक घटना 30 मई को झारखंड में गिरिडीह के थोरिया नामक गाँव में हुई। कैफ, फारूक व आसिफ नाम के तीन जिहादियों ने मिलकर एक पंद्रह वर्ष की मासूम व नाबालिग लड़की अनुराधा का बलात्कार किया और उसे कुएं में फेंक दिया। घायल हालत में उसे बाहर निकाला गया व अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में ही उसने अपना दम तोड़ दिया। आये दिन इस प्रकार की घटना दिल्ली व झारखंड में घटित होती रहती है जिसके विरोध में विधार्थी परिषद ने कतरास में एक आक्रोश मार्च निकाला व अंत में भगत सिंह चौक में अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन, जिहादी साहिल व जिहादी कैफ का पुतला दहन किया।

# बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा को पहनाया चश्मा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** डीआरएम चौक पर स्थापित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ असमाजिक तत्वों के द्वारा छेड़छाड़ की घटना को गंभीरता से लेते हुए अपने पूर्व घोषणा के तहत हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था ने रविवार को प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नया चश्मा ससम्मान पहनाया। इस अवसर पर संस्था के जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी ने कहा कि बाबा साहेब की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की घटना से समाज को गहरा आघात पहुंचा है। इस तरह की घटनाओं की पुर्नावृति रोकने के लिए जिला प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था जिला प्रशासन से मांग करती है कि चौक के आसपास सीसीटीवी कैमरा तथा हाई मास्ट लाइट लगाया जाए ताकि प्रतिमा की निगरानी हो सके।ज्ञात हो कि प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की यह घटना विगत 25 मई को प्रकाश में आया था। हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था ने इस मामले में उपायुक्त को ज्ञापन देकर बाबा साहेब की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा प्रतिमा की सुरक्षा को लेकर चौक के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की मांग की गई थी। मौके पर जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी, उपसंगठन सचिव बिनोद हाड़ी, युवा संगठन सचिव भरत हाड़ी, सूचना मंत्री श्रवण हाड़ी, नरेश हाड़ी आदि मौजूद थे।

# मदनी मस्जिद की छत ढलाई में पहुंचे बीस सूत्री सदस्य किया श्रमदान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के बरवाटांड पंचायत अंतर्गत ग्राम मोहनाद में आज रविवार को मदनी मस्जिद की ढलाई कार्य में बीस सूत्री सदस्य अब्दुल रशीद अंसारी पहुंचे और किया श्रमदान। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी के मोहनाद गांव में मदनी मस्जिद की ढलाई कार्य प्रारंभ होने से पहले पहला कड़ाही का बोली लगा जिसमें पहली कड़ाही में अपने नाम करने में मुफ्ती अब्दुल हई सफल रहे फिर ढलाई कार्य प्रारंभ किया गया।पहली कड़ाही में मुफ्ती अब्दुल हई ने भाईचारा निभाते हुए अब्दुल रशीद को भी साथ कर लिया। इस मदनी मस्जिद की छत ढलाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए छोटे बड़े सभी वर्गों के लोगों द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया और श्रमदान करने के साथ साथ कुछ नगदी भी इस शुभ कार्य में देकर लोग अल्लाह से दुआएं मांगी। मौके पर बीस सूत्री सदस्य अब्दुल रशीद अंसारी, मुफ्ती अब्दुल हई,ग्यास अंसारी, तत्वीर आलम समेत कई मुस्लिम समुदाय के गणमान्यों ने हिस्सा लिया और इस मस्जिद ढलाई पर खुशी जाहिर किया।

# 11 सूत्री मांगों को लेकर झरिया विधायक से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को झारखंड राज्य जनसेवक संघ धनबाद इकाई का शिष्टमंडल झरिया विधायक एवं झारखंड सरकार के सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह से मुलाकात किया। झारखंड राज्य के सभी जनसेवक अपने 11 सूत्री माँगों के समर्थन में हड़ताल पर हैं। कृषि विभाग द्वारा जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटा कर 2000 कर दिया गया है। हड़ताल का आज 27वां दिन है। चूँकि विधायक पूर्व में जनसेवकों के समस्याओं के समाधान हेतु कृषि मंत्री से मिली एवं हमारे साथ न्याय हो इस पर विचार विमर्श किया गया। इस आशय का आभार व्यक्त करने हेतु झारखंड राज्य जनसेवक संघ के राज्य इकाई के ओर से धनबाद शाखा के शिष्टमंडल द्वारा विधायक सह झारखंड सरकार के सचेतक को गुलदस्ता भेंट गया एवं उनसे आग्रह किया गया कि जनसेवकों के हड़ताल में चले जाने से कृषि कार्य के साथ साथ ग्रामीणों के अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहा है इसे ध्यान में रखते हुए जनसेवकों के11 सूत्री मांगों के साथ हड़ताल समाप्त करवाने हेतु विभागीय सचिव से आयोजित करवाने का पहल करने की कृपा की जाए क्योंकि जनसेवक संघ जनकल्याणकारी कार्यों में बाधक नहीं बनना चाहता है। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से मुलाकात के शिष्टमंडल में जनसेवक संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश महतो, जिला सचिव विनोद कुमार विद्यार्थी, जिला कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा, वरीय साथी मो. जसीम अख्तर, संतोष तिवारी, सुनील पाण्डे एवं अन्य उपस्थित थे।

## 45 सदस्यीय झारखंड गतका टीम जलंधर पहुंची

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को 9वीं एक ओंकार फेडरेशन नेशनल गतका कप, राष्ट्रीय रेफरी एवं कोचेस सेमिनार की जानकारी देते हुए गतका एशोसियेशन ऑफ झारखंड की सचिव विद्या ने बताया की राष्ट्रीय रेफरी वा कोचेस सेमिनार के लिए झारखंड के 9 चयनित खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमे पप्पू कुमार, आकाश राज, विनायक वैभव, श्लोक शर्मा, जस्मित कुमार, नवीन कुमार गोरान, जेबा नाज, पलक परमा, शाक्षी श्रीवास्तव शामिल हैं। एक औंकार फेडरेशन नेशनल गतका कप के लिए झारखंड गतका टीम बोकारो के राजीव कुमार सिंह, पलामु के सुमित बर्मन व पदमा प्रियदर्शनी के देख रेख मे भाग ले रही है। यह सेमिनार व चैम्पियनशिप जलंधर मे 5 जुन तक चलेगी। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन ने इस वर्ष अक्टूबर में गोवा में होने वाली 37 वें राष्ट्रीय खेल 2023 में गतका को राष्ट्रीय खेल के रूप में शामिल किया है।

# जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन, निरसा विधायक शामिल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य साथ-साथ भाजपा सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यों और प्रमुख जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विकास तीर्थ का कार्यक्रम का आयोजन नेहरू रोड के समीप शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में निरसा विधानसभा की विधायक अर्पणा सेन गुप्ता मुख्य रूप से शामिल हुई। वही कार्यक्रम का आयोजन वर्तमान चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी और कार्यक्रम की अध्यक्षता पापी सेनगुप्ता ने की। वहीं मंच का संचालन रणजीत मोदी ने किया।इस कार्यक्रम की शुरुआत उड़ीसा में हुए भीषण ट्रेन दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर की गई निरसा विधायक ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए दुख प्रकट किया। वही मीडिया से वार्ता करते हुए निरसा विधायक अर्पणा सेन गुप्ता ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यकाल के इन 9 वर्षों में उनके द्वारा जो देश में विकास कार्य किए गए हैं उनका व्याख्यान करना संभव नहीं है।

केंद्र द्वारा विगत 9 वर्षों में किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : रघुवीर यादव

# भाजपा कार्यालय में भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीष शिखर की अध्यक्षता में कार्यसमिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा लोहरदगा की जिला कार्यसमिति बैठक भाजपा जिला कार्यालय में भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीष शिखर की अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य रुप से भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह लोहरदगा जिला प्रभारी रघुवीर यादव,भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव एवं भाजपा जिला मंत्री सह प्रभारी अनिल उरांव उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलन कर एवं बंदे मातरम गीत के साथ की गई। आज की बैठक मुख्य रूप से प्रधानमंत्री जी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 30 जून तक चलने वाले पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी एवं आगामी चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी रघुवीर यादव ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता पार्टी द्वारा तय किए गए महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक गांव कस्बों में जाकर केंद्र के द्वारा विगत 9 वर्षों में किए गए कार्यों को बताएंगे साथ ही इसी महीने भाजपा के सभी मोर्चो को मिलाकर एक संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन करने वाली है उसमें युवा मोर्चा अपनी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाएगी। साथ ही उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए राज्य के अंदर अंचल से लेकर जिला कार्यालयों में बड़ी प्रचंड भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का भी कार्य करने की बात कही कहा कि आज कल झारखंड प्रदेश में ऐसा प्रतीत होने लगा है कि कांग्रेस एवं जेएमएमम की गठबंधन सरकार ने अपनी राज्य कोष को मजबूत करने के लिए भ्रष्टाचार का सहारा ज्यादा आसान और उचित मान लिया हैं इसलिए आज प्रत्येक अंचलों में मोटेशन,जन्म प्रमाण पत्र,जमीन मापी जैसे छोटी-छोटी चीजों पर चढ़ावा के बगैर कार्य नहीं हो पा रहा है और वहीं केंद्र के द्वारा दी जा रही सहायता राशि एवं केंद्रीय योजनाओं के मूल राशि में बंदरबांट करने का कार्य कर रहे हैं झारखंड सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सरकारी नियमों को धत्ता बताकर जैसे तैसे कार्यों का क्रियान्वयन कर लोगों के लिए बनी उचित जनकल्याणकारी योजनाओं असफल करने में हेमंत के नेतृत्व में बनी सरकार लगी हुई है।जनता तैयार बैठी है इन कृतियों को जबाव देने के लिए बस हमें जाने की जरूरत है। मनीर उरांव ने कहा कि युवा मोर्चा की भूमिका महा जनसंपर्क अभियान में बहुत बड़ी होगी। हमें अपने कार्यों के साथ-साथ पार्टी के कार्यों को देश हित में देखते हुए लोगों को अपने कार्यों एवं हमारे देश में आधुनिक एवं ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं उसे अब बताने का समय आ गया है और यह तभी संभव है जब हम एक साथ समाज में बैठे सभी वर्गों में जाकर अपनी बातों को रखेंगे। जिला अध्यक्ष मनीष शेखर ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा लोहरदगा के सभी युवा कार्यकर्ता आगामी निर्धारित कार्यक्रम में सत प्रतिशत अपनी सहभागिता निभाएंगे क्योंकि आज का युवा जानता है की माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में किस प्रकार से हमारा देश का गौरव बढ़ा है इसके लिए हमें निरंतरता को बनाए रखना अति आवश्यक है साथ में पार्टी अब चुनावी मोड में आ चुकी है युवा मोर्चा पार्टी की रीड इसलिए हम सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को जोर शोर से अपने कामों में लग जाना है। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री सजल कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री बाल्मीकि साहू के द्वारा किया गया। जिला कार्यसमिति में जिला के पदाधिकारी गण, कार्यसमिति सदस्य गण, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल के महामंत्री गण उपस्थित रहे। मौके पर श्याम वर्मा, कमलेश कुशवाहा, जीवन उरांव, विजय कुमार महतो, डॉ मृत्युंजय चक्रवर्ती, शंकर लोहरा, पप्पू पहलवान, गोकुल मित्तल, तेजस सोनी, तन्मय सिन्हा, कुलदीप कुमार, रोहन गुप्ता, आदर्श मित्तल, महादेव उरांव, सरजू साहू, पवन प्रजापति, गोविंद महतो, राजेश तुरी, भरत वर्मा, दिलेश्वर तुरी, दिव्यांशु कुमार, अनिल कुमार, रोहन कुमार आदि अन्य कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## दो अलग-अलग जगहों पर सड़क दुर्घटना में बच्ची सहित चार लोग घायल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र में दो अलग अलग जगहों पर सड़क दुर्घटना में बच्ची सहित चार लोग घायल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में कराया गया इलाज। जानकारी के अनुसार सेन्हा नवटोली निवासी उमेश उराँव की पत्नी पिंकी उराँव टेम्पू से स्वास्थ्य केन्द्र भंडरा जा रही थी उसी दौरान टेम्पू जेएच 24 एफ 9784 अनियंत्रित हो पलट गया जिसे पिंकी उराँव और उसकी डेढ़ वर्षीय पुत्री रितिका उराँव को हल्की चोटें लगी घायलों को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा लाया गया। तथा पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो बाजार से आने के क्रम में बदला महादेवटोली निवासी स्व एतवा उराँव का पुत्र जीतराम उराँव और बगड़ू थाना क्षेत्र के पतरातू निवासी बुधुवा उराँव का पुत्र सुखराम उराँव सेन्हा थाना अन्तर्गत भड़गाँव के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से गिर गये जिसे दोनों का चेहरा में हल्की चोटें आई है। वही सभी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में कराया गया। साथ ही इलाज के उपरान्त सभी घायलों को घर भेज दिया गया।

## सरकार के संरक्षण में हो रहा है अवैध बालू की तस्करी : लाल गुड्डू नाथ शाहदेव



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू जिंगी पथ पर बन रहे गार्डवाल में बालू ढोने वाले ट्रैक्टर के ड्राईवर और मालिक पर केस करके उन्हें जेल भेजना और अवैध रूप से बालू मंगवाकर उसका भंडारण करने वाले ठेकेदार को छूट देने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए आजसु पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने कहा कि क्या सोच कर प्रशासन के द्वारा बालू का अवैध भंडारण करने वाले ठेकेदार को छोड़ कर गाड़ी चालक और मालिक पर कारवाई की जाती है। आज पूरे जिले में बालू का अवैध कारोबार फल फूल रहा है सरकार और प्रशासन की संरक्षण में उससे आँख मूंद लिया जाता है और कारवाई करने के लिए स्थानीय लोगों को बलि का बकरा बनाया जाता है। जो लोग आवास बनाने या छोटी मोटी कार्यों के लिए बालू लाते हैं उन पर ऐसे कारवाई की जाती है जैसे कोई तीर मार लिया गया हो। आज आवश्यकता है बड़े भ्रष्टाचारियों को पकड़ने की और अवैध कारोबार को रोकने की ना की निर्दोषों को परेशान करने की।

मोदी सरकार के 9 वर्षों में इज्जत सुरक्षा स्वाभिमान बढ़ा : निर्मल बेसरा

## विश्व का सबसे बड़ा स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम आयुष्मान भारत योजना : रवि गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया इंफ्लूएन्सर की बैठक जिला कार्यलय में हुई जिसमें वक्ताओं द्वारा केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 9 वर्ष के कार्यों को बताया गया मौके पर पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा ने संबोधित करते हुए कहा की देश में पहली बार गरीबों को सिक्योरिटी मिली है और डिग्निटी भी मिली है जिन्हें दर्शकों तक यही एहसास दिलाया गया था कि वह देश के विकास पर बोझ हैं वह आज देश के विकास को गति दे रहे हैं मोदी सरकार के 9 वर्ष के शासनकाल में इज्जत सुरक्षा और स्वाभिमान बढ़ा है। सो मीडिया प्रभारी ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में भारत ने एक बेहतर समय को देखा है, कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में जहां पूरा विश्व आर्थिक मंदी से गुजर रहा था भारत में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया यह पूरे यूरोप की जनसंख्या से अधिक लोगों को सहायता दिया गया वही विश्व का सबसे बड़ा स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम आयुष्मान भारत केंद्र सरकार द्वारा चलाया गया यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी योजना है इसमें 500000 तक की मुफ्त इलाज की सुविधा है । जिला कार्यसमिति सदस्य रामविलास बड़ाईक ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की अनेक योजनाएं चल रही है जिससे जरूरतमंद गरीबों को लाभ हो रहा है 93 सौ से ज्यादा जन औषधि केंद्र पर सस्ती दवा उपलब्ध कराई गई है वही किसानों के लिए खाद की कीमत नहीं बड़ी और पर्याप्त खाद उपलब्ध कराया गया। पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा की खेती के लिए किसानों को बिना कर लिए बुवाई और खेती बारी हेतु सालाना 6000 रुपए सम्मान राशि किसानों को उपलब्ध कराया गया है ।

## समाजिक रूप से सुख दुख में लोगों का हिस्सा बने कार्यकर्ता : भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के ढिंगुरपानी में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जेफरेन केरकेट्टा की अगुवाई में आयोजित सम्मलेन में विधायक भूषण बाड़ा, जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थे। विधायक ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हर पीड़ित लोगों की निरंतर सेवा करें। समाजिक रूप से सुख दुख में लगों का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सेवा को प्राथमिकता दें। सेवा को ही अपने जीवन का मूल मंत्र माने। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, पीसीसी डेलीगेट सह विधायक प्रतिनिधि प्रदीप केशरी, वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज,महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा सीता, मो. अक्षण, तैरस एक्का, मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि मुश खेस, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, मंडल अध्यक्ष मनोज प्रसाद, पल्ली पुरोहित फादर फेलिक्स कुजूर, फादर आगुस्टिन पीटर, सिस्टर मार्शेला, आभा बरला, प्रवीण सुरीन, बिनित सुरीन, जेवियर सुरीन, विक्की सुरीन, मार्कुश लकड़ा, एरिक केरकेट्टा, प्रमोद किंडो, माइकल केरकेट्टा, लिनुश डुंगडुंग, प्रिया कुल्लू, संभू प्रसाद, रोशन भौरा, अंतरेश कुल्लू, प्रवीण बघवार, सिलमेरियस बरला, फ्लोरेंस बरला, रवि बरला, फिरनाथ बड़ाईक, अशोक कोन, अनिमा कोनगाड़ी, अजयदान कुजूर, हर्षित मिंज, कृष्णा मांझी, अगाथा तिर्की, निसित एक्का, पंचायत अध्यक्ष बासेन तिनतुस बड़ा, जस्टिन कुजूर, पंचायत अध्यक्ष बाघडेगा निसित एक्का, पंचायत अध्यक्ष किनकेल प्रकाश कुजूर, प्रकाश कुजूर कृष्णा मांझी केंद कसा, मार्ग्रेट बा, आदि उपस्थित थे।

## लोहरदगा रेलवे के संपूर्ण विकास को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री से करेंगे मुलाकात : संजय सेठ



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दक्षिणी छोटानागपुर में रेलवे की सुविधा बढ़ाने हेतु लगातार प्रयासरत रांची के सांसद संजय सेठ लोहरदगा में एक निजी कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह, देवाशीष कार, राजकिशोर महतो, संजय बर्म्मन, अजय पंकज, विजय गुप्ता आदि के साथ बैठक की तथा रेलवे संबंधित जानकारी हासिल की। भाजपाइयों ने बताया कि यह क्षेत्र बॉक्साइट, कोयला, पर्यटन, कृषि की बहुलता का क्षेत्र है तथा रेलवे के विस्तार से यहां के छात्र-छात्राएं, सेना के जवान,मरीज, किसान, व्यापारी, सरकारी गैर सरकारी नौकरी पेशा कर्मी व आमजन को काफी सहूलियत होगी तथा आर्थिक संपन्नता बढ़ेगी। इसलिए रांची वाराणसी का परिचालन वाया लोहरदगा हो तथा इसका विस्तार लखनऊ तक किया जाए। पलामू एक्सप्रेस का परिचालन रांची से प्रारंभ करके वाया लोहरदगा किया जाए। रांची मुंबई एलटीटी साप्ताहिक एक्सप्रेस का परिचालन वाया लोहरदगा से किया जाए। रांची अजमेर (गरीब नवाज एक्सप्रेस) जो कोविड-19 के कारण बंद है उसे पुनः परिचालन करते हुए वाया लोहरदगा से किया जाए। रांची सासाराम एक्सप्रेस का विस्तार पंडित दीनदयाल उपाध्याय (मुगलसराय)तक किया जाए। टोरी रेलवे स्टेशन में शीघ्रतम फ्लाईओवर बनाया जाए। हटिया स्टेशन के भार को देखते हुए लोहरदगा में रेलवे यार्ड बनाया जाए। नई ट्रेन हमसफर एक्सप्रेस को रांची से नई दिल्ली प्रारंभ किया जाए तथा वाया लोहरदगा होकर चलाया जाए। लोहरदगा में द्वितीय श्रेणी तथा वातानुकूलित प्रतीक्षालय की व्यवस्था की जाए। रांची रेलवे स्टेशन में लोहरदगा के लिए विशेष काउंटर तथा प्रवेश द्वार बनाए गए जो कोविड-19 के कारण बंद है उसे पुनः खोला जाए। क्षेत्र के लोगों को साउथ इंडिया जाने में कठिनाई को देखते हुए यशवंतपुर एक्सप्रेस का प्रतिदिन परिचालन किया जाए। इस पर सांसद सेठ ने कहा कि वह शीघ्र ही क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत तथा चतरा सांसद सुनील सिंह को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंट करके बात को रखेंगे।

## बीसी संचालक दीपक कुमार की तत्परता से एक युवती को साइबर क्राइम का शिकार होने से बचाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के चट्टी बीओआई शाखा के बीसी संचालक दीपक कुमार के तत्परता से एक युवती साइबर क्राइम के शिकार होने से बच गई। हालांकि रांची जिले के बेडो निवासी पुसिला उरांव की पुत्री सुनीता उरांव साइबर क्राइम के अपराधियों द्वारा दिए गए प्रलोभन में पूरी तरह से आ गई थी। तथा उसके दिए गए खाता नंबर में दो जून को छह हजार रुपये डालने के बाद पुनः चट्टी के पिंटू मोबाइल एंड ऑनलाइन सेंटर बीओआई के बीसी सेंटर 19000 हजार की दूसरी क़िस्त की राशि भेजने के लिए आई हुई थी। तभी बीसी सेंटर संचालक दीपक कुमार ने पैसा भेजने से पहले युवती से पूछे जाने पर साइबर क्राइम की घटना की जानकारी हुई। इससे युवती 19000 की राशि ठगी होने से बच गई। पीड़िता सुनीता कुमारी ने बताया कि व्हाट्सएप में कॉल आया था। जिसपर साइबर क्राइम के अपराधियों द्वारा लॉटरी में आईफोन निकले जाने की बात कही गई थी। साथ ही कुरियर से आईफोन का एक डेमो सेट भी भेजा गया था। तथा व्हाट्सएप कॉल करके कहा गया था कि आईफोन फ्री में मिलेगा। इसके लिए सिर्फ इनकम टैक्स की राशि 25000 देय करना है। तभी इनके बातों पर आ कर छह हजार बेड़ो के एक ऑनलाइन सेंटर से उनके बताए गए खाता नंबर में डाल दिए थे। इसके बाद 19000 कि राशि भेजने के लिए चट्टी आएं थे। तभी साइबर क्राइम के अपराधियों द्वारा ठगी का अहसास हुआ।

## बीडीओ ने कृषक मित्रों के साथ मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना में केवाईसी पर की चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** उपायुक्त लोहरदगा के निर्देशानुसार राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना के तहत केवाईसी को लेकर 03 जुन शनिवार को कैरो बीडीओ पवन कुमार महतो अध्यक्षता में कृषक मित्रों की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित कृषक मित्रों को सूची उपलब्ध कराते हुए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एपी वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना में जो कृषक अब तक छूट गए हैं, वैसे ऋणी किसानों की सूची उपलब्ध कराई जा रही है। जिसके आधार पर सबको ई केवाईसी करवाते हुए इसका लाभ दिलवाना है। और अगर सूची के अनुसार एक राशन कार्ड में एक से ज्यादा नाम होना, मृत होना अथवा कोई कारण है तो उसकी पूरी जानकारी बनाकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में कृषक मित्रों ने कहा कि इस सूची में जो नाम है उनका रिपोर्ट पहले भी उपलब्ध कराई गई है,किंतु वही सूची घूम-घूम कर आती है। ऐसे में कृषक मित्रों को भी परेशानी का सामना करणा पड़ता है। बैठक में प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी अमरेंद्र प्रसाद वर्मा, कुश कुमार सिंह, कुंवर साहू, फुलमनी उरांव, मृत्युंजय तिवारी, हिमायूल अंसारी, समीम अंसारी, ईश्वर दास बाखला, श्रवण मुंडा, बुदू उरांव, रामनाथ उरांव, करमचंद भगत, समिऊल अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## हर गांव, हर गली, हर टोले को दी जा रही है विधायक मद से योजनाएं : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के ढिंगुरपानी भंडारटोली में विधायक मद से बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास विधायक भूषण बाड़ा ने किया। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की समस्या भी सुनी। साथ ही सभी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्य किये जा रहे हैं। आज यहां पीसीसी पथ का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। आने वाले दिनों में ग्रामीणों की अन्य सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में विकास कार्य मे कभी भेदभाव नहीं किया गया है। हर गांव हर गली हर टोले में अपने विधायक मद से योजनाएं दी गई है। इससे हर जाति धर्म के लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि आपके सहयोग के बिना कोई भी कार्य किया जाना असम्भव है। आप सभी संगठित होकर कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़े। संगठन में ही शक्ति है। जब तक हम सभी एक साथ संगठित नहीं रहेंगे क्षेत्र का उतना विकास नही कर पाएंगे। जितना होनी चाहिए। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार भी जनता के हित मे।कई लाभकारी और कल्याणकारी योजना धरातल में उतारा है।

## पर्यावरण संरक्षण का पैगाम देता है इस्लाम : इमरान खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसाइटी के प्रवक्ता इमरान खान पर्यावरण दिवस की पुर्व संध्या पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहते हैं कि आज से चौदह सौ साल पहले जब कुरान शरीफ और हदीस अस्तित्व में आए,तब प्रकृति और पर्यावरण के विषय में बात करना न तो पॉलिटिकली करेक्ट माना जाता था और न ही इसकी जरूरत थी। तब भी कुरान शरीफ और हदीस दोनों में ही जल,जंगल,जमीन को लेकर समस्त प्राणी जगत के बारे में जिस संजीदगी से लिखा गया है,वो अद्भुत और अनुकरणीय है। कुरान और हदीस में वृक्षारोपण और वन संरक्षण की सीख दी गई है। वन्य जीव संरक्षण के तौर-तरीके बताए गए हैं। जल के महत्त्व को बताया गया है.कुरान में अल्लाह के निन्यानवें नाम हैं,जो उनके गुणों पर आधारित है। उन नामों से एक खालिक भी है, जिसका अर्थ होता है-बनानेवाला। इस्लामिक मान्यता के अनुसार सारी कायनात की रचना अल्लाह ने की है। इसलिए इस कायनात का शोषण गुनाह है। अल्लाह ने सृष्टि के संरक्षण की जिम्मेदारी इंसानों को सौंपी है।इस्लाम में वनस्पतियों के महत्व का इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मस्नद-ए-अहमद की एक हदीस में रसूल-ए-पाक़ ने तो ये तक कहा कि अगर कयामत(न्याय का दिन)कायम होने वाली हो और किसी के पास बोने के लिये खजूर की कोई कोंपल हो तो उसे चाहिये कि वह उसे बो दे। उसके इस अमल के बदले उसे अज्र और सबाब मिलेगा। पैगंबर ने अपने अनुयायियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने की सीख दी है। साथ ही बिना जरूरत के पेड़ काटने से मना फरमाए। बुखारी शरीफ की एक हदीस के अनुसार पेड़ लगाना भी एक प्रकार का दान है क्योंकि वृक्ष पक्षियों और कई दूसरे जीवों के लिये आश्रय स्थली बनती है,इसके पत्ते कई जीवों के आहार के काम में आतें हैं और इसकी छाया राहगीरों को शीतलता प्रदान करती है।इतना ही नहीं इस्लाम में राहगीरों को इब्न-ए- सबील अर्थात रास्ते का बेटा कहा गया है इन्हें सफर के दरमियान नमाज व रोजे में छुट दी गई है लेकिन नबी-ए-करीम ने इन्हें दरख्त (पेड़) के नीचे शौच करने से मना किया। नबी-ए-पाक ने जंग में जाते हुए फौज को फसलों और पेड़ पौधों को नुकसान न पहुंचाने की सख्त मना किया। इतना ही नहीं बाग लगाना हजरत अली की पंसदीदा कामों में से एक है। कुरान में पानी को न सिर्फ पाक करार दिया गया है बल्कि इसे अल्लाह की तरफ से इंसान के लिये एक नेअमत बताया गया है- हमने आकाश से पाक पानी उतारा। (सूरह फरकान, 25¬48) पवित्र कुरान कहता है, प्रत्येक जीवन पानी से बना है। इसी तरह सूरह अंबिया में आता है कि अल्लाह ने हर जानदार चीज पानी से बनाई। (सूरह अंबिया, 21:30)। इस्लाम में पानी की बर्बादी की सख्त मनाही तो है ही यहाँ तक की वजू ( नमाज पढ़ने से पहले पानी से ली गई शुद्धि) में एक बूंद भी पानी की बर्बादी से मना किया गया है, साथ ही मुनाफे के लिए इसके उपयोग को गुनाह करार दिया गया है। मनुष्य, जंतु, पक्षी और पेड़-पौधों के लिए पीने योग्य पानी के संरक्षण को नेकी का ही जरिया बताया गया है और मान्यता है कि इससे अल्लाह खुश होते हैं। फैक्ट्री के प्रदूषित पानी को जल स्त्रोत में छोड़ना भी एक तरह से इस्लाम की नजर में गुनाह है क्योंकि इससे जल प्रदूषित होता है और जलचरों के जीवन को नुकसान पहुंचता है। जीव संरक्षण पर भी अनेक हदीस हैं, रसूल-ए अकरम ने जानवरों के साथ हुस्न-ए सुलुक का फरमान दिया,जानवरों से उनकी सेहत के अनुसार काम लेने को कहा। इस्लाम मनोरंजन के लिए जानवरों के इस्तेमाल जैसे मुर्गे की लड़ाई से मना किया गया है। एक मशहूर हदीस है कि अल्लाह ने एक तवायफ की सारी गुनाहों को एक प्यासे कुत्ते को पानी पिलाने की वजह से माफ कर दिया। इसी तरह कुरान शरीफ में पृथ्वी का जिक्र 485 बार हुई है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्यता के साथ आयोजन को लेकर पतंजलि परिवार की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान लोहरदगा जिला इकाई की बैठक आज 4 जून को प्रातः योग सत्र के उपरांत स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने की। बैठक का आयोजन आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने हेतु पतंजलि के पदाधिकारीगण, योग शिक्षक शिक्षिकाएं एवं वरीय अभिभावकों के साथ चर्चा परिचर्चा की गई। बैठक में भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी सह मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण भारती ने कहा कि आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े पैमाने पर कार्यक्रम का आयोजन करने हैं। इस संबंध में सभी योग शिक्षक -शिक्षिकाएं पांच दिवसीय शिविर आयुष विभाग भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत आयोजन करें। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्यता के साथ आयोजन करने हेतु पतंजलि के साथ-साथ अनुषांगिक संगठनों के साथ मिलकर करने हैं। अधिक से अधिक संख्या में शिक्षण संस्थानों से संपर्क कर आयोजन स्थल जल्द तय कर लिए जाएं। साथ ही साथ जिला मुख्यालय के साथ प्रखंड मुख्यालय एवं पंचायत स्तरीय योग दिवस पर शिविर के आयोजन हो। बैठक में पतंजलि राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला प्रभारी जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, वनवासी कल्याण आश्रम के कृपा प्रसाद सिंह, पतंजलि योग समिति के अभय भारती,सह प्रभारी वासुदेव महतो, दिनेश प्रजापति,युवा प्रभारी अंकित अग्रवाल आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए। सभी ने योग दिवस पर बढ़-चढ़कर पूरे जिले को योगमय करने की सहमति दी। बैठक में मुख्य रूप से योग शिक्षिका खुशी भारती, मुनी मिंज, शिक्षिका किरण कुमारी,गोरख पांडे,प्रदीप कुमार, राजेश गुप्ता कृष्णा राम निर्भय भारती शिवराज मौजूद रहे। आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों तैयारियां पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास,युवा भारत आदि सभी प्रकल्पों के साथ पतंजलि परिवार जोर शोर से लग गई है। आने वाले 10 एवं 11 जून को जिला मुख्यालय स्थित सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में प्रोटोकॉल के तहत योग शिक्षकों को विशेष सत्र बुलाया गया है। जिसमें आयुष विभाग भारत सरकार के द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

## चलते चलते एक नजर

### एमएसए स्कूल के मैट्रिक टॉपर को किया सम्मानित

## पोखराहा वासियों के लिए है गौरवान्वित पल : मो. शफीक




**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर निगम अंतर्गत पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल के जैक बोर्ड रिजल्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मेदिनीनगर के टाउन हॉल में हजारों बच्चों और अभिभावकों के बीच तालियों के गड़गड़ाहट में मेरिट सर्टिफिकेट और मेडल पाकर स्कूल फर्स्ट टॉपर अफताब अंसारी, सेकेंड टॉपर रोहित कुमार व थर्ड टॉपर हिबिस्कश प्रसाद, शब्बा आफ़रीन,ओमकार पासवान सभी विद्यार्थियों का चेहरा खुशी से खिल उठा। स्कूल के चेयरमैन मो. शफीक अंसारी ने एक अखबार परिवार को शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि हमारे स्कूल मैनेजमेंट व शिक्षकों का अथक परिश्रम का फल है जो हमारे बच्चे अनेक क्षेत्रों में बेहतर परिणाम देते आ रहे हैं। अफज़ल शफीक ने सभी बच्चों को निरंतर आगे बढ़ते रहने का शुभकामनाएं देते हुए कहा पोखराहा वासियों के लिए आज दिन ऐतिहासिक है। स्कूल के विद्यार्थियों के पुरस्कृत से ग्रामीणों व अभिभावकों में काफी हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ है और अनेक अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन को मिठाईयां खिलाकर बधाई दिया है।

## ट्रेड यूनियन का 14 सूत्री मांगों को लेकर 6 जून को प्रदर्शन

**रांची।** भारतीय ट्रेड यूनियन केन्द्र (सीटू), झारखंड राज्य कमिटी के आह्वान पर , केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीति और झारखंड सरकार के नौकरशाहों के कारपोरेट परस्त रवैये से उपजे मुद्दों से जुड़ी अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड के मजदूर व कर्मचारी 6 जून-2023 को श्रम भवन , रांची के समक्ष विशाल प्रदर्शन करेंगे। जनता के साथ-साथ हमारे देश की स्थिति चिंताजनक एवं गंभीर है और इसके लिए केंद्र सरकार की मौजूदा नीतियां ही जिम्मेदार है ; जो न केवल मजदूर विरोधी किसान विरोधी और जनविरोधी हैं, बल्कि राष्ट्रविरोधी भी हैं। ये नीतियां न केवल हमारी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था बल्कि, हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए भी विनाशकारी साबित हुई है। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के तहत आज देश की मेहनतकश जनता बेरोजगारी एवं मंहगाई के साथ-साथ कल्याणकारी योजनाओं ,सामाजिक सुरक्षा और सब्सिडी के लिए बजटीय आवंटन में लगातार कमी की मार झेल रही है। तथाकथित डबल इंजन वाली पिछली सरकार की नीतियों का प्रभाव झारखंड के मजदूर वर्ग पर अभी भी मंडरा रहा है।

# पर्यावरणविद कौशल का एक करोड़ पौधारोपण करने का है लक्ष्य

### 5 जून 2023 विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के डाली गांव के रहने वाले कौशल किशोर जायसवाल पिछले 56 वर्षो से पर्यावरण संरक्षण अभियान चला रहे है। इस अभियान के तहत पर्यावरणविद शिविर आयोजित कर निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण करते आ रहे है। इतना ही नहीं इस अभियान के तहत वनों की रक्षा के लिए वन वृक्षों पर राखी भी बांधने की परंपरा चलती आ रही है। जिसे वन राखी मूवमेंट का नाम दिया गया है।कौशल किशोर बताते है इस अभियान के तहत अब तक 50 लाख से अधिक पौधों का निशुल्क वितरण के साथ पौधा रोपण भी किया जा चुका है। इसके अलावे 15 लाख से अधिक वन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी आयोजित कर लोगों को जागरूक भी किया जाता है। पर्यावरणविद कौशल नेपाल, भूटान सहित देश के 22 राज्यों के लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ लोगों को दिलाई गई है। साथ ही पर्यावरण धर्म की पाठ भी पढ़ाया गया है। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल अपने निजी खर्चो पर विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण अपने पैतृक गांव डाली बाजार के कौशल नगर स्थित जैविक पार्क में करा रहे हैं। श्री कौशल किशोर डाली गांव में करोड़ों की लागत से जैविक उद्यान व पार्क






विकसित किए हैं। जिसमें 22 देशों के 200 से अधिक विभिन्न प्रजाति के पौधे लगे हैं। इस अभियान के तहत पर्यावरण व प्रकृति को बचाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ काम चल रहे है। 70 वर्षीय कौशल आज भी पूरे उत्साह के साथ इस कार्य में तन्मयता से लगे हुए है। श्री कौशल कहते है कि वे अपना पूरा जीवन पर्यावरण व जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया है। लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ साथ वैवाहिक समारोह में भी शामिल लोगों को उपहार स्वरूप उन्हें पौधा देकर जागरूक किया जाता है। इतना ही नहीं श्री कौशल जन्मोत्सव और श्राद्ध कर्म में भी पौधा लगाकर लोगों को प्रेरित करते हैं। कौशल को अब तक इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के एवज में देश व विदेश में 54 अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। जिसमें इसी वर्ष प्राइड ऑफ झारखंड का अवार्ड केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के द्वारा एवं झारखंड का गौरव नामक अवार्ड केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के हाथों मिला है। इसके अलावे पलामू प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी, पलामू उपायुक्त अंजलायुलु दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा एवं राजभवन में राज्यपाल के द्वारा सम्मान मिला है। पर्यावरण धर्मगुरु अपने जीवन में प्रदूषण से आजादी का जंग जीतने के लिए 10 देशों में पर्यावरण धर्म और वन राखी मूवमेंट का प्रचार जारी रखते हुए एक करोड़ पौधा लगाने का लक्ष्य रखा है।

## गुवाहाटी एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग



**एजेंसी**


**गुवाहाटी।** गुवाहाटी से डिब्रूगढ़ जा रहा इंडिगो के एक विमान में यांत्रिक गड़बड़ी आने के बाद गुवाहाटी हवाई अड्डे पर उसकी इमरजेंसी लैंडिग करानी पड़ी। इस विमान में भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री रामेश्वर तेली, विधायक तेरेस ग्वाला और विधायक प्रशांत फूकन समेत कुल 184 यात्री सवार थे। बताया गया कि इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-2652 ने रविवार सुबह आठ बजकर 40 मिनट पर गुवाहाटी से डिब्रूगढ़ के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन टेक ऑफ के करीब 10 से 12 मिनट बाद पता चला कि विमान में कुछ यांत्रिक खराबी आ गई है। जिसके चलते विमान को वापस आना पड़ा और स्थानीय बोरझार हवाई अड्डे पर विमान की इमरजेंसी लैंडिग करायी गयी। विमान फिलहाल बोरझार हवाई अड्डे पर रनवे नंबर 8 पर खड़ा किया गया। विमान से सभी यात्रियों को उतार लिया गया। इस विमान में केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री रामेश्वर तेली के अलावा भाजपा के दो विधायक तेरेस ग्वाला और विधायक प्रशांत फूकन समेत कुल 184 यात्री सवार थे।

# 2024 तक सभी ट्रेनों में स्थापित होगा कवच

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के बालासोर जिले के बहनागा बाजार स्टेशन पर तीन अलग-अलग पटरियों पर बेंगलुरू-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कोरोमंडल एक्सप्रेस और मालगाड़ियों में तीन-तरफा दुर्घटना हुई। ओडिशा सरकार के विशेष राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार दोनों ट्रेनों के 17 डिब्बे पटरी से उतर गए थे और गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए थे।

जिसमें लगभग 300 यात्रियों की जान चली गई जबकि 900 घायल हो गए। वहीं इन सब के बीच एक नाम बार-बार सामने आ रहा है वह कवच। कवच को लेकर रेल मंत्रालय के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने बताया कि किया ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली (टीसीएएस) या कवच, जिसे पिछले साल परीक्षणों के लिए शुरू किया गया था, अगले साल



ट्रेनों में स्थापित होने की संभावना है। आगे रेलवे के प्रवक्ता ने कहा कि तकनीक देश भर में शुरू की गई है और इसे कई रेलवे लाइनों में उपयोग के लिए भी मंजूरी दी गई है।

**क्या है कवच ?**

भारतीय रेलवे ने चलती ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए बनाई गई स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली को कवच का नाम दिया है। कवच भारतीय उद्योग के सहयोग से अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा एक स्वदेशी रूप से विकसित एटीपी (एंटी ट्रेन प्रोटेक्शन) प्रणाली है। भारतीय रेलवे में ट्रेन संचालन में सुरक्षा के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए दक्षिण मध्य रेलवे ने मार्च 2022 में इसका परीक्षण किया था। यह सम्पूर्ण सुरक्षा स्तर-4 मानकों की एक आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली है।

रेल मंत्रालय की मानें तो कवच न केवल लोको पायलट को सिग्नल पासिंग एट डेंजर (एसपीएडी) और ओवर स्पीडिंग से बचने में मदद करेगा बल्कि खराब मौसम जैसे घने कोहरे के दौरान ट्रेन चलाने में भी मदद करेगा। इस प्रकार, कवच ट्रेन संचालन की सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाएगा।

**यह कैसे काम करता है ?**

कवच ट्रेनों को खतरे (लाल) पर सिग्नल पार करने और टक्कर रोकने के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए है।

यदि चालक गति सीमा के अनुसार ट्रेन को नियंत्रित करने में विफल रहता है तो यह ट्रेन ब्रेकिंग सिस्टम को स्वचालित रूप से सक्रिय करता है।

इसके अलावा, यह ऐसे दो इंजनों के बीच टक्कर को रोकता है जिनमें कवच प्रणाली काम कर रही है।

# मैट्रिक परीक्षा में स्लम क्षेत्र के बच्चों की सफलता से हमें गर्व है : इबरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वार्ड 11 अंतर्गत काँटाटोली स्थित मंगल टॉवर में मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) एवं अंकुर महिला समिति काँटाटोली के संयुक्त तत्वावधान में मैट्रिक 2023 में सफल विद्यार्थियों को बैग,प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें अलीना हसन 93.88 फीसद अंक के साथ इस सम्मान समारोह के टॉपर हुई, अंकित होरो ने 88 फीसद अंक लाकर द्वितीय एवं शायमा फिरदौस तथा अलीजा परवीन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किए। इसके आगे संतोष लकड़ा 84 प्रतिशत , किरण लकड़ा 83 प्रतिशत, डेनिशा ओसिन एक्का 83 प्रतिशत, निशा कुमारी 82 प्रतिशत,मोहम्मद कैफ 81 प्रतिशत, वर्षा बारला 78 प्रतिशत, रूबी कुमारी 78 प्रतिशत, साक्षी कुमारी 77 प्रतिशत, सानिया नाज 76 प्रतिशत, रूबी कुमारी 76 प्रतिशत, विशाल मुंडा 75 प्रतिशत, तानिया परवीन 75 प्रतिशत,मिन्हाज अंसारी 74 प्रतिशत,मोहम्मद सद्दाम कुरैशी 73 प्रतिशत,मनीष कुमार 72 प्रतिशत, कायफा आफरीन 72 प्रतिशत, राहुल राज होरो 72 प्रतिशत,सुशीला भोक्ता 70 प्रतिशत,रौशन टोपनो 70 प्रतिशत,आलिया तबस्सुम 69 प्रतिशत, सानिया परवीन 69 प्रतिशत,अंशराज गोप 68 प्रतिशत,मोहम्मद अल्तमश 65 प्रतिशत, नेहा परवीन 65 प्रतिशत, प्रिया केरकेट्टा 65 प्रतिशत, ऋषि कुमार राम 65 प्रतिशत, कहकशाँ अय्यूब 65 प्रतिशत, अतुल लकड़ा 64 प्रतिशत, मोहम्मद अरहान 64 प्रतिशत, रूही नाज 63 प्रतिशत, तानिया परवीन 62 प्रतिशत, आलिया फिरदौस 62प्रतिशत, तन्वी कुमारी 61 प्रतिशत, पीयूष कुमार 61 प्रतिशत, निशिता तिग्गा 61 प्रतिशत, मोहम्मद आदिल 60प्रतिशत, रेशमा कुमारी 60 प्रतिशत तथा आशा महतो 60प्रतिशत अंकों के साथ सफल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरान के पाठ से कारी तौहीद ने, स्वागत भाषण सोहैल राम एवं धन्यवाद ज्ञापन माही के कार्यकर्ता सरवर इमाम खान ने किया। मंच का सफल संचालन माही के प्रवक्ता मुस्तकीम आलम ने किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे माही के संयोजक इबरार अहमद ने कहा कि सही अर्थ में आज के समारोह की अध्यक्षता का सम्मान इंटरमीडिएट कॉमर्स की सेकंड स्टेट टॉपर महविश परवीन को ही होना चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में जमैतुल एराकीन राँची के सदर हसीब अख़्तर , अंकुर महिला समिति की संस्थापक सचिव फरजाना फारूकी, ग्यासुद्दीन मुन्ना, जमैतुल एराकीन के सेक्रेटरी सैफुल हक, शिक्षाविद अँग्रेजी के जाने माने शिक्षक अब्दुल्लाह कैफी, सरवर इमाम खान, सीपीआई के अजय सिंह,सोहैल राम ने संबोधित किया। मौके पर मोजाहिद ईस्लाम, मोहम्मद शाहजादी खातून, नूरी खातून, मोहम्मद शकील, डॉक्टर नाजिश हसन,परवेज कुरैशी, मुस्तजीम आलम के इलावा माही और जमैतुल एराकीन के सक्रिय सदस्य के साथ-साथ अभिभावक गण भी उपस्थित थें।



## रोलर रोड स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता के चौथ प्रतिभागियों के बीच मैडल का हुआ वितरण

**रांची :** आज खेल गांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में पांच दिवसीय चौथी राष्ट्रीय रोलर रोड स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता के चौथे दिन प्रतियोगिता प्रातः 5 बजे शुरू किया गया।जिसमें विभिन्न राज्यों से आये प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया।प्रतियोगिता में आकर्षण का केन्द्र प्रतियोगिता में भाग ले रहे छोटे-छोटे बच्चे और बच्चियों हैं। आज के रेस का शुभारंभ जॉर्ज कुमार सचिव (अपर शिक्षा) ने किया। इस आयोजन में भाग ले रहे प्रतिभागियों के परिजनों ने आयोजकों की सराहना की एवं इस तरह के आयोजन और रहने खाने व्यवस्था पर प्रसन्ता जाहिर किया। कल शाम में हुई प्रतियोगिता एवं आज के सफल प्रतिभागियों को एस.एस.पी रांची किशोर कौशल एवं जॉर्ज कुमार ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया।

# बिहार से यात्रियों की मदद के लिए बालासोर गई चार सदस्यीय टीम

**एजेंसी**

**पटना।** ओडिशा के बालासोर में बहनागा रेलवे स्टेशन के पास हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना में बिहार के यात्रियों को आवश्यक मदद पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर बिहार के अधिकारियों की चार सदस्यीय टीम ओडिशा गयी है, जो राज्य सरकार, रेलवे तथा बालासोर जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करेगी।चार सदस्यीय टीम में श्रम संसाधन निदेशक श्याम बिहारी मीणा, मुजफ्फरपुर के रेल एसपी डॉ. कुमार आशीष, आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी अविनाश कुमार और एसडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट शहरयार शामिल हैं। आपदा प्रबंधन सचिव संजय कुमार अग्रवाल पूरी मामले की निगरानी कर रहे हैं।आपदा प्रबंधन विभाग ने इस घटना से संबंधित सूचना पाने के लिए हेल्पलाईन नम्बर जारी



किया है। इस ट्रेन हादसे में सुरक्षित बिहार के लोगों को लाने के लिए सरकार ने प्रयास शुरू कर दिया है। फिलहाल प्रथम बैच में 40 यात्रियों को बस से वापस बिहार लाया जा रहा है। इसमें किशनगंज और सीतामढ़ी के दो-दो, अररिया के 24, दरभंगा के नौ, समस्तीपुर के तीन यात्री हैं।इस रेल दुर्घटना में अबतक बिहार के सात लोगों की मौत हो गई है। इसमें उत्तर बिहार के चार, नवादा के दो और जमुई के दो लोग हैं जबकि 36 से अधिक घायल हैं। दस लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। मृतकों में दो मधुबनी के झंझारपुर और एक लदनियां का है। पूर्वी चंपारण के रामगढ़वा के पहले शख्स चिकनी गांव के राजा पटेल (25) हैं, जिनकी मौत की पुष्टि हो गई है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व से जमी भारत की धमक : मुख्यमंत्री योगी



**एजेंसी**

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल में भारत की धमक पूरे विश्व में जमी है। यह देशहित में प्रधानमंत्री मोदी के विजनरी नेतृत्व और परिश्रम का परिणाम है। हालत यह है कि अब संकट के समय दुनिया, भारत और पीएम मोदी की ओर आशा भरी निगाहों से देखती है। मुख्यमंत्री योगी रविवार को मोदी सरकार के 09 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे महासंपर्क महाभियान के तहत गोरखपुर शहर विधानसभा की वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम अपनी बात व उपलब्धियों को स्वयं बताते हैं तो इसका उतना महत्व नहीं होता। पर, जब दुनिया हमारी उपलब्धियों को मानती है और सम्मान देती है तो यह वास्तविक सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अनेक सकारात्मक बदलाव आये हैं। यह भी देश ही नहीं पूरी दुनिया देख रही है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2014 के पहले भारत के नागरिकों, प्रवासियों, भारतवंशियों को वह सम्मान नहीं मिलता था, जिसके वह हकदार थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 09 वर्ष के कार्यकाल में इनका पूरे विश्व में सम्मान बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी के तीन देशों की यात्रा के अभूतपूर्व क्षणों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत और प्रधानमंत्री के प्रति बड़े आकर्षण से हर भारतीय को गर्व है। पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री ने प्रोटोकॉल तोड़कर सूर्यास्त के बाद पीएम मोदी की न केवल अगवानी की बल्कि पैर छूकर उनका अभिवादन भी किया। फिजी व पापुआ न्यू गिनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी इज बॉस कहकर देश का सम्मान बढ़ाया तो अमेरिका के राष्ट्रपति उनका ऑटोग्राफ लेने को लालायित दिखे। यह सब देश के नेतृत्व के सामर्थ्य का परिचायक है।

## तलवार से मारकर जख्मी करने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची :** बेड़ो थाना पुलिस ने तलवार से मारकर बजरंग गोप को जख्मी करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में कोले महतो और भीम महतो शामिल हैं। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गत दो जून को गोयदा गोप ने लिखित आवेदन दिया था कि इनके पुत्र बजरंग गोप पर फुलेश्वर महतो, भीम महतो, बानेशवर महतो, भगत महतो, बासुदेव महतो, राम महतो ,कोले महतो, अनिल महतो और सुनिल महतो ने तलवार से जान मारने की नियत से हमला कर दिया। उसके सिर, गर्दन एवं चेहरा पर गंभीर जख्म कर दिया। जख्मी बजरंग गोप को ग्रामीणों ने आनन-फानन में बेड़ो स्वास्थ केन्द्र पहुंचाया। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए बेड़ो डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में शामिल दो आरोपितों को घर से गिरफ्तार किया ।

# दुनिया के शीर्ष खुफिया एजेंसियों के प्रमुखों की सिंगापुर में हुई गोपनीय बैठक

**एजेंसी**

**सिंगापुर।** सिंगापुर में दुनिया भर की शीर्ष खुफिया एजेंसियों की शांगरी-ला डायलॉग सुरक्षा बैठक हुई, जिसमें लगभग दो दर्जन वरिष्ठ अधिकारियों ने एक गुप्त बैठक की। इसमें भारत की तरफ से रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के प्रमुख सामंत गोयल ने भी इस बैठक में भाग लिया।रिपोर्ट के अनुसार कहा कि इस तरह की बैठकें सिंगापुर सरकार की ओर से कई वर्षों से सुरक्षा शिखर सम्मेलन के साथ एक अलग स्थान पर आयोजित की जाती रही हैं। साथ ही इन बैठकों की सूचना पहले नहीं दी जाती है।

अमेरिका का प्रतिनिधित्व उसके देश के खुफिया समुदाय के प्रमुख, नेशनल इंटेलिजेंस के निदेशक एवरिल हाइन्स ने किया। एक भारतीय सूत्र ने कहा कि भारत की विदेशी खुफिया जानकारी एकत्र करने वाली एजेंसी रिसर्च एंड




एनालिसिस विंग के प्रमुख सामंत गोयल ने भी इस बैठक में भाग लिया।

बैठक से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि यह बैठक अंतरराष्ट्रीय शैडो एजेंडा पर थी। इसमें शामिल देशों की श्रेणी को देखते हुए यह ट्रेडक्राफ्ट का त्योहार नहीं है, बल्कि इरादों और गहरी समझ को बढ़ावा देने का एक तरीका है। खुफिया सेवाओं के बीच एक अनकहा कोड है कि जब अधिक औपचारिक और खुली कूटनीति कठिन होती है, तो वे गुप्त तरीके से बात कर सकते हैं, इसलिए सिंगापुर में यह बैठक आयोजित की जाती है।मामले की संवेदनशीलता के कारण बैठकों पर चर्चा करने वाले सभी पांच स्रोतों की पहचान करने से मना कर दिया गया। इसमें शामिल होने वाले लोगों के लिए यह बैठक लाभकारी साबित होती है।सिंगापुर में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि उसे बैठक के बारे में कोई जानकारी नहीं है। चीनी और भारतीय सरकारों ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया। संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और साझा करने के लिए फाइव आईज नेटवर्क को संचालित करते हैं। सूत्रों में से एक ने कहा कि कोई रूसी प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। यूक्रेन के उप रक्षा मंत्री, वलोडिम्र वी. हैवरीलोव शांगरी-ला इस वार्ता में थे, लेकिन उन्होंने कहा कि वह खुफिया बैठक में शामिल नहीं हुए।शांगरी-ला डायलॉग सुरक्षा की बैठक में 49 देशों के 600 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। उन्होंने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठकें कीं। ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री एंथनी अल्बनीस ने मुख्य भाषण दिया, जबकि अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन, चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफू और ब्रिटेन के प्रतिनिधि भी शामिल हुए थे। जापान, कनाडा, इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया भी इसमें शामिल थे।